संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज    समूह संपादक : रवि भारद्वाज    ऊना, बुधवार, 28 फरवरी 2024 ₹ 2    www.actionindialive.com    facebook.com/actionindialive

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
# एक्शन इंडिया

वर्ष: 13 अंक: 57 पृष्ठ: 12    RNI : HPHIN/2012/48072

actionindiauna@gmail.com    हिमाचल संस्करण    दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group


केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए।

# भारत ने बनाया भ्रूण की उम्र तय करने वाला पहला एआइ माडल

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** भारत ने भ्रूण की उम्र तय करने वाला पहला एआइ माडल बना लिया है। भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आइआइटी) मद्रास और ट्रांसलेशनल हेल्थ साइंस एंड टेक्नोलाजी इंस्टीट्यूट, फरीदाबाद के शोधकर्ताओं ने पहली बार भारतीय आबादी को ध्यान में रखकर ऐसा आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआइ) माडल 'गर्भिनी-जीए2' विकसित किया गया है जो गर्भवती महिला में उसकी दूसरी व तीसरी तिमाही में भ्रूण की सटीक उम्र तय कर सकता है।

**गर्भवती महिलाओं की उचित देखभाल हो सकेगी:** गर्भिनी जैव प्रौद्योगिकी विभाग (डीबीटी) की पहल गर्भ-आइएनआइ है। आइएनआइ का मतलब इंटरडिसिप्लीनरी ग्रुप फार एडवांस्ड रिसर्च आन बर्थ आउटकम है। शोधकताओं ने बताया कि भ्रूण की सटीक उम्र का पता लगने से गर्भवती महिलाओं की उचित देखभाल और सटीक प्रसव तिथियां निर्धारित करने में भी मदद मिलेगी।

**भ्रूण की उम्र का सटीक अनुमान लगेगा:** इस समय भारत में पश्चिमी देशों के लिए विकसित फामूर्ले का उपयोग करके डाक्टर भ्रूण की उम्र निर्धारित करते हैं, इससे त्रुटि की आशंका बढ़ जाती है। शोधकताओं की टीम ने सोमवार को कहा कि 'गर्भिनी-जीए2' नामक माडल भारतीय आबादी के लिए भ्रूण की उम्र का सटीक अनुमान लगाता है, इससे त्रुटि लगभग तीन गुना कम हो जाती है।

**शिशुओं की देखभाल में भी होगा सुधार:** नए माडल से नवजात शिशुओं की देखभाल में भी सुधार के साथ ही मातृ एवं शिशु मृत्यु दर में कमी आएगी।डीबीटी के सचिव डा. राजेश गोखले ने सोमवार को कहा, गर्भिनी गर्भकालीन आयु का अनुमान लगाने के लिए इन जनसंख्या-विशिष्ट माडल का विकास सराहनीय परिणाम है। शोध के निष्कर्ष प्रतिष्ठित जर्नल लैंसेट रीजनल हेल्थ साउथईस्ट एशिया में प्रकाशित हुए हैं। शोधकर्ता और आइआइटी मद्रास के सेंटर फार इंटीग्रेटिव बायोलाजी एंड सिस्टम्स मेडिसिन के समन्वयक डा. हिमांशु सिन्हा ने कहा, आइआइटी मद्रास भारत में जमीनी स्तर पर स्वास्थ्य देखभाल समस्याओं को हल करने में योगदान दे रहा है।

**वर्तमान माडल की तुलना में काफी बेहतर किया प्रदर्शन**

इस उद्देश्य से हम टूल विकसित करने के लिए उन्नत डाटा विज्ञान और एआइ तकनीकों का उपयोग कर रहे हैं। इस दिशा में पहला कदम सटीक जीए माडल विकसित करना है, जो पश्चिमी आबादी का उपयोग करके डिजाइन किए गए वर्तमान में उपयोग किए जाने वाले माडल की तुलना में काफी बेहतर प्रदर्शन करते हैं। शोधकताओं ने गार्भिनी-जीए2 को विकसित करने के लिए आनुवंशिक एल्गोरिदम-आधारित तरीकों का इस्तेमाल किया, जो वर्तमान हैडलाक और हाल के इंटरग्रोथ-21वें माडल की तुलना में अधिक सटीक था।


## आदर्श विचार



"शिक्षा और ज्ञान उसी को मिलता है जिसमें जिज्ञासा होती है।"

भागवद्

## मन की बात



"खुद को कमजोर समझना सबसे बड़ा पाप हैं।"

स्वामी विवेकानंद




# रास चुनाव: हिमाचल में हुआ 'खेला'

## हिमाचल में बड़ा उलटफेर, बहुमत के बावजूद राज्यसभा चुनाव में हारी कांग्रेस

**उलटफेर**

8 वोटों की गिनती के बाद रिटर्निंग अधिकारी द्वारा भाजपा उम्मीदवार हर्ष महाजन को विजयी घोषित कर दिया गया।

**चमन शर्मा:**

**शिमला:** हिमाचल प्रदेश में राज्यसभा (रास) की एकमात्र सीट के लिए मंगलवार को हुए चुनाव में भाजपा के उम्मीदवार की रोमांचक जीत हुई। वोटों की गिनती के बाद रिटर्निंग अधिकारी द्वारा भाजपा उम्मीदवार हर्ष महाजन को विजयी घोषित कर दिया गया। कांग्रेस के उम्मीदवार अभिषेक मनु सिंघवी चुनाव हार गए। कांग्रेस के आधा दर्जन विधायकों ने क्रॉस वोटिंग की है। इस चुनाव में जीत के लिए 35 विधायकों के वोट चाहिए थे। भाजपा और कांग्रेस के दोनों उम्मीदवारों को 34-34 वोट पड़े। वोटों की संख्या बराबर होने पर ड्रॉ ऑफ लॉट्स की प्रक्रिया को अपनाया गया। इसमें हर्ष महाजन विजयी रहे। 68 सदस्यीय विधानसभा में 25 विधायकों वाली भाजपा ने राज्यसभा चुनाव जीत कर स्तब्ध कर दिया है।



**सुक्खू ने भाजपा पर विधायकों को किडनैपिंग के आरोप लगाया**

**नेता** प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा कि कांग्रेस विधायक सुदर्शन बबलू के मामले में आचार संहिता का उल्लंघन हुआ है। प्रदेश सरकार का हेलीकॉप्टर विधायक को लेकर शिमला आता है और मुख्यमंत्री अपनी कार में बिठाकर उन्हें मतदान केंद्र तक लेकर आते हैं। यह आचार संहिता का खुला उल्लंघन है। उन्होंने रिटर्निंग अधिकारी से अंतिम चुनाव परिणाम न आने तक कांग्रेस विधायक के वोट को अवैध करार देने की अपील की है। दूसरी तरफ मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने भाजपा पर विधायकों को किडनैपिंग के आरोप लगाया है। उन्होंने विधानसभा परिसर में मीडिया से अनौपचारिक बातचीत में कहा कि उनके कुछ विधायकों का किडनैप हुआ है और इन्हें ले जा रही बस के चित्र हमें मिले हैं।

राज्यसभा चुनाव में भाजपा उम्मीदवार की जीत से कांग्रेस की सुक्खू सरकार की मुश्किलें बढ़ गई हैं। 29 मार्च को विधानसभा में वितीय वर्ष 2024-25 का बजट पारित होना है। ऐसे में उस दिन कांग्रेस को बहुमत का आंकड़ा साबित करना कांग्रेस सरकार के लिए बड़ी चुनौती रहेगी। उधर, नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर और प्रदेश भाजपा अध्यक्ष राजीव बिंदल ने राज्यसभा चुनाव में कांग्रेस की हार पर सुक्खू सरकार से इस्तीफे की मांग की है।

इससे पहले राज्यसभा की एक सीट पर हुए चुनाव की मतगणना शुरू होते ही मतदान केंद्र में गहमागहमी हुई।

**यह लोकतंत्र के लिए अच्छा नहीं: सीएम**



**सीएम** ने कहा कि हमारे पांच-छह विधायकों को सीआरपीएफ और हरियाणा पुलिस लेकर गई है। यह सब भाजपा कर रही है। विधायकों के परिजन इनसे संपर्क कर रहे हैं। सुक्खू ने कहा कि लोकतंत्र में पक्ष और विपक्ष दोनों रहते हैं लेकिन विपक्ष हिमाचल प्रदेश में गुंडागर्दी पर उतर आया है। उनका कहना है कि विपक्ष की इस हरकत को हिमाचल प्रदेश की जनता कभी स्वीकार नहीं करेगी। उन्होंने कहा कि भाजपा की इस घिनौने खेल को हिमाचल की संस्कृति कभी पसन्द नहीं करती। उन्होंने कहा कि मतगणना के बीच विपक्ष के नेता काउंटिंग हॉल में आकर काउंटिंग अफसरों को धमका रहे हैं। यह लोकतंत्र के लिए अच्छा नहीं है।

विपक्षी दल भाजपा ने प्रदेश सरकार को घेरते हुए आदर्श चुनाव आचार संहिता के उल्लंघन का आरोप जड़ा दिया।

# 'तमिलनाडु को लूटने वाले भाजपा से डरे'

**टीम एक्शन इंडिया**

**पल्लदम:** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपनी केरल यात्रा के बाद मंगलवार को 'एन मन एक मक्कल' पदयात्रा के समापन समारोह में शामिल होने के लिए तमिलनाडु के तिरुपुर पहुंचे। यहां उन्होंने एक सार्वजनिक रैली को संबोधित किया। इस दौरान पीएम मोदी ने जनसभा से कहा कि 2024 में तमिलनाडु आज सबसे ज्यादा चर्चा में है, क्योंकि देश में, तमिलनाडु विकास की राजनीति का सबसे नया जीवंत केंद्र बनने जा रहा है। 2024 में तमिलनाडु इतिहास रचने जा रहा है। आज संपन्न हुई ऐतिहासिक 'एन मन एन मक्कल' पदयात्रा इसका सबसे बड़ा प्रमाण है।' पीएम मोदी ने विपक्षी पर हमला किया और कहा 'दशकों तक तमिलनाडु को लूटने वाले अब भाजपा की बढ़ती ताकत से डरे हुए हैं। वे झूठ बोलकर, लोगों को बांटकर और लोगों को आपस में लड़वाकर अपनी सत्ता बचाना चाहते हैं। लेकिन तमिलनाडु के लोग जितने बुद्धिमान हैं उतने ही साफ दिल के भी हैं। वास्तविकता जानते हैं।' पीएम मोदी ने सभी भाजपा कार्यकर्ताओं से तमिलनाडु के लोगों की सर्वोत्तम सेवा करने का आग्रह किया और यह सुनिश्चित करने को कहा कि भाजपा के तीसरे कार्यकाल का संकल्प तमिलनाडु के प्रत्येक घर तक पहुंचे।



## हवाईअड्डों पर व्हीलचेयर के इस्तेमाल पर एसओपी के पक्ष में सुप्रीम कोर्ट

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को कहा कि वह दिव्यांगों को हवाईअड्डों पर सुविधा के लिए केंद्र सरकार और भारतीय हवाईअड्डा प्राधिकरण (एएआई) समेत अन्य हितधारकों मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) तैयार करने को कहेगा।

# दिल्ली में 4 सीटों पर आप उम्मीदवारों का एलान

**टीम एक्शन इंडिया**



**नई दिल्ली:** आम आदमी पार्टी (आप) ने दिल्ली में चार लोकसभा सीटों पर अपने उम्मीदवारों का एलान कर दिया है। इनमें पूर्वी दिल्ली से कुलदीप कुमार, पश्चिम दिल्ली से महाबल मिश्रा, दक्षिण दिल्ली से सहीराम पहलवान और नई दिल्ली से सोमनाथ भारती शामिल हैं। आम आदमी पार्टी दिल्ली में कांग्रेस के साथ गठबंधन कर मैदान में उतर रही है, जिसमें आप चार और कांग्रेस तीन सीटों पर चुनाव लडेगी। वहीं, हरियाणा की कुरुक्षेत्र सीट से सुशील गुप्ता को उम्मीदवार बनाया है।

**महाबल मिश्रा और कुलदीप कुमार:** आप ने चार में से तीन विधायकों को लोकसभा चुनाव में उतारा है। इनमें कुलदीप कुमार कोंडली, सोमनाथ भारती मालवीय नगर और सहीराम तुगलकाबाद से विधायक हैं।

**सोमनाथ भारती, सहीराम:** महाबल मिश्रा पूर्व में कांग्रेस से पश्चिमी दिल्ली सीट से ही सांसद रह चुके हैं। उनके पुत्र विनय मिश्रा इसी लोकसभा सीट से आप के विधायक हैं। महाबल मिश्रा कुछ माह पहले कांग्रेस को छोड़ कर आप में शामिल हुए थे। कुलदीप कुमार आप से कोंडली से निगम पार्षद रहे हैं। 2020 में कुलदीप कुमार को पार्टी ने एमएलए का चुनाव लड़ाया, और उसके बाद अब पूर्वी दिल्ली से लोकसभा में उतारा है। सही राम पहलवान तुगलकाबाद से आप के दो बार के विधायक हैं। सोमनाथ भारती मालवीय नगर से आप से तीन बार के विधायक हैं। यह 2013 में केजरीवाल की 49 दिन की सरकार में दिल्ली सरकार में मंत्री रहे हैं।

# गगनयान: चार एस्ट्रोनॉट्स जो स्पेस में लहराएंगे भारत का झंडा

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** गगनयान मिशन में शामिल चार एस्ट्रोनॉट्स के नाम का एलान हो गया है। बतौर एस्ट्रोनॉट्स ग्रुप कमांडर प्रशांत बालाकृष्णन नायर, अंगद प्रताप, अजीत कृष्णन, विंग कमांडर शुभांशु शुक्ला स्पेस में जाएंगे। ये चारों भारतीय वायु सेना के टेस्ट पायलट हैं।

**प्रशांत बालाकृष्णन नायर:** ग्रुप कैप्टन प्रशांत बालाकृष्णन नायर केरल से ताल्लुक रखते हैं। ग्रुप कैप्टन प्रशांत बालाकृष्णन नायर (47) ने अपनी स्कूली शिक्षा कुवैत से पूरी की। उन्होंने राष्ट्रीय रक्षा अकादमी से स्नातक की डिग्री हासिल की है।



**क्या है गगनयान मिशन**

**यह** भारत का पहला ऐसा अंतरिक्ष मिशन होगा, जिसमें अंतरिक्ष यात्रियों को कुछ समय के लिए निम्न कक्षा में अंतरिक्ष ले जाया जाएगा। गगनयान मिशन को 2025 में लॉन्च किया जाएगा और इसके तहत दो से तीन अंतरिक्ष यात्रियों को 400 किलोमीटर की निम्न कक्षा में अंतरिक्ष में भेजा जाएगा। दो से तीन दिन अंतरिक्ष में बिताने के बाद उन्हें सुरक्षित वापस हिंद महासागर में समुद्र के भीतर उतारा जाएगा। इसके तहत यह वर्ष काफी महत्वपूर्ण है और मिशन से जुड़ी कई परीक्षण उड़ानें इस वर्ष पूरी कर ली जाएंगी। इन चारों अंतरिक्ष यात्रियों का जिक्र करते हुए पीएम मोदी ने कहा, "मैं चाहता हूं कि हर कोई हमारे अंतरिक्ष यात्रियों का खड़े होकर अभिनंदन करें।"

**शुभांशु शुक्ला:** गगनयान मिशन के चार अंतरिक्ष यात्रियों में से एक विंग कमांडर शुभांशु शुक्ला ने रूस की राजधानी मॉस्को के यूरी गगारिन कॉस्मोनॉट ट्रेनिंग सेंटर में ट्रेनिंग हासिल की है।

**अजीत कृष्णन:** ग्रुप कैप्टन अजीत कृष्णन उन चार अंतरिक्ष यात्रियों में से हैं जिन्हें मिशन के लिए चुना गया था।

**अंगद प्रताप:** इसरो के मुताबिक, ग्रुप कैप्टन अंगद प्रताप ने ग्रुप के अन्य तीन सदस्यों के साथ रूस में 13 महीने तक ट्रेनिंग की है।

# सेना में शामिल हुआ 46-मीटर मॉड्यूलर ब्रिज

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** भारतीय सेना में मॉड्यूलर ब्रिज को शामिल किया गया। मॉड्यूलर ब्रिज को शामिल किए जाने से सेना को किसी भी चुनौतीपूर्ण जगहों पर अपने टैंकों को तैनात करने में आसानी होगी। साथ ही सेना के इंजीनियरों की महत्वपूर्ण ब्रिजिंग क्षमता को बढ़ाएगा। नई दिल्ली स्थित मानेकशॉ सेंटर में आयोजित हुए कार्यक्रम भारतीय सेना ने मंगलवार को 46-मीटर मॉड्यूलर ब्रिज को शामिल करके अपनी ब्रिजिंग क्षमता को बढ़ाया है। इस मॉड्यूलर ब्रिज को डीआरडीओ ने लार्सन एंड टुब्रो के साथ मिलकर डिजाइन और विकसित किया है। इस कार्यक्रम में भारतीय सेना प्रमुख जनरल मनोज पांडे, सीडीएस जनरल अनिल चौहान, सेना, डीआरडीओ और रक्षा मंत्रालय के कई वरिष्ठ अधिकारी और लार्सन एंड टुब्रो (एलएंडटी) के वरिष्ठ अधिकारी शामिल हुए।



**अगले 4 सालों में कुल 41 सेट किए जाएंगे शामिल:** एक वरिष्ठ अधिकारी के मुताबिक, अगले 4 सालों में कुल 41 सेट धीरे-धीरे शामिल किए जाएंगे, जिनकी कीमत 2,585 करोड़ रुपये होगी। पहला सेट आज यानी मंगलवार को सेना में शामिल किया गया। मॉड्यूलर ब्रिज एक मैकेनिकल रूप से लॉन्च किया गया सिंगल-स्पैन, पूरी तरह से डेक वाला 46-मीटर का असॉल्ट ब्रिज है।

# 'मैंने कुछ कहा, कोई इशारा किया...': कमलनाथ

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** लोकसभा चुनाव से पहले पिछले कई दिनों से अटकलें लगाई जा रही थी कि कांग्रेस के वरिष्ठ नेता कमलनाथ बीजेपी में शामिल हो सकते हैं। हालांकि, इस पर कांग्रेस के कई बड़े नेताओं ने विराम लगाते हुए कहा कि यह महज अफवाह है, लेकिन अब खुद कमलनाथ का बयान सामने आया है। दरअसल, अटकलों के बीच कमलनाथ ने बीजेपी जॉइन करने के सवालों पर सवालिया लहजे में ही जवाब देते हुए कहा कि क्या कभी मेरे मुंह से सुना कि मैं कहीं जा रहा हूं। खुद पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ का बयान सामने आया है। गौरतलब है कि मंगलवार (27 फरवरी) कमलनाथ चार दिवसीय दौरे पर छिंदवाड़ा पहुंचे हैं।



# एनआईए ने 16 स्थानों पर छापेमारी की

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने खालिस्तान और संगठित अपराधियों के गठजोड़ के खिलाफ चल रही जांच के तहत मंगलवार को पंजाब और राजस्थान में 16 स्थानों पर छापेमारी की और छह लोगों को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया। एनआईए की छापेमारी 16 ठिकानों पर चल रही है, जिसमें पंजाब के 14 और राजस्थान के दो ठिकाने शामिल हैं। एनआईए की जांच में आतंकवादियों, गैंगस्टरों और ड्रग तस्करों के बीच सांठगांठ को नष्ट करने के प्रयास शामिल हैं। एनआईए का लक्ष्य फंडिंग चैनलों सहित नेक्सस के बुनियादी ढांचे को नष्ट करना है। एजेंसी ने राज्य पुलिस बलों के साथ निकट समन्वय में मंगलवार सुबह से ही तलाशी अभियान चलाया है। कुछ खास इनपुट के आधार पर छापेमारी की जा रही है। जिन स्थानों की तलाशी ली जा रही है वे खालिस्तानी समर्थकों और आपराधिक सांठगांठ में शामिल लोगों के साथ संबंध रखने वाले संदिग्धों के आवासीय और अन्य परिसर हैं।



**छापेमारी**

8 एनआईए की छापेमारी 16 ठिकानों पर चली, जिसमें पंजाब के 14 और राजस्थान के दो ठिकाने शामिल

**बजट पेश**

## सीएम धामी ने बजट को बताया संतुलित और विकासोन्मुखी, कहा- पीएम के बताए चार स्तंभों को समर्पित

# उत्तराखंड विस सत्र : धामी सरकार ने पेश किया 89230.07 हजार करोड़ का बजट

**टीम एक्शन इंडिया**

**देहरादून:** उत्तराखंड सरकार ने मंगलवार को वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए 89230.07 हजार करोड़ का आय-व्ययक (बजट) विधानसभा में पेश कर दिया। वित्त मंत्री की ओर से 4737.13 करोड़ का राजस्व सरप्लस बजट होने का दावा किया गया है, हालांकि राजकोषीय घाटा 9416.43 करोड़ होने का अनुमान है। मुख्यमंत्री पुष्कर धामी की मौजूदगी में वित्त मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल ने अपराह्न 12:30 बजे सदन में वर्ष 2024-25 का बजट प्रस्तुत किया। इससे पूर्व राज्य आंदोलनकारियों को श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने देवभूमि उत्तराखंड की जनता को नमन भी किया। समान नागरिक संहिता (यूसीसी) की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि इसमें मातृशक्ति का उत्थान का विशेष ख्याल रखा गया है। वित्त मंत्री ने कहा कि यह बजट राज्य के विकास के लिए है। वित्त मंत्री अग्रवाल ने कहा कि यह बजट एक ऐसी अवसंरचना का निमार्ता है जो वर्तमान के साथ-साथ भविष्य की आवश्यकता को ध्यान में रख कर निर्मित होगा। सशक्त उत्तराखंड के लक्ष्यों को समयबद्ध ढंग से प्राप्त करने में सहायक होगा तथा सतत विकास के लक्ष्यों को तीव्रगति से प्राप्त किया जा सकेगा। हमारी मंजिल सशक्त उत्तराखंड है। "अग्रणी उत्तराखंड " हमारी सरकार का विकल्प रहित संकल्प है। देवभूमि की महान जनशक्ति की सामूहिक ऊर्जा से सशक्त उत्तराखंड के निर्माण के लिए वित्तीय वर्ष 2024-25 के बजट अनुमान पेश किए जा रहे हैं। वित्त मंत्री ने अपने बजट भाषण में कहा कि वित्तीय वर्ष 2024-25 में कुल प्राप्तियां 88597.11 करोड़ अनुमानित हैं जिसमें 60552.90 करोड़ राजस्व प्राप्तियां और 28044.21 करोड़ पूंजीगत प्राप्तियां हैं। सदन में पेश आय-व्ययक के अनुसार वित्तीय वर्ष 2024-25 में राजस्व प्राप्तियों में कर राजस्व 36146.47 करोड़ है, जिसमें केन्द्रीय करों में राज्य का अंश 13637.15 करोड़ सम्मिलित है। राज्य के स्वयं के स्रोतों के कुल अनुमानित राजस्व प्राप्ति 27382.70 करोड़ में कर राजस्व 22509.32 करोड़ और करेत्तर राजस्व 4873.38 करोड़) अनुमानित है। स्वास्थ्य और शिक्षा पर कुल प्रावधान 15,376 करोड़ का प्रावधान रखा गया है।



**प्रदेश का बजट**

8 वेतन-भत्तों और पेंशन पर होगा 26636 करोड़ खर्च, कर्ज का ब्याज चुकाने के लिए 6636 .44 करोड़ का किया है प्रावधान

# 'वैश्विक डिजिटल भुगतान का 46 प्रतिशत भारत में किया जाता है'

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने मंगलवार को फिक्की के राष्ट्रीय सम्मेलन को संबोधित किया। इस अवसर पर विकसित भारत और उद्योग विषय पर बोलते हुए अनुराग ठाकुर ने सबसे पहले करदाताओं के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि यह ईमानदार करदाताओं के कारण है कि सरकार कॉर्पस के प्रत्येक पैसे को निर्देशित करने में सक्षम है। पहले आवंटित धन का केवल एक अंश ही इच्छित लाभार्थियों तक पहुंच रहा था, जिसे देखते हुए मोदी सरकार ने यह सुनिश्चित किया कि जारी किया गया सारा पैसा प्राप्तकर्ता तक सीधे उनके बैंक खातों में पहुंचे। यूपीआई को अपने वादों को पूरा करने के सरकार के संकल्प की एक मिसाल बताते हुए उन्होंने कहा कि जब यूपीआई लॉन्च किया गया था तो इसकी प्रभावशीलता के बारे में बहुत सारे संदेह थे। आज यूपीआई ने समाज के सभी वर्गों और देश के सभी कोनों में प्रवेश कर लिया है। उन्होंने कहा, "आज दुनिया में सभी डिजिटल भुगतान का 46 प्रतिशत भारत में किया जाता है और दुनिया हमारी तकनीकी क्षमता के लिए हमारी ओर देख रही है।"

# हिमाचल प्रदेश विधानसभा में सत्तापक्ष और विपक्ष का जबरदस्त हंगामा

## उस समय हंगामा शुरू हुआ जब विपक्ष ने स्वास्थ्य विभाग को लेकर लाए गए कटौती प्रस्ताव को लेकर ध्वनिमत से करवाए गए मत विभाजन पर विपक्ष ने कड़ी आपत्ति जताई

**चमन शर्मा**

**शिमला:** हिमाचल प्रदेश विधानसभा में मंगलवार को सत्ता पक्ष और विपक्ष ने एक-दूसरे के खिलाफ जबरदस्त हंगामा किया। नौबत यहां तक आ गई विधानसभा की कार्यवाही पहले कोरम पूरा न होने के कारण स्थगित कर दी गई और दूसरी बार सत्ता पक्ष और विपक्ष द्वारा एक-दूसरे के खिलाफ किए गए हंगामे के कारण बुधवार तक के लिए स्थगित करनी पड़ी। इस दौरान विपक्षी दल भाजपा ने दावा किया कि सरकार ने अपना बहुमत खो दिया है। मंगलवार को भोजनावकाश के बाद उस समय हंगामा शुरू हुआ जब विपक्ष ने स्वास्थ्य विभाग को लेकर लाए गए कटौती प्रस्ताव को लेकर ध्वनिमत से करवाए गए मत विभाजन पर



विपक्ष ने कड़ी आपत्ति जताई। नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने सदन की कार्यवाही शुरू होते ही यह मामला उठाया और कहा कि विपक्ष ने कटौती प्रस्तावों को मत विभाजन के लिए रखने की मांग की, लेकिन इसके विपरीत सदन में इसे ध्वनिमत से पारित करवा दिया गया। उन्होंने दावा किया कि सरकार ने सदन में बहुमत खो दिया है, इसी कारण कटौती प्रस्तावों पर मत विभाजन से सरकार भाग गई। उन्होंने यहां तक कह डाला कि अब इस सरकार को तो भगवान भी नहीं बचा जा सकता। राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी ने इस दौरान सरकार के बचाव करते हुए कहा कि सदन के भीतर कांग्रेस के 33 से अधिक विधायक मौजूद थे, जबकि विपक्ष के 25 विधायक उपस्थित थे। इसलिए अध्यक्ष ने ध्वनिमत से कटौती प्रस्तावों को नामंजूर करने का सही फैसला लिया। उन्होंने कहा कि सत्ता पक्ष के विधायकों की संख्या कम होने पर ही मत विभाजन किया जाता है। लेकिन सरकार के पास चूंकि बहुमत थाए ऐसे में मत विभाजन का सवाल ही पैदा नहीं होता। इस दौरान भाजपा सदस्य विपिन परमार ने भी अपना पक्ष रखा और मत विभाजन न करवाए जाने पर ऐतराज जताया। इस दौरान दोनों ओर से शोर गुल होने लगा और देखते ही देखते हंगामा हो गया और सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच तीखी नोक.झोंक और नारेबाजी हुई। इस दौरान सदन में भारी हंगामे की स्थिति को देखते हुए विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने सदन की कार्यवाही बुधवार सुबह 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दी। इस सारे घटनाक्रम दिलचस्प बात यह रही कि न केवल विपक्ष, बल्कि सत्ता पक्ष के विधायक भी एक-दूसरे के खिलाफ नारेबाजी करते हुए सदन से बाहर चले गए। इससे पूर्व, विपक्षी दल भाजपा के सदस्यों ने कटौती प्रस्तावों को नामंजूर करने और सदन की कार्यवाही स्थगित करने को लेकर विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया के चैंबर तक भी मार्च किया और विरोध जताया। इस दौरान भाजपा विधायकों ने जबरन विधानसभा अध्यक्ष के कक्ष में प्रवेश का भी प्रयास किया। विपक्ष पर दुर्व्यवहार का आरोप मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने बाद में पत्रकारों से बात करते हुए विपक्ष पर सत्ता पक्ष के विधायकों से दुर्व्यवहार का आरोप लगाया। उन्होंने यह भी कहा कि विपक्ष ने कांग्रेस के विधायकों को धमकाया। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में सभी को बोलने का अधिकार है और कांग्रेस के विधायक भी उनमें शामिल हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि सदन में संख्या बल कांग्रेस के पक्ष में है और कांग्रेस ने व्हिप भी जारी किया था। ऐसे में भाजपा का हंगामा तर्कसंगत नहीं है। उन्होंने कहा कि व्हिप जारी होने के बावजूद सदन में मौजूद नहीं थे, उनके खिलाफ कार्रवाई के बारे में विचार किया जाएगा। भाजपा ने भी लगाया दुर्व्यवहार का आरोप नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने विधानसभा परिसर में पत्रकारों से बात करते हुए आरोप लगाया कि जब भाजपा विधायक विधानसभा अध्यक्ष के कक्ष में अपनी आपत्ति दर्ज करने जा रहे थे तो वहां मौजूद मार्शलों ने उनके साथ दुर्व्यवहार किया और धक्के दिए। उन्होंने कहा कि मार्शलों ने पूर्व विधानसभा अध्यक्ष विपिन सिंह परमार का कॉलर तक पकड़ लिया। जयराम ठाकुर ने कहा कि बाद में भाजपा के कुछ विधायकों ने विधानसभा अध्यक्ष से मिलकर अपनी नाराजगी जताई और मार्शलों द्वारा किए गए दुर्व्यवहार के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि विधानसभा में आज जो कुछ हुआए वह हिमाचल के इतिहास में काले दिन के रूप में दर्ज किया जाएगा। उन्होंने कहा कि भाजपा की न केवल मत विभाजन की मांग नामंजूर की गई, बल्कि इस आधार पर सदन को स्थगित कर दिया कि सदन में पूरी तरह अव्यवस्था थी। उन्होंने कहा कि भाजपा बुधवार को सदन में सरकार के अल्पमत में होने का मामला फिर से उठाएगी।

## न्यूज फ्लैश

### राजगढ़ में बाइक सवार युवक चरस सहित गिरफ्तार

**एसपी जैरथ**

**नाहन: जिला सिरमौर** के उपमंडल राजगढ़ में पुलिस ने 30 ग्राम चरस सहित एक 25 वर्षीय युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर आगामी कार्यवाही शुरू कर दी है। आरोपी की पहचान कपिल छाजटा पुत्र दलीप सिंह गांव माटली डाकघर जरवा जनेली तहसील वा थाना शिलाई जिला सिरमौर के रूप है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, पुलिस की टीम ने कल शाम करीब 6:50 बजे गश्त के दौरान अशोका गेस्ट हाउस थाना राजगढ़ के पास एक बाइक (एसपी-63ए-9271) को तलाशी के लिए रोका। तलाशी के दौरान बाइक की सीट के नीचे प्लास्टिक का लिफाफा बरामद हुआ। जब उसकी जांच की गई तो उसमें से 30 ग्राम चरस बरामद हुई। जिसके बाद उन्होंने आरोपी युवक के खिलाफ मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार किया। एसपी रमन कुमार मीणा द्वारा मामले की पुष्टि की गई है।

### मुख्यमंत्री सुक्खू ने दिया भाजपा दुष्प्रचार का करारा जवाब: जितेंद्र ठाकुर

**खेमचंद शास्त्री**



**मंडी: प्रदेश कांग्रेस कमेटी** के सचिव जितेंद्र ठाकुर ने कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह ने रविवार को जिला लाहौल स्पीति से महिलाओं को मासिक 1500 रुपए देने की योजना की शुरूआत कर पार्टी की चुनाव गारंटीयों को चरण विद तरीके से पूरा करने की दिशा में कदम आगे बढ़े। जितेंद्र ठाकुर ने कहा कि इंदिरा गांधी महिला सम्मान निधि की शुरूआत जनजातीय क्षेत्र से शुरूआत की है। मुख्यमंत्री ने जहां एक और दुर्गम क्षेत्र की महिलाओं को तोहफ ा दिया वहीं विपक्ष की भारतीय जनता पार्टी द्वारा कांग्रेस की गारंटीयों को लेकर किया जा रहे हैं दुष्प्रचार को भी जनता के सामने वेकनाव करने में वह कामयाब रहे। उन्होंने कहा कि प्रदेश की आर्थिक स्थिति कमजोर होने के बावजूद कांग्रेस की सरकार लोगों को दी गई सभी 10 गारंटीयों को 5 साल के अपने कार्यकाल में पूरा करने के लिए कृत संकल्प है। इसके अलावा वर्ष 2027 तक प्रदेश को आत्मनिर्भर बनाने के लिए इस साल के बजट में कारगर योजना को शामिल किया गया है । उन्होंने कहा की लोकसभा चुनाव में कांग्रेस 14 माह में व्यवस्था परिवर्तन के तहत लिए गए निर्णय और विकास की मुद्दों को लेकर जनता के बीच जाएगी और आने वाले लोकसभा चुनाव में हिमाचल की चारों सीटों पर सीटों पर कांग्रेस पार्टी के उम्मीदवार भारी मतों से विजय होंगे।

### 4 मार्च को हिमाचल प्रदेश से रामभक्तों की दूसरी ट्रेन अंब से चलेगी: कटवाल

**चमन शर्मा**



**शिमला: भारतीय जनता** पार्टी हिमाचल प्रदेश के प्रदेश उपाध्यक्ष संजीव कटवाल ने कहा कि अयोध्या में भगवान श्री राम जी के मंदिरे निर्माण तथा साथ ही रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद 5 फ रवरी, 2024 को हिमाचल प्रदेश से रामभक्तों की पहली ट्रेन अयोध्या धाम के लिए रवाना हुई थी। उस ट्रेन में हिमाचल प्रदेश के ऊना, बिलासपुर और हमीरपुर सहित जिलों से राम भगत अयोध्या दर्शन के लिए गए थे। वह ट्रेन अम्ब.अंदौरा रेलवे स्टेशन से अयोध्या के लिए गई थी। उन्होंने कहा कि यह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अपार तपस्या के कारण सदियों-सदियों के बाद यह कार्य सफ ल हुआ है। लालकृष्ण अडवाणी, अशोक सिंघल, विश्व हिन्दू परिषद के हजारों कार्यकर्ता, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ और उनके अनुसांगिक संगठन सबकी जो तपस्या रही उसको फलीभूत करने का काम नरेन्द्र मोदी ने किया।प्रदेश उपाध्यक्ष संजीव कटवाल ने कहा कि 4 मार्च को हिमाचल प्रदेश से रामभक्तों की दूसरी ट्रेन जा रही है और यह ट्रेन अम्ब

# न्यूनतम सेवाकाल पूर्ण नहीं करने वाले सेवानिवृत्त कर्मचारियों को पेंशन नहीं देगी सरकार

**चमन शर्मा**

**शिमला: प्रदेश सरकार** 10 वर्ष का न्यूनतम सेवाकाल पूरा नहीं करने वाले सेवानिवृत्त अपने कर्मचारियों को पेंशन नहीं देगी। विधायक लोकेंद्र कुमार के मूल प्रश्न के उत्तर में उद्योग मंत्री हर्षवर्धन चौहान ने कहा कि अनुबंध के आधार पर की गई नौकरी को सीसीएस पेंशन नियम 1972 के तहत पेंशन लाभ के लिए नहीं गिना जाता है। ऐसे में पेंशन प्राप्त करने के लिए न्यूनतम नियमित सेवा का 10 वर्ष का कार्यकाल होना अनिवार्य है। उन्होंने कहा कि नई पेंशन योजना से पुरानी पेंशन योजना में 3899 कर्मचारियों को महालेखाकार कार्यालय द्वारा पेंशन प्राधिकृत की जा चुकी है। विधायक डॉ. हंस राज के एक सवाल के जवाब में उद्योग मंत्री हर्षवर्धन चौहान ने कहा कि हिमाचल प्रदेश कर्मचारी चयन आयोग हमीरपुर को पेपर लीक और अन्य अनियमितताओं के कारण 21 फ रवरी 2023 को भंग किया गया था। उन्होंने कहा कि भविष्य में पारदर्शी तरीके से करने के लिए हिमाचल प्रदेश राज्य चयन आयोग की 30 सितंबर 2023 को स्थापना कर दी गई है। ऐसे में हिमाचल प्रदेश कर्मचारी चयन आयोग को बहाल करने का सवाल ही पैदा नहीं होता। उन्होंने कहा कि आयोग द्वारा ली गई परीक्षाओं के लंबित परिणामों पर फैसला लेने के लिए एक कैबिनेट सब कमेटी गठित की गई है। इस कमेटी की सिफारिशें आने के बाद इन परीक्षा परिणामों को घोषित करने का फैसला लिया जाएगा। इनमें जेओए-आईटी का परिणाम भी शामिल है। उन्होंने कहा कि भविष्य में आयोग के माध्यम से भर्तियों में कोई कानूनी अड़चन न आए, इसके लिए सरकार फू लप्रूफ सिस्टम पर काम कर रही है। विधायक दलीप ठाकुर के एक सवाल के जवाब में उद्योग मंत्री ने कहा कि जिन विधायकों की विधायक प्राथमिकता की डीपीआर अभी तक नहीं बनी है, उन्हें प्राथमिकता के आधार पर तैयार किया जाएगा। उन्होंने कहा कि पिछले तीन वर्षों में विधायक प्राथमिकताओं के तहत 1150 योजनाएं प्राप्त हुई हैं। इनमें से 305 की डीपीआर तैयार की जा चुकी है, जबकि 782 योजनाओं की डीपीआर विभागों के पास लंबित है। इसके अलावा 63 विधायक प्राथमिकताएं अव्यवहारिक पाई गई हैं। उन्होंने कहा कि बीते तीन सालों के दौरान नाबार्ड द्वारा 537 विधायक योजनाओं के लिए 3214.25 करोड़ रुपए की राशि स्वीकृत की गई। इनमें से 370 योजनाओं पर कार्य शुरू कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि नाबार्ड की इन योजनाओं में से 12 का कार्य पूरा भी कर लिया गया है। विधायक विनोद कुमार के एक सवाल के जवाब में ग्रामीण विकास व पंचायतीराज मंत्री अनिरुद्ध सिंह ने कहा कि बरसात के कारण घरों के आगे गिरे सभी डंगों को मनरेगा के तहत लगाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि अभी तक जो डंगे नहीं लगे हैं, उन्हें मनरेगा के तहत इसी साल लगा दिया जाएगा। इसी प्रश्न के उत्तर में कृषि मंत्री चंद्र कुमार ने कहा कि नाचन विधानसभा क्षेत्र में बरसात के कारण 3919 लोगों के घरों के आगे भूस्खलन हुआ। इनमें से 1829 लोगों के डंगे लगाए जा चुके हैं। विधायक केवल सिंह पठानिया और विपिन सिंह परमार के एक सवाल के जवाब में स्वास्थ्य मंत्री कर्नल धनीराम शांडिल ने कहा कि प्रदेश में इस समय 677 फ ार्मा यूनिट स्थापित हैं। उन्होंने कहा कि वित्त वर्ष 2023-24 के दौरान 15 जनवरी तक बद्दी-बरोटीवाला-नालागढ़ में विभिन्न फार्मा कंपनियों में दवाईयों के 374 सेंपल फेल हुए हैं।

उन्होंने कहा कि जिन कंपनियों की दवाइयों के सेंपल फेल हुए हैं, उनके खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जा रही है।

### बलद्वारा के दमेली में होगा श्रीमद भगवत कथा का आयोजन

**खेमचंद शास्त्री**

**मंडी: उपमंडल सरकाघाट** के बलद्वारा स्थित दमेली में श्रीमद् भागवत महायज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। यह जानकारी यज्ञ आचार्य पंडित कुमार सानू ने दी। उन्होंने बताया कि एक मार्च को कलश यात्रा निकली जाएगी तथा उसी दिन से कथा व्यास सतीश शर्मा के मुखारविंद से कथा भी सुनाई जाएगी। यह आयोजन 9 मार्च तक चलेगा। उन्होंने कहा कि एक मार्च को दोपहर 1 बजे कलश यात्रा होगी तथा उसके बाद श्रीमद् भागवत महापुराण की कथा का प्रवचन भी शुरू होगा। इस कथा का आयोजन शिव मंदिर कमेटी व अन्य भक्तगण करवा रहे हैं।

## विधानसभा में गूंजा ब्लूम्ज कॉलेज के छात्रों का मामला

**चमन शर्मा**

**शिमला: मंडी जिले** के नाचन विधानसभा क्षेत्र में स्थित ब्लूम्ज कॉलेज के 95 बीएड छात्रों का भविष्य दांव पर लगने का मामला मंगलवार को हिमाचल प्रदेश विधानसभा में गूंजा। नाचन के विधायक विनोद कुमार ने प्रश्नकाल के बाद प्वाइंट ऑफ आर्डर के तहत यह मामला उठाते हुए सरकार से इस मामले में तुरंत हस्तक्षेप करने की मांग की ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि इन छात्रों को परीक्षा में बैठने के लिए रोल नंबर मिल जाए, क्योंकि इनकी परीक्षाएं पांच मार्च से शुरू



होने वाली हैं। विनोद कुमार ने कहा कि इन 95 छात्रों को 12 दिसंबर, 2023 को आयोजित काउंसलिंग के बाद ब्लूम्ज कालेज में प्रवेश दिया गया था। उन्हें योग्यता के आधार पर प्रवेश दिया गया था, लेकिन अब उनका भविष्य दांव पर है, क्योंकि उन्हें पांच मार्च से शुरू होने वाली परीक्षाओं के लिए अपना रोल नंबर नहीं मिला है। विनोद कुमार ने मांग की कि सरकार को या तो सरदार पटेल विश्वविद्यालय मंडी और ब्लूम्ज कालेज के बीच इस मुद्दे को सुलझाना चाहिएए या फिर इन बच्चों को किसी अन्य कालेज में स्थानांतरित करना चाहिए। विनोद कुमार ने कहा कि ये बच्चे रोल नंबर हासिल करने के लिए कालेज और विश्वविद्यालय से लेकर शिमला तक दौड़े हैं और शिक्षा मंत्री से भी मिले हैं, लेकिन इसके बावजूद उनकी समस्या का हल नहीं हुआ है। इस कारण इन बच्चों के मां-बाप भी बहुत चिंतित हैं।

### सडक सुरक्षा को लेकर रोहन ने दिया सबसे बढिया भाषण

**राजन पुरी**

**ऊना:** राजकीय महाविद्यालय हरोली में मंगलवार को सडक सुरक्षा के अंतर्गत भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में प्रधानाचार्य प्रोफेसर राठोर ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की।

इस प्रतियोगिता में महाविद्यालय के 16 विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। इसमें रोहन ने प्रथम स्थान ईशांत, शुशमीत और खुशवीर ने द्वितीय और सागर एवं सरबजीत ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस प्रतियोगिता में सभी बच्चों ने अपने अपने विचार प्रकट करते हुए सडक सुरक्षा के नियमों का पालन करने के लिए आग्रह किया।

## ऑडिशन के लिए मंडी के 110 से अधिक कलाकारों ने दिखाई प्रतिभा

**खेमचंद शास्त्री**

**मंडी: मंडी अंतरराष्ट्रीय** शिवरात्रि महोत्सव-2024 में सांस्कृतिक संध्याओं में कार्यक्रम प्रस्तुति के लिए कलाकारों के चयन को लेकर जिला मुख्यालय पर ऑडिशन आरम्भ हो गए। चयन प्रक्रिया 2 मार्च तक जारी रहेगी। ऑडिशन पड्डुल मैदान स्थित टेनिस हॉल में प्रतिदिन प्रातः 10:30 बजे से आरम्भ होंगे। यह जानकारी देते हुए सांस्कृतिक कार्यक्रम उप समिति के संयोजक एवं अतिरिक्त उपायुक्त रोहित राठौर ने बताया कि सोमवार को मंडी सदर, कोटली, पधर और धर्मपुर उपमंडल के कलाकारों के ऑडिशन लिए गए। इस दौरान



110 से अधिक कलाकारों ने चयन प्रक्रिया में अपनी प्रतिभा दिखाई। शेड्यूल के मुताबिक 27 फ रवरी को सुंदरनगर, बल्ह, बालीचौकी और जोगिन्द्रनगर उपमंडल और 28 को करसोग, गोहर, सराज, सरकाघाट उपमंडल के कलाकारों के ऑडिशन लिए जाएंगे।

## शिवरात्रि से पहले लंबित काम पूरा करने का अल्टीमेटम नहीं तो मुख्यमंत्री के सामने 9 मार्च को करेंगे प्रदर्शन




**खेमचंद शास्त्री**

**मंडी: मंडी नगर** निगम क्षेत्र में रेहड़ी-फ हड़ी वालों की लंबे अरसे से पैंडिंग मांगो को पूरा न करने के विरोध में निगम कार्यालय में हुई निगम की बैठक में मेयर, पार्षदों और अधिकारियों का घेराव किया और नारेबाजी की गई। जिसके चलते मेयर और कमिश्नर को मीटिंग से उठ कर बाहर आना पड़ा और उन्होंने मांगे जल्द पूरा करने का आश्वासन दिया। उग्र प्रदर्शन के माध्यम से निगम को लंबित मांगे एक सप्ताह में पूरा करने का अल्टीमेटम दिया। सीटू जिला अध्यक्ष ने बताया कि मंडी नगर निगम में लगभग तीन सौ रेहड़ी फहड़ी मजदूर अपनी आजीविका कमाने का काम लम्बे अर्से से करते हैं और दर्जनों सीज?ल वेंडर्ज भी यहां समय समय पर आते हैं। जिन्हें स्ट्रीट बेंडर कानून 2014 के अनुसार पंजीकृत करना, उन्हें लाइसेंस जारी करना तथा बेंडिंग स्थानों का चुनाव करके उन्हें आवंटित करने तथा सभी को पहचान पत्र और नाम पटीकाएं जारी करने का काम निगम को करना था। जिसको निगम ने अब तक पूरा नहीं किया है। गुजराती मार्केट के लिए गेट व शौचायल की सुविधाए पंचवख्तर समुदाय के वांडर्स को पहचान पत्र देने तथा पड्डुल पार्किंग में लाईनें लगाने से उत्पन हुई समस्याओं का हल करने और रेहडि?ों के बीच में जगह खाली छोड? के लिए दोबारा से लाईनें लगाने की मांग यूनियन ने की थी। लेकिन गत वर्ष जून माह से अब तक टाउन वैंडिंग कमेटी की 5 बैठकें तथा सात बार यूनियन द्वारा अलग-अलग समय पर मांगपत्र देने और उस समय लंबित कामों को जल्द पुरा करने बारे समझौता वार्ता होती रही है।

## इकलौते बेटे की नृशंस हत्या करने वाला सिरसा से काबू

**चमन शर्मा**

**शिमला: हिमाचल की** राजधानी शिमला के मालरोड पर पुलिस सहायता कक्ष के सामने रेस्टोरेंट के कर्मचारी की तेजधार हथियार (गंडासी) से हत्या करने वाले आरोपी को पुलिस ने दबोच लिया। पुलिस ने 30 साल के सतिंदर पाल नाम के आरोपी को हरियाणा के सिरसा से गिरफ्तार किया है। पुलिस उसे शिमला ले आई है। कोर्ट में पेश कर रिमांड पर लिया जाएगा। आरोपी के विरुद्ध पुलिस ने सदर थाना में आईपीसी की धारा 302 के तहत हत्या का मुकदमा दर्ज किया है। आरोपी हरियाणा का रहने वाला है और शिमला के मॉल रोड के एक रेस्टोरेंट में काम करता था। पिछली रात अभियुक्त ने ऊपरी



मंजिल पर स्थित एक रेस्टोरेंट के कर्मचारी को मौत के घाट उतार दिया था। वारदात को अंजाम देने के बाद वह मौका ए वारदात से फ रार हो गया था। पहले वह कसुम्पटी गया, फि र बस स्टैंड से चंडीगढ़ होते हुए सिरसा जा पहुंचा था। पुलिस ने अभियुक्त को पकड? के लिए जाल बिछाया और मोबाइल लोकेशन व अन्य इनपुट के जरिये बीती रात उसे सिरसा में दबोच लिया। एसपी संजीव गांधी ने अभियुक्त की गिरफ्तारी की पुष्टि की है। उन्होंने बताया कि बीती रात अभियुक्त को सिरसा से गिरफ्तार कर लिया गया है। अब उसे कोर्ट में पेश किया जाएगा।बता दें कि आरोपी ने रेस्टोरेंट कर्मी मनीष (21) निवासी कोटी, कुपवी (चौपाल) की जघन्य तरीके से हत्या कर दी थी। मनीष करीब एक साल से मालरोड के एक रेस्तरां में काम कर रहा था। पुलिस ने सीसीटीवी कैमरे से पता लगाया कि रेस्तरां के साथ लगते कैफे में दिसंबर 2023 से काम कर रहे सिरसा (हरियाणा) के सतेंद्र पाल सिंह ने वारदात को अंजाम दिया। पुलिस के मुताबिक आरोपी कैफे में चोरी का प्रयास कर रहा था। शीशा टूटने की आवाज सुनकर पुलिस कर्मी बाहर निकले तो देखा मनीष लहूलुहान हालत में जमीन पर पड़ा था। खून बह रहा था। पुलिस कर्मियों ने मनीष को उठाया और आईजीएमसी ले गए। यहां उपचार के दौरान मनीष ने दम तोड़ दिया। चिकित्सकों के मुताबिक अत्यधिक खून बहने से मनीष की मौत हो गई। दरअसल मनीष रेस्तरां में पार्ट टाइम नौकरी करने के साथ-साथ कंप्यूटर कोर्स भी कर रहा था। परिवार का वह इकलौता बेटा था।

## पांवटा-कालाअंब पर निजी बस व बाइक की भिड़ंत में एक की मौत

**एसपी जैरथ**

**नाहन: वाहन चालकों** की लापरवाही की वजह से आए दिन कई दर्दनाक सडक हादसे देखने को मिल रहे हैं। मामला जिला सिरमौर के पांवटा साहिब-कालाअंब नेशनल हाइवे 07 पर कोलर के समीप का है, यहां एक निजी काशमी बस और बाइक के बीच जोरदार भिड़ंत हो गई। हादसे में एक युवक की मौत हो गई है जबकि दूसरा बुरी तरह जख्मी हुआ है। हादसे में घायल बाइक चालक को तुरंत मेडिकल कालेज नाहन के जाया गया, जहां उसका उपचार चल रहा है। मृतक की पहचान अलबेल सिंह (30) पुत्र जगदीश निवासी गांव



मधाना, पंचायत बाड़थल मधाना के रूप में हुई है। वहीं बाइक चालक धनवीर सिंह (34) पुत्र दलीप सिंह निवासी गांव मधाना गंभीर रूप से घायल हुआ है। जानकारी के मुताबिक, निजी बस एचपी-71ए-0672 और मोटरसाइकिल नंबर एचपी-71-3433 की कोलर गांव के समीप जोरदार भिड़ंत हो गई। हादसे में मोटरसाइकिल पर पीछे बैठे अलबेल सिंह मौके पर ही मौत हो गई, जबकि बाइक चालक धनवीर सिंह बुरी तरह जख्मी हुआ है। घायल को उपचार के लिए अस्पताल भिजवाया गया है। हादसे की सूचना मिलते ही माजरा पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू की। उन्होंने बताया कि मृतक के शव को कब्जे में लेकर उसका पांवटा अस्पताल में पोस्टमार्टम करवाया जा रहा है।

**दर्दनाक हादसा**

8 हादसे की सूचना मिलते ही माजरा पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू की

# एडी हाइड्रो पावर प्रोजेक्ट प्रीणी के कर्मचारियों के लिए कर्मचारी भविष्य निधि संगठन ने लगाया शिविर

**राज अग्रवाल**

**मनालीः कर्मचारी भविष्य** निधि संगठन देश के हर जिले में प्रत्येक माह कर्मचारियों के लिए जागरूकता शिविर का आयोजन कर रहा है। प्रयास नामक इस कार्यक्रम में भविष्य निधि से संबंधित जानकारियां लोगों को मुहैया करवाई जा रही हैं, वहीं भविष्य निधि से संबंधित दिक्कतों को भी संगठन के अधिकारियों द्वारा मौके पर ही निपटाया जा रहा है। इसी कड़ी में आज ईपीएफ ओ कार्यालय शिमला की ओर से एडी हाइड्रो पावर प्रोजेक्ट प्रीणी के कर्मचारियों के लिए जागरूकता अभियान चलाया गया। अभियान की अध्यक्षता ईपीएफओ शिमला के क्षेत्रीय आयुक्त राकेश पंवार ने की। एडी हाइड्रो पावर प्रोजेक्ट के कर्मचारियों के समक्ष आ रही कर्मचारी भविष्य निधि से संबंधित दिक्कतों को उन्होंने जाना और कुछ का मौके पर ही निपटारा भी किया गया। इस अवसर पर आयुक्त राकेश पंवार ने कहा कि भारत सरकार द्वारा जो कार्यक्रम चलाया जा रहा है इसका उद्देश्य कर्मचारियों को भविष्य निधि के प्रति जागरूक करना तथा कैसे उनकी भविष्य निधि सुरक्षित रहे या नौकरी छोडे के बाद कैसे वो अपनी भविष्य निधि सुरक्षित निकाल सकें। इस विषय पर विस्तार से जानकारी उपलब्ध करवाना और इससे संबंधित दिक्कतों को दूर करना है। उन्होंने कहा कि हर। महीने की 27 तारीख को यह कार्यक्रम चलाया जा रहा है। जिसमें विभिन्न संस्थानों के कर्मचारियों को भविष्य निधि से जुड़ी हुई तमाम योजनाओं की जानकारी मुहैया करवाई जाती है और उनको समस्याओं का निदान किया जाता है।

राकेश पंवार ने बताया कि कर्मचारियों को यह बताया जाता है कि भविष्य निधि लेते समय कोई दिक्कत न हो इसके लिए पहले से ही अपने संस्थान को अपने दस्तावेजों जैसे आधार कार्ड, पैन, बैंक खाते की सही जानकारी उपलब्ध करवाएं। उन्होंने कहा कि अगर कोई कर्मचारी नौकरी छोड़ भी देता है या किसी अन्य संस्थान में दूसरी नौकरी पा लेता है तो भी अपनी जानकारी को दुरुस्त कर सकता है या अपने भविष्य निधि खाते को दूसरे संस्थान में ट्रांफ र कर सकता है। उन्होंने कहा कि उनकी इस मुहिम में कर्मचारी राज्य बीमा निगम भी कर्मचारियों को अपनी योजनाओं की जानकारी दे रहा है जिसका कि कर्मचारी लाभ उठा सकते हैं। इस अवसर पर कर्मचारी राज्य बीमा निगम की ओर से डा. जीत ने विभिन्न जानकारियां कर्मचारियों को दीं। इस अवसर पर ईपीएफ ओ की ओर से प्रवर्तन अधिकारी दीपक शर्मा, एडी हाइड्रो प्रोजेक्ट प्रभारी पंकज कपूर, सहित आदि उपस्थित रहे।




# गीता कपूर ने बांध स्थल के कार्यालय भवन की आधारशिला रखी

**टीम एक्शन इंडिया**
**शिमला**

गीता कपूर, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, एसजेवीएन ने आज हिमाचल प्रदेश में स्थित 210 मेगावाट की लूहरी स्टेज-1 जलविद्युत परियोजना का दौरा किया। अपनी यात्रा के दौरान, उन्होंने हिमाचल प्रदेश के कुल्लू जिले के पलाही गांव में परियोजना के बांध स्थल के कार्यालय भवन की आधारशिला रखी। इसके अतिरिक्त, उन्होंने कार्यालय भवन के पूरा होने तक अस्थाई साइट कार्यालय के रूप में उपयोग किए जाने वाले पोर्टेबल केबिन का भी उद्घाटन किया। इस अवसर पर परियोजना प्रमुख श्री सुनील चौधरी एवं परियोजना के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। श्रीमती गीता कपूर ने पावर हाउस, एफपीडब्ल्यू एवं प्लंज पूल, नाला डायवर्जन, हाइड्रो-मैकेनिकल और इलेक्ट्रो-मैकेनिकल संकार्यों में चल रही निर्माण गतिविधियों की विस्तृत समीक्षा की। सभी परियोजना स्थलों पर प्रगति अग्रिम चरण पर है तथा तीव्र गति से आगे बढ़ रहा है। उन्होंने सभी प्रमुख घटकों में गतिविधियों की प्रगति पर संतोष व्यक्त किया और परियोजना अधिकारियों एवं ठेकेदारों को महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट माईल स्टोन हासिल करने के लिए योजनाबद्ध तरीके से पालन करने के लिए प्रोत्साहित किया। 210 मेगावाट स्टेज-1 जल विद्युत परियोजना हिमाचल प्रदेश के शिमला, कुल्लू और मंडी जिलों में सतलुज नदी पर स्थित है। परियोजना की आधारशिला 27 दिसंबर, 2021 को माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी द्वारा रखी गई थी। 1810 करोड़ रुपए की अनुमानित लागत के साथ, इस परियोजना के पूरा होने पर प्रतिवर्ष 758 मिलियन यूनिट विद्युत का उत्पादन होगा।



# आदर्श चुनाव आचार संहिता लगते ही एमसीसी कमेटी हो जायेगी सक्रिय: कनैट

**सुभाग सचदेवा**

**गोहरः गोहर लोक सभा** चुनावों में विभिन्न कार्यों के सम्पादन हेतु आज उपमण्डलीय सभागार में निर्वाचन पंजीकरण अधिकारी व उपमंडल (नागरिक) अधिकारी लक्ष्मण सिंह कनेट बैठक की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में आदर्श चुनाव आचार संहिता और निर्वाचन व्यय अनुवीक्षण टीमों के सदस्यों ने भाग लिया। बैठक में निर्वाचन पंजीकरण अधिकारी व उपमंडल (नागरिक) अधिकारी के द्वारा उपस्थित आदर्श चुनाव आचार संहिता कमेटी और निर्वाचन व्यय अनुवीक्षण टीमों के अधिकारियों और कर्मचारियों को उनके कर्तव्यों के बारे में विस्तृत जानकारी दी। आदर्श चुनाव आचार संहिता 2024 लागू होते ही एमण्सीण्सी कमेटी सक्रिय हो जायेगी और फ्लाइंग स्क्वायड व वीडियो सर्विलेंस आदि टीमें अलग अलग स्थानों पर दबिश देना शुरू कर देगी। उपस्थित सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को लोकसभा चुनावों में भारत चुनाव आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुसार कार्य करने के निर्देश दिये गए। बैठक में नायक तहसीलदार इंदर सिंह, थाना प्रभारी लालचंद ठाकुर, एक्सईन पी डब्लयू डी चमन लाल ठाकुर व अन्य गणमान्य उपस्थित रहे।



## थनीकपुरा में चिट्टे संग एक काबू

**राजन पुरी**

**ऊनाः थाना चिंतपूर्णी के** तहत थनीकपुरा में एक युवक को पुलिस ने चिट्टे संग काबू किया है। आरोपी युवक की पहचान पकंज कुमार जसवाल निवासी वार्ड नंबर तीन गगरेट के रूप में हुई है। पुलिस ने युवक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के मुताबिक सोमवार रात्रि को थनीकपुरा में गश्त कर रही थी। इस दौरान पुलिस ने पकंज कुमार जसवाल निवासी गगरेट को 1.46 चिट्टे संग काबू किया। डीएसपी अंब वसुधा सूद ने बताया कि पुलिस ने पंकज कुमार के खिलाफ मादक द्रव्य अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# कटौती प्रस्ताव चिन्हित आदर्श स्वास्थ्य केंद्रों में मिलेगी सीटी स्कैन और एमआरआई की सुविधा

**चमन शर्मा**

**शिमलाः** हिमाचल प्रदेश सरकार राज्य के सभी 68 विधानसभा क्षेत्रों में खुलने जा रहे आदर्श स्वास्थ्य केंद्रों में से चिन्हित स्वास्थ्य केंद्रों में एमआरआई और सीटी स्कैन की सुविधा उपलब्ध करवाएगी, ताकि लोगों को इस कार्य के लिए बड़े अस्पतालों में न जाना पड़े। यह बात स्वास्थ्य मंत्री डॉ. धनीराम शांडिल ने गत दिवस को विधानसभा में विपक्ष द्वारा स्वास्थ्य विभाग को लेकर लाए गए कटौती प्रस्तावों पर हुई चर्चा के जवाब में कही। मंत्री के जवाब से असंतुष्ट भाजपा सदस्यों ने अपने कटौती प्रस्ताव वापस लेने से इनकार कर दिया। इस पर सदन ने ध्वनिमत से कटौती प्रस्ताव को नामंजूर कर दिया। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि सरकार ने आगामी वित्त वर्ष के बजट में आदर्श स्वास्थ्य केंद्रों में आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध करवाने के लिए एक-एक करोड़ रुपए के बजट का प्रावधान किया है। जहां जरूरत होगी, वहां और भी बजट उपलब्ध करवाया जाएगा। उन्होंने कहा कि सरकार 530 सीएचओ, 622 नर्सें, 136 ओटीए, 57 काउंसलर और 25 अन्य पद इसी वर्ष भरने जा रही है। उन्होंने यह भी कहा कि सरकार आदर्श स्वास्थ्य संस्थानों को आधुनिक सुविधाओं से लैस करने का प्रयास कर रही है और सरकार का यह भी प्रयास है कि इन स्वास्थ्य संस्थानों के भवनों की छत पर हेलीकॉप्टर उतारने की सुविधा हो, ताकि किसी भी आपात स्थिति में मरीज को अस्पताल से ही हैली टैक्सी जैसी सेवा उपलब्ध करवाई जा सके। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि सरकार अगले एक से दो महीने के भीतर स्वास्थ्य विभाग की सभी देनदारियों को चुकता कर देगी। इनमें हिमकेयर की 267 करोड़ रुपए की देनदारियां भी शामिल हैं। उन्होंने कहा कि सरकार ने बद्दी में 32 करोड़ रुपए की लागत से आधुनिक दवा टेस्टिंग लैब स्थापित की है और यह बनकर तैयार हो गई हैए जिसका जल्द उद्घाटन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि राज्य में दवाओं के सैंपल फेल होना कोई नई बात नहीं है, क्योंकि ऐसा पहले भी हो चुका है। उन्होंने कहा कि जो दवा निमार्ता कंपनियां तय मापदंडों का पालन नहीं कर रही है, उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि हाल ही में ऊना में नकली दवाएं जब्त की गई हैं और आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके खिलाफ एफ आईआर दर्ज की गई हैं।

उन्होंने नकली दवाइयों की समस्या को अंतरराष्ट्रीय समस्या करार दिया और कहा कि इसमें अंतरराष्ट्रीय गिरोह काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि जो लोग ऐसी गतिविधियों में शामिल हैं, उनके खिलाफ सख्ती से निपटा जाएगा।

स्वास्थ्य विभाग से संबंधित कटौती प्रस्तावों पर भाजपा के कुल 17 विधायकों ने चर्चा में हिस्सा लिया।

## स्कोडा ऑटो ने भारत के लिए ऑल न्यू कॉम्पैक्ट एसयूवी की घोषणा की

मंडीः स्कोडा ऑटो इंडिया ने ऑल न्यू कॉम्पैक्ट एसयूवी के लिए अपनी नई योजनाओं की घोषणा की। इस एसयूवी को 2025 की पहली छमाही में भारत में लॉन्च किया जाएगा।यह कंपनी का तीसरा मेड फॉर इंडिया प्रोडक्ट होगा।यह नई कार कुशाक और स्लाविया की तरह एम्-क्यू बी ए ओ इन प्लेटफॉर्म पर आधारित होगी। इस नए लॉन्च के साथ स्कोडा ऑटो इंडिया 2026 तक साल भर में 100000 कारों की बिक्री के लक्ष्य को हासिल करने की दिशा में आगे बढ़ेगा। स्कोडा ऑटो ए.एस के सीईओ क्लॉस जेल्मर ने इस घोषणा के बारे में कहा,पूरी दुनिया में स्कोडा ऑटो के विकास के लिए भारत बहुत महत्वपूर्ण बाजार है।भारत अपनी बाजार की जबर्दस्त ताकत के साथ दुनिया भर के अन्य देशों के बाजारों में स्कोडा ऑटो के विस्तार के लिए विकास और निर्माण का आधार भी है।

इन देशों में आसियान और मध्यपूर्व के देश भी शामिल हैं।2021 के बाद कंपनी ने भारत में अपनी कारों की बिक्री दोगुनी की है।2025 में लॉन्च की जाने वाली ऑल न्यू कॉम्पैक्ट एसयूवी से उपभोक्ताओं के लिए एक जरूरी सेग्मेंट जोड़ा जाएगा।मुझे पूरा विश्वास है कि स्कोडा के पोर्टफोलियो का विस्तार करने से भारत में कंपनी के विकास लक्ष्य को पूरा करने में योगदान मिलेगा। इन कारों के लॉन्च से कंपनी 2030 तक फॉक्सवैगन ब्रैंड की कारों की बिक्री में करीब पांच फीसदी बाजार हिस्सेदारी हासिल करने की राह में आगे बढ़ेगी।

# किसान सभा ने केंद्र के खिलाफ नाहन में किया प्रदर्शन

**एसपी जैरथ**

**नाहनः हिमाचल किसान** सभा और सीटू कार्यकताओं ने नाहन दिल्ली गेट पर केंद्र सरकार के खिलाफ प्रदर्शन किया। हिमाचल किसान सभा के महासचिव राजेंद्र ठाकुर ने बताया कि तीन काले कृषि कानूनों के खिलाफ दिल्ली बॉर्डर पर जो 378 दिन का किसान आंदोलन चला था। उस आंदोलन को किसानों ने इस शर्त पर स्थगित किया था कि केंद्र सरकार किसानों की मांगों पर कमेटी गठित की जाएगी। साथ ही फ सलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य की कानूनी गारंटी होगी, किसानों के कर्जे माफ किए जायेंगे, अन्य मांगे भी पूरी की जाएगी। मगर केंद्र सरकार अभी तक इस पर एक कदम भी आगे नहीं बढ़ी है। इसलिए किसान पुनः जब सरकार की वायदा खिलाफ ी और अपनी मांगों को पुनः सरकार के समक्ष रखने के लिए गए, तो सरकार ने कंटीली तारे तथा लोहे के कांटे बिछा दिए तथा किसानों पर गोलियां तक चलाई गई। जिसके खिलाफ समूचे देश मे किसान सरकार का विरोध कर रहे है। दूसरा यह कि सोमवार से यूएई के आब्बु धाबी में विश्व व्यापार संगठन का सम्मेलन शुरू हुआ है। हम सरकार को चेतावनी देते है कि सरकार विश्व व्यापार संगठन से नाता तोड़ेए क्योंकि अमेरिका के आगे केंद्र सरकार घुटने टेक रही है। वहीं देश के किसान मजदूरों को गलत नीतियों का गुलाम बना रही है। हिमाचल किसान सभा मांग करते है कि किसानों को फ सलों का एमएसपी दिया जाए, किसानों के कर्जे माफ किए जाए और डबल्यूटीओ का विरोध किया जाए।




**विरोध**

8 तीन काले कृषि कानूनों के खिलाफ दिल्ली बॉर्डर पर जो 378 दिन का किसान आंदोलन चला था

# 'पीजीआई चंडीगढ़ में हिम केयर कार्ड पर मिलेगा कैशलेस उपचार'

**चमन शर्मा**

**शिमलाः पीजीआई** एमईआर चंडीगढ़ ने मुफ्त उपचार प्रदान करने की दिशा में हिमाचल प्रदेश की हिमकेयर योजना के साथ समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए है। इसे रोगी कल्याण की दिशा में क्रांतिकारी बदलाव के तौर पर भी देखा जा रहा है। एमओयू का उद्देश्य स्वास्थ्य सेवाओं को व्यवस्थित करना और आयुष्मान भारत-प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना की तर्ज पर कैशलेस उपचार है। एमओयू से हर साल हिमाचल प्रदेश के लगभग 4000-5000 रोगियों को लाभ मिलेगा। एमओयू पर पीजीआई चंडीगढ़ के निदेशक प्रोफेसर विवेक लाल, पंकज राय, उप निदेशक (प्रशासन) और वरुण अहलूवालिया, वित्तीय सलाहकार (पीजीआईएमईआर) की उपस्थिति में हस्ताक्षर किए गए। पीजीआईएमईआर के चिकित्सा अधीक्षक प्रो. विपिन कौशल व हिमकेयर की ओर से एचपी स्वास्थ्य बीमा योजना सोसाइटी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी डॉ. अश्वनी शर्मा ने हस्ताक्षर किए। समझौते के तहत पीजीआई में हिमकेयर कैशलेस उपचार सुविधा उपलब्ध हो गई है। निदेशक प्रोफेसर विवेक लाल ने सहयोगात्मक प्रयास के बारे में अपनी गहन आशावादिता व्यक्त करते हुए कहा, पीजीआई में, हम अनुकरणीय स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने के प्रति अपने समर्पण में दृढ़ हैं।



# मुरारीलाल शर्मा को अग्निशमन यूनियन की कमान, पद्म सिंह बने उपप्रधान

**सुभाग सचदेवा**

**गोहरः अग्निशमन केंद्र** अधिकारी मंडी, ठाकुर दास की अध्यक्षता में आज जिला मंडी हि.प्र. फ ायर ब्रिगेड यूनियन का गठन किया गया। इसमें मुरारी लाल को सर्वसम्मति से प्रधान, किशोरी लाल को वरिष्ठ उपप्रधान व पदम सिंह को उपप्रधान चुना गया।सचिव पद पर हेम सिंह, सह सचिव पद पर भूपेन्द्र कुमार, कोषाध्यक्ष पद पर टेक चंद को चुना गया। महेंद्र सिंह को सह कोषाध्यक्ष तथा विक्रांत सेन को मुख्य सलाहकार चुना गया।



# '10 पंचायतों के 7 हजार से अधिक ग्रामीणों ने किये जनचेतना यात्रा के समर्थन में हस्ताक्षर'

**समर्थन**

8 क्षेत्र के मुद्दों को ले कर शुरू की गई जनचेतना यात्रा को क्षेत्र वासियों का भरपूर समर्थन मिला है

**विवेकानंद वशिष्ठ**

**हमीरपुरः हिमाचल प्रदेश** कौशल विकास निगम के पूर्व वाइस चैयरमैन व भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य नवीन शर्मा ने कहा कि क्षेत्र के मुद्दों को ले कर शुरू की गई जनचेतना यात्रा को क्षेत्र वासियों का भरपूर समर्थन मिला है।

**डीसी के माध्यम से मुख्यमंत्री को भेजेंगे ज्ञापन**

उन्होंने कहा कि जनचेतना यात्रा का समापन कल गांधी चौक हमीरपुर में विशाल आक्रोश रैली के साथ होगा। नवीन शर्मा ने कहा कि क्षेत्र की जनता को त्रस्त करने का काम कांग्रेस सरकार ने बनने के बाद किया। गलोड़ में भाजपा सरकार द्वारा खोले गई कॉलेज को फिर से शुरू किया जाए ये क्षेत्र वासियों की मांग है। नवीन शर्मा ने कहा कि जनता की मांग है कि चंडीगड़ को मसियाणा धनेड़ हो कर आने जाने वाली बस को शीघ्र शुरू किया जाए। उन्होंने कहा कि गत एक साल से हमीरपुर से गलोड़ व मसियाणा से कूढ़ार सडक का काम सुस्त गति से चल रहा है और. इन सडकों पर सफर करने वाले दुपहिया वाहन चालक गिर कर चोटिल हो रहे हैं सडकों पर धूल ही धूल है जिससे सडकों से साथ लगते आबादी वाले क्षेत्रों में लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है और जनता की मांग है कि जल्द से जल्द इन दोनों सडको का काम तीव्र गति से शुरू हो। नवीन शर्मा ने कहा कि अटल आदर्श विद्यालय के लिए भाजपा सरकार द्वारा स्वीकृत 5 करोड़ की राशि को जल्द सरकार प्रदान कर के अटल आदर्श विद्यालय का काम शुरू करवाये। नवीन शर्मा ने कहा कि रविवार के दिन हमीरपुर से गलोड़ और मसियाना से कुढ़ार के लिए अधिकतर बसें अपने रूटों पर नहीं चलती हैं उन्होंने कहा कि हमीरपुर से गलोड़ और मसियाना से कुढ़ार आने जाने वालों के लिए सरकार या तो हर दिन की तरह सभी बसों को यथावत रूटों पर चलाये या अतिरिक्त बस सुविधा सरकार मुहिया करवाये। नवीन शर्मा ने कहा कि जनचेतना यात्रा में 7 हजार से अधिक ग्रामीणों ने क्षेत्र की माँगो के लिए हस्ताक्षर किए हैं जिनको कल डीसी हमीरपुर के माध्यम से मुख्यमंत्री को भेजा जाएगा।



# दो दिवसीय कार्यशाला की उपायुक्त ने की अध्यक्षता

**श्याम कुल्वी**

**कुल्लूः लोकसभा** चुनाव-2024 की तैयारियों के दृष्टिगत आज निर्वाचन विभाग द्वारा सहायक रिटर्निंग अधिकारियों, तहसीलदार, नायब तहसीलदार व चुनाव को लेकर गठित समितियों के नोडल अधिकारियों के लिए आज दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन कुल्लू स्थित बहुउद्देशीय सभागार में किया गया, जिसकी अध्यक्षता उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी तोरुल एस रवीश ने की। उन्होंने कहा कि चुनाव प्रक्रिया के सही निष्पादन में एआरओ व नोडल अधिकारियों की महत्वपूर्ण भूमिका रहती है। ऐसे में उन्हें चुनावी नियमों-प्रक्रियाओं की सही जानकारी होना आवश्यक है ताकि चुनाव का सही प्रकार से निष्पादन किया जा सके।

उन्होंने सभी अधिकारियों से चुनाव प्रक्रिया से जुड़े अपने दायित्वों को सही प्रकार से समझने को कहा। उन्होंने एआरओ व सभी नोडल अधिकारियों को चुनाव प्रक्रिया से जुड़ी किसी भी प्रकार की शंका का कार्यशाला के दौरान निवारण सुनिश्चित बनाने को कहा ताकि उन्हें निर्वाचन से जुड़े कार्य में किसी प्रकार की कठिनाई न आए। उन्होंने कहा कि वे भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी नवीनतम दिशा-निर्देशों के अनुरूप अपने कर्तव्य व कार्य से सम्बंधित सभी तैयारियां समय पर पूर्ण कर लें और निर्वाचन की घोषणा के साथ ही अपने दायित्वों का निर्वहन करना होगा।



**बहुउद्देश्यीय**

8 दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन कुल्लू स्थित बहुउद्देश्यीय सभागार में किया गया

# विधानसभा की 11वें दिन की कार्यवाही देखने आए हि.प्र. विश्वविद्यालय लॉ विभाग के छात्र

**चमन शर्मा**

**शिमला:** गत दिवस को हि.प्र. विश्वविद्यालय लॉ विभाग तथा राजकीय महाविद्यालय सोलन के विद्यार्थियों ने हिमाचल प्रदेश विधान सभा के अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानियां से मुलाकात की। गौरतलब है कि ये सभी छात्र-छात्राएं आज सदन में होने वाली कार्यवाही को देखने आए थे। इस अवसर पर विद्यार्थियों से संवाद करते हुए पठानियां ने कहा कि विधान सभा के चुनाव के द्वारा जिन्हें आप अपने मतों से जिताकर यहां भेजते हैं वही विधायक बनते हैं तथा केवल वे ही सदन में बैठ सकते हैं। पठानियां ने कहा कि हि.प्र. विधानसभा में कुल 68 सीटें हैं। जिसमें कॉंग्रेस की 40, भारतीय



जनता पार्टी की 25 तथा तीन सदस्य निर्दलीय हैं। पठानियां ने उन्हें आज होने वाली कार्यवाही, संसदीय प्रणाली तथा विधान सभा की कार्य प्रणाली बारे भी अवगत करवाया। उन्होंने कहा कि आज का युवा कल का भविष्य है और हमारा देश दुनियां का सबसे बड़ा लोकतन्त्र

**दौरा**

**8 विद्यार्थियों ने हिमाचल प्रदेश विधान सभा के अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानियां से मुलाकात की**

है। पठानियां ने कहा कि आज के युवा जिस तरह से संसदीय प्रणाली में रूचि ले रहे हैं उससे लोकतन्त्र की मजबूती को बल मिलता है तथा भविष्य सुरक्षित नजर आ रहा है। इस अवसर पर पठानियां ने सभी को अपनी ओर से शुभकामनाएं दी तथा सभी को देश तथा जनहित में समर्पण से कार्य करने की सलाह दी।



हिमाचल प्रदेश विधानसभा सचिवालय पहुंचने पर गेट नंबर-1 पर सलामी लेते विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानियां। छाया : चमन शर्मा

# विभागीय योजनाओं का लाभ उठाएं पात्र महिलाएं

## ग्राम पंचायत बारीं में जिला कार्यक्रम अधिकारी ने की अपील

**विवेकानंद वशिष्ठ**

**हमीरपुर: महिला एवं** बाल विकास विभाग ने मंगलवार को विकास खंड टौणीदेवी की ग्राम पंचायत बारीं में एक जागरुकता शिविर आयोजित किया। सशक्त महिला योजना के तहत आयोजित इस जिला स्तरीय जागरुकता शिविर की अध्यक्षता जिला कार्यक्रम अधिकारी अनिल कुमार ने की।

**सशक्त महिला योजना के तहत आयोजित किया जागरुकता शिविर**

इस अवसर पर उन्होंने कहा कि महिलाओं के उत्थान, कल्याण और सशक्तिकरण तथा उनके अधिकारों



की रक्षा के लिए महिला एवं बाल विकास विभाग के माध्यम से कई योजनाएं आरंभ की गई हैं। पात्र महिलाओं को इनका लाभ उठाना चाहिए। शिविर के दौरान स्वास्थ्य विभाग की डॉ. शिल्पा ने स्वास्थ्य विभाग द्वारा चलाई जा रही योजनाओं से अवगत करवाया। उन्होंने महिलाओं को स्वास्थ्य से संबंधित भी कई महत्वपूर्ण जानकारियां दी। इससे पहले बाल विकास परियोजना अधिकारी सुकन्या कुमारी ने जिला कार्यक्रम अधिकारी अन्य वक्ताओं और सभी प्रतिभागी महिलाओं का स्वागत किया तथा विभाग की योजनाओं की जानकारी दी।

कार्यक्रम के दौरान स्थानीय महिलाओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए। इस अवसर पर पंचायत प्रधान रविंद्र ठाकुर अन्य जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में स्थानीय महिलाएं भी उपस्थित थी।

# निर्वाचन के दृष्टिगत गठित टीमों के लिए प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित

**मनीष**

**सोलन:** लोकसभा निर्वाचन-2024 के दृष्टिगत निष्पक्ष व पारदर्शी निर्वाचन सम्पन्न करवाने के लिए गत दिवस को व्यय निगरानी, उड? दस्ता, वीडियो निगरानी, वीडियो अवलोकन व स्टेटिक निगरानी टीम के सदस्यों के लिए प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला की अध्यक्षता अतिरिक्त उपायुक्त सोलन अजय कुमार यादव ने की। अजय कुमार यादव ने कहा कि निर्वाचन प्रक्रिया को निर्विघ्न, पारदर्शी एवं त्रुटिरहित सम्पन्न करवाने के लिए भारत के निर्वाचन आयोग द्वारा विभिन्न टीमें



गठित की जाती हैं। उन्होंने कहा कि यह टीमें विभिन्न कार्यों के लिए स्वतंत्र रूप से एवं समन्वय के साथ कार्य कर निर्वाचन प्रक्रिया को समयबद्ध एवं त्रुटिरहित सम्पन्न करवाती हैं। उन्होंने कहा कि आज की इस कार्यशाला में विभिन्न टीमों को उनके उत्तरदायित्व एवं भारत के निर्वाचन आयोग द्वारा इस दिशा में स्थापित दिशा-निदेशों की पूर्ण जानकारी प्रदान की जा रही है।

# पालकवाह में पर्यावरण संरक्षण को लेकर संगोष्ठी आयोजित

**राजन पुरी**

**ऊना: राजकीय वरिष्ठ** माध्यमिक विद्यालय पालकवाह में हिमाचल प्रदेश विज्ञान, प्रौद्योगिकी एवं पर्यावरण परिषद् द्वारा आयोजित पर्यावरण संरक्षण के विभिन्न विषयों पर आधारित कार्यशाला व संगोष्ठी का आयोजन किया गया। जानकारी देते हुए विद्यालय के प्रिंसिपल नरेश शर्मा ने बताया कि कार्यशाला का मुख्य-उद्देश्य कचरा-प्रबंधन एवं संसाधन-प्रबंधन जैसे ज्वलंत पर्यावरणीय मुद्दों पर बच्चों, अध्यापकों एवम युवाओं को अभिप्रेरित व संवेदनशील बनाना है।

# परवाणू में अधर में लटक गया सिवरेज योजना का कार्य

## आईपीएच का अभी भी 40 प्रतिशत कार्य अधूरा, परवाणू में खुले में बह रहा सिवरेज का पानी

**विमल ग्रोवर**

**परवाणू: औद्योगिक नगरी** परवाणू में पिछले कई वर्षो से चल रहा सिवरेज योजना का कार्य पूरा होने का नाम नहीं ले रहा। पिछले लगभग 4 वर्षो से जारी यह कार्य अभी भी लगभग 40 प्रतिशत अधूरा पड़ा है। इस योजना को पूरा करने की समय सीमा 31 मार्च 2024 थी, लेकिन जिस गति से यह कार्य चल रहा है, उसके चलते तय सीमा पर यह कार्य पूरा होना नामुमकिन लग रहा है। नगर में आईपीएच विभाग ने नालिया तो बिछा दी है, लेकिन इंडस्ट्रियल यूनिट्स की सिवरेज की कनेक्टिविटी इनसे नहीं हो पाई है,



इसके चलते उद्योगो का गन्दा पानी खुलेआम परवाणू के आसपास की नदी-नालियों में बह रहा है। आलम यह है की गंदे पानी के चलते परवाणू के साथ स्थित कामली गाँव में जमीने इस कदर ख?ाब हो चुकी है की वहां फसलों की पैदावार होना बंद हो गया है। गौरतलब है की कुछ वर्ष पहले औद्योगिक नगरी परवाणू में सिवरेज लाइन्स नये सिरे से डालने के लिए प्रदेश सरकार द्वारा आईपीएच विभाग को नोडल एजेंसी बनाया था। इस योजना के लिए लगभग 47 करोड़ रूपए का एस्टीमेट बनाया गया था। कोरोना काल में शुरू हुआ यह काम अभी तक पूरा नहीं हो पाया है। प्रदेश सरकार द्वारा अब तक इस योजना के अंतर्गत भेजा गया लगभग 25 करोड़ रूपए इस योजना पर लगाया जा चूका है, लेकिन अभी भी लगभग 40 प्रतिशत कार्य अधूरा पड़ा है। अगला फ ण्ड ना आने की वजह से उस योजना पर कार्य कछुए की गति से चल रहा है बता दें कि इस योजना का अब तक जो भी कार्य हुआ है उसका यहाँ के लोगों को कोई लाभ नहीं मिल रहा है, क्यूंकि यहां की औद्योगिक इकाईयो की कनेक्टिविटी सिवरेज लाइनो से नहीं हो पाई है। ऐसे में सारा गन्दा पानी नालो से होते हुए कौशल्या नदी तक पहुँच रहा है। इस से साथ लगते ग्रामीण क्षेत्र कामली की जमीने भी फ सल उगाने के काबिल नहीं रह गयी है। ऐसे में कामली गाँव के लोगो में भी रोष व्याप्त है। इस स्कीम के अंतर्गत बनाए जा रहे सिवरेज ट्रीटमेंट प्लांट भी अभी पूरी तरह बन कर तैयार नहीं हो पाए है। उधर, इस बारे आईपीएच विभाग के एसडीओ भानु प्रताप ने कहा की परवाणू सिवरेज का लगभग 40 प्रतिशत कार्य अभी बचा है, जिसे जल्द ही पूरा किया जाएगा। उन्होंने बताया की अभी थोड़ी फं ड की भी समस्या है। इस पुरे प्रोजेक्ट को पूरा करने का टारगेट मार्च माह था, परन्तु अभी इसमें और समय लगेगा।

# कन्या कॉलेज में 15 को मिला रोजगार

**राजन पुरी**

**ऊना: राजकीय** कन्या महाविद्यालय कोटला खुर्द में मंगलवार को कैरियर और मार्गदर्शन सेल के द्वारा रोजगार मेले का आयोजन किया गया। इसमें विभिन्न कंपनियों जैसे इवान सिक्योरिटी फंक्शन प्राइवेट लिमिटेड, मैक्स लाइफ इंश्योरेंस ने हिस्सा लिया। इस मेले में महाविद्यालय के कक्षा बीए तृतीय वर्ष, बीकॉम तृतीय वर्ष, बीसीए छठे सेमेस्टर, बीबीए छठे सेमेस्टर के लगभग 80 विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। इसमें बैंकिंग सेक्टर में 10 तथा एचआर में पांच विद्यार्थियों का चयन हुआ। कॉलेज की प्राचार्या प्रोफेसर अरुणा भारद्वाज ने बताया कि यह



मेला छात्राओ को विविध कैरियर अवसर प्रदान करेगा। इस रोजगार मेले में रोजगार कार्यालय ऊना की करियर काउंसलर कृति भारद्वाज ने अपना व्याख्यान दिया और उन्हें रोजगार पोर्टल पर पंजीकृत भी किया, ताकि ये छात्र भविष्य में करियर के अवसरों का लाभ उठा सकें। इस अवसर पर महाविद्यालय के उप प्राचार्य डॉ. रमन जसवाल, प्रोफेसर सनी शर्मा, डॉ. देविंदर कुमार, प्रोफेसर स्वर्ण सिंह अन्य शिक्षक उपस्थित रहे।

# आदित्य बने प्रदेश भाजपा चार्टर्ड अकाउंटेंट प्रकोष्ठ के प्रदेश सह संयोजक

**श्याम कुल्वी**

**कुल्लू: भाजपा चार्टर्ड** अकाउंटेंट प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक शिव कुमार गर्ग ने गत दिनों अपनी प्रदेश कार्यकारणी का विस्तार करते हुए कुल्लू जिला के आदित्य करीर को प्रदेश भाजपा चार्टर्ड अकाउंटेंट प्रकोष्ठ का प्रदेश सह संयोजक बनाया है। आदित्य करीर ने अपनी नियुक्ति के लिए प्रदेश शीर्ष नेतृत्व सहित जिला के शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त किया है।उन्होंने बताया की संगठन की मजबूती के लिए वोह शीर्ष नेतृत्व की आकांक्षाओं पर खरे उतरेंगे। आदित्य करीर ने बताया कि वोह वर्ष 2013-14 में भी भाजपा चार्टर्ड अकाउंटेंट प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय कार्यकारणी सदस्य रहे हैं। विद्यार्थी जीवन में विद्यार्थी परिषद के साथ जुड़े रहने के साथ आदित्य करीर भारत विकास परिषद के प्रदेश संगठन सचिव भी हैं जिला के शीर्ष नेतृत्व से विचार विमर्श करने के पश्चात इन्होंने भाजपा चार्टर्ड अकाउंटेंट प्रकोष्ठ जिला संयोजक के पद पर रमन कुमार को जिला संयोजक व सालगी राम ठाकुर को जिला सह संयोजक बनाया है।

# 26वीं सूत्रधार होली संध्या कार्यक्रम का आयोजन 17 मार्च को अटल सदन में

**श्याम कुल्वी**

**कुल्लू: सूत्रधार कला** संगम कुल्लू द्वारा सूत्रधार भवन के कार्यालय में अध्यक्ष दिनेश सेन की अध्यक्षता में कार्यकारिणी बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में संस्था अध्यक्ष दिनेश सेन ने जानकारी देते हुए कहा कि अपने स्थापना वर्ष 1977 से लेकर आज तक सूत्रधार कला संगम कुल्लू द्वारा वर्ष भर में गीत-संगीत, लोककला, नाटक तथा आधुनिक नृत्य व समाज सेवा के क्षेत्र में अनेक कार्यक्रमों का आयोजन करवाया जाता रहता है। इसी कड़ी में संस्था पिछले 25 वर्षों से कुल्लू



की समृद्ध पारम्परिक होली गायन पर आधारित कार्यक्रम होली संध्या का आयोजन करती आ रही है तथा इस बार भी संस्था 26वीं सूत्रधार होली संध्या का आयोजन करने जा रही है। इस 26वीं सूत्रधार होली संध्या कार्यक्रम का आयोजन 17 मार्च रविवार को अटल सदन कुल्लू के विशाल सभागार में सायं 06:30 से रात्रि 10 बजे तक किया जाएगा। 26वीं सूत्रधार होली संध्या में सुप्रसिद्ध लेखक, गायक व संगीतकार स्व. राम कुमार कपूर की रचनाओं के साथ-साथ कुल्लू की प्रसिद्ध प्रचलित व पारम्परिक होली गीतों का गायन किया जाएगा। इस कार्यक्रम को और अधिक रोचक बनाने हेतु इसमें होली से सम्बन्धित नृत्यों की प्रस्तुतियां भी दी जाएगी। संस्था अध्यक्ष दिनेश सेन ने यह भी बतलाया कि यह सम्पूर्ण कार्यक्रम सभी आम जनमानस कला प्रेमियों के स्वस्थ मनोरंजन हेतु निशुल्क रहेगा तथा प्रदर्शनी मैदान में गाडि?ों की पार्किंग व्यवस्था निशुल्क रहेगी। बैठक में संस्था संरक्षक मंडल सदस्य युवराज बौद्ध सहित अध्यक्ष दिनेश सेन, वरिष्ठ उपाध्यक्ष यनिन्द्र कपूर, सहित आदि उपस्थित रहे।

# हिमाचल प्रदेश में राम भरोसे कानून व्यवस्था: चंदन सेखड़ी

**राजन पुरी**

**ऊना: अखिल भारतीय** विद्यार्थी परिषद हिमाचल प्रदेश के जिला संयोजक चंदन सेखड़ी ने कहा कि जबसे व्यवस्था परिवर्तन की सरकार आई है। उस समय से ऐसे ही लगातार हिमाचल प्रदेश की कानून व्यवस्था चरमरा रही है। प्रदेश में चोरी चकारी, लूट व मर्डर जैसी वारदाते बढ़ती हुई सामने आई है। जिसकी वजह से देव भूमि हिमाचल प्रदेश की छवि धूमिल हो रही है। सेखड़ी ने कहा कि राजधानी शिमला में बदमाशों के हौसले बुलंद है।

# अफीम की खेती के लिए कुख्यात होने लगा गगरेट

## दो मामलों में 179 पौधे बरामद, आरोपित की तलाश जारी

**राजन पुरी**

**ऊना: हिमाचल प्रदेश** में अफीम की खेती के लिए कभी पहाड़ी क्षेत्र ही जाना जाता था, लेकिन मौजूदा समय में प्रदेश का हिमाचल-पंजाब की सीमा से सटा उपमंडल गगरेट भी अफीम की खेती के लिए कुख्यात हो गया है। ऐसे में पुलिस व प्रशासन के लिए चिट्टे के साथ अब अफीम की खेती से पार पाना नई चुनौती बन गया है। गगरेट क्षेत्र का अधिकांश इलाका पंजाब की सीमा से लगता है और इसमे काफी क्षेत्र पहाड़ी श्रेणी में आता है। पुलिस ने अंबोटा गांव में अफीम की खेती का भंडाफोड़

**निशानदेही**

**8 पुलिस आरोपित की गिरफ्तारी के लिए जुटी है। भूमि की निशानदेही की प्रकिया भी शुरू की गई है जल्द**

करते हुए 120 अफीम के पौधे बरामद करने में सफलता हासिल की। आरोपित कब से अफीम की खेती कर रहा था। पुलिस यह भी पता लगाने का प्रयास कर रही। जहां से पुलिस ने अफीम के पौधे बरामद किए है, वह इलाका भी हिमाचल-पंजाब सीमा पर ही स्थित है। आरोपी ट्रक चालक है और पुलिस उसकी तलाश कर रही है। वहीं पुलिस ने भूमि की निशानदेही के लिए भी प्रक्रिया शुरू कर दी है। जिस भूमि पर अफीम की खेती की गई है, वह मुस्तरका खाता बताई जा रही है। पुलिस यह भी पता लगाने में जुटी है कि क्या आरोपी अफीम की खेती कर उसे बाजार में बेचता था या सिर्फ अपने उपयोग के लिए इसका प्रयोग करता था। गगरेट क्षेत्र में अफीम की खेती का यह पहला मामला नहीं है। इससे पहले भी गत वर्ष पुलिस ने जाड़ला कोइड़ी गांव में भी 59 अफीम के पौधे बरामद किए थे। इस मामले में पकड़ा गया आरोपी भी ट्रक चालक ही था। जिला ऊना में सबसे बड़ी ट्रक यूनियन गगरेट में ही स्थित है। ऐसे हालात में पुलिस अब क्षेत्र में अफीम की खेती को लेकर और संजीदा हो गई है। अन्य इलाकों में भी पूछताछ की जा रही है। डीएसपी वसुधा सूद ने बताया कि क्षेत्र में अफीम की खेती के अब तक दो मामले पकड़े गए है। पुलिस आरोपित की गिरफ्तारी के लिए जुटी है। भूमि की निशानदेही की प्रकिया भी शुरू की गई है। जल्द आरोपी को गिरफ्तार किया जाएगा।

# स्टेज कैरिज बस रूटों के लिए आवेदन आमंत्रित

**टीम एक्शन इंडिया/शिमला**

**शिमला: परिवहन** विभाग के प्रवक्ता ने गत दिवस को बताया कि प्रदेश में सार्वजनिक परिवहन व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए चयनित मार्गों पर स्टेज कैरिज वाहनों के संचालन के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। उन्होंने बताया कि इच्छुक हिमाचली बेरोजगार युवाओं से विभिन्न जिलों के 57 स्टेज कैरिज बस रूटों के लिए यह आवेदन मांगे गए हैं। आवेदनकर्ता इन रूटों के लिए 21 मार्च, 2024 तक ऑनलाइन आवेदन कर सकता है। चयनित मार्गों की सूची विभाग की वैबसाइट पर उपलब्ध है।

# कांगड़ा बैंक ने लठियाणी में बताई कल्याणकारी योजनाएं

**राजन पुरी**

**ऊना: कांगड़ा केंद्रीय** सहकारी बैंक शाखा लठियाणी ने नवार्ड द्वारा मंगलवार को वित्तिय साक्षरता कैंप का आयोजन किया गया। कांगड़ा केंद्रीय सहकारी बैंक शाखा के प्रधान जोगिंद्र कुमार, उपप्रधान निर्मल ठाकुर, जिला परिषद सत्या देवी, बैंक के डेलिगेट बालक राम शर्मा व बैंक के मैनेजर राकेश ठाकुर ने बैंक की सभी स्कीमों के बारे में जानकारी दी। बैंक मैनेजर राकेश ठाकुर ने सरकार की ओर से नवार्ड की सभी योजनाओं के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि




ग्रामीण क्षेत्रों में सभी लोग अपने स्तर में सुधार कर सकते है। उन्होंने बताया कि किसान केडिट कार्ड बनाने के बारे में बताया गया तथा सेविंग खाते का एटीएम कार्ड बारे तथा ऑन लाइन फ्रॉड के बारे में लोगों को जानकारी दी गई। इस मौके पर बैंक की ओर से संजीव कुमार व विनय कुमार सहित अन्य उपस्थित रहे।

## न्यूज फ्लैश

### गाटर चोरी करने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। थाना** मधुबन की टीम ने बाड़े से गाटर चोरी करने वाले दो आरोपियों सौरभ पुत्र विजय कुमार और मुकुल पुत्र कदम सिंह वासियान अमृतपुर कलां को गिरफ्तार किया है। आरोपियों की निशानदेही पर उनके कब्जे से चुराए गए दो गाटर बरामद किए गए।

दोनों आरोपियों ने 23 फरवरी को शिकायतकर्ता राजिंद्र वासी अमृतपुर कलां के बाडे से दो गाटर चोरी कर वारदात को अंजाम दिया था। इस संबंध में चोरी के तहत थाना मधुबन में मुकदमा दर्ज किया गया था। पुलिस पूछताछ में पाया गया कि आरोपियों ने लालच में आकर वारदात को अंजाम दिया था। दोनों आरोपियों को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया।

### ब्राह्मण सभा मॉडल टाउन की आम सभा की बैठक 10 मार्च को

**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** ब्राह्मण सभा मॉडल टाउन की आम सभा की हाउस की बैठक आगामी 10 मार्च को बुलाई गई है। सभा के प्रधान राहुल बाली ने बताया की सभा की जरनल बॉडी की मीटिंग इस बार रविवार 10 मार्च को श्री शिव सनातन मंदिर सेक्टर-9 के प्रांगण में बुलाई गई है। बैठक में अन्य विषय के अलावा आगामी चुनाव के बारे में भी विचार-विमर्श किया जाएगा।

### पत्रकार संजय भाटिया के पिता के निधन पर सीएम के निजी सचिव जताया शोक

**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** पत्रकार संजय भाटिया व भाजपा से किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष प्रदीप भाटिया के पिता राधा कृष्ण भाटिया के निधन पर मुख्यमंत्री के निजी सचिव अभिमन्यु शोक व्यक्त करने उनके निवास गांव काछवा में पहुंचे और परिजनों के साथ संवेदना प्रकट की तथा दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि दी।

उन्होंने कहा कि स्व. राधा कृष्ण भाटिया एक कर्मठ, संघर्षशील व ईमानदार व्यक्ति थे। बच्चे चाहे कितने बड़े हो जाएं, उनके सिर से पिता का साया जाना दुखदाई होता है। इस अवसर पर उनके साथ भारतीय जनता पार्टी के जिला विस्तारक शशि दुरेजा, निगम के निवर्तमान सीनियर डिप्टी मेयर राजेश अग्घी, काछवा सरपंच प्रतिनिधि डॉक्टर दीपक कुमार, भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ता हवा सिंह कांगर व अन्य पार्टी के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### एड्स पीड़ितों के लिए 2250 रूपए की मासिक वित्तीय सहायता : अनीश यादव

**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** उपायुक्त अनीश यादव ने बताया कि एचआईवी/एड्स ग्रसित व्यक्ति व बच्चों को प्रदेश सरकार द्वारा 2250 रुपये मासिक वित्तीय सहायता प्रदान की जा रही है, ताकि एचआईवी से ग्रसित मरीज अच्छा, पौष्टिक आहार ले सकें।

उन्होंने बताया कि इस योजना का लाभ लेने के लिए हरियाणा राज्य के दो वैध निवास प्रमाण-पत्र होने चाहिए व आय दो लाख रुपये से कम हो। उपायुक्त ने बताया कि वित्तीय सहायता लेने के लिए मरीजों को अपने नजदीक के सिविल अस्पताल के एआरटी सेंटर में संपर्क करना होगा व राशि सीधे मरीज के खाते में जमा होगी। उन्होंने बताया कि एड्स पीड़ितों के उपचार के लिए सिविल अस्पतालों में सरकार द्वारा सुविधाएं प्रदान की गई हैं।

# चुनावी ड्यूटी में लगे अधिकारियों व कर्मचारियों को दी ट्रेनिंग

## आदर्श चुनाव आचार संहिता, चुनावी खर्च पर निगरानी आदि के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई

**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** आगामी लोकसभा चुनाव को स्वंतत्र, निष्पक्ष व शांतिपूर्वक ढंग से संपन्न कराने के लिये जिला सचिवालय में चुनावी ड्यूटी में लगे अधिकारियों व कर्मचारियों को ट्रेनिंग दी गई। इसमें उन्हें आदर्श चुनाव आचार संहिता, चुनावी खर्च पर निगरानी आदि के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही अनुरोध किया गया कि हर अधिकारी व कर्मचारी पूरी ईमानदारी व निष्पक्ष होकर कत्र्तव्य का निर्वहन करें।

इन्द्री के एसडीएम



अशोक कुमार ने बताया कि देश में सर्वप्रथम केरल ने सबसे पहले विधानसभा चुनाव में राजनीतिक दलों के लिये आचार संहिता को अपनाया। उसके बाद के सालों में आचार संहिता के स्वरूप में काफी बदलाव हुआ। उन्होंने कहा कि आचार संहिता के मुख्यतः आठ भाग हैं। धर्म, जाति अथवा भाषा के आधार पर किसी भी ऐसी गतिविधि में संलिप्त होना, जिससे कि समाज में घृणा पैदा हों, मतभेद बढ़ें. अथवा तनाव पैदा हो, आचार संहिता का उल्लंघन माना जाएगा। मंदिर, मस्जिद, चर्च अथवा अन्य पूजा स्थलों का प्रयोग चुनाव प्रचार अथवा वोटों की अपील के रूप में नहीं किया जा सकता। वोट के लिये मतदाताओं को डराना-धमकाना अथवा रिश्वत देना भी अपराध है। मतदान केंद्रों के 200 मीटर के दायरे में चुनाव प्रचार नहीं किया जा सकता। मतदान समापन के निर्धारित समय से 48 घंटे पहले चुनावी सभाओं अथवा प्रचार पर रोक रहेगी। केंद्रीय चुनाव आयोग द्वारा चुनाव की घोषणा के साथ ही आदर्श आचार संहिता लागू हो जायेगी जो चुनाव प्रक्रिया खत्म होने तक जारी रहेगी। उन्होंने कहा कि संहिता चुनाव लड? वाले उम्मीदवारों, राजनैतिक पार्टियों, केंद्र अथवा राज्य सरकार के कर्मचारियों, सरकार से फंड पा रहे निगमों, बोर्डों, विश्वविद्यालयों आदि के कर्मचारियों पर भी लागू होगी। किसी भी प्रत्याशी के प्रचार-प्रसार में बाधा पहुंचाना, किसी पर व्यक्तिगत टिप्पणी करना आचार संहिता का उल्लंघन माना जायेगा।

## योग मन को एकाग्र करने की क्रिया: दिनेश गुलाटी



**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** मेरा मिशन स्वस्थ भारत के अंतर्गत फव्वारा पार्क सैक्टर 12 मिशन प्रमुख दिनेश गुलाटी के नेतृत्व में पांच दिवसीय शिविर आयोजित किया गया। शिविर के तीसरे दिन सत्र की शुरूआत उन्होंने सूक्ष्म व्यायाम से की। सूक्ष्म व्यायाम करने से शरीर का हर अंग एक्टिव हो जाता है। उसके बाद महिला प्रमुख नीलम बटला और शिक्षिका वीना धीर ने आसनों का अभ्यास करवाया, जो शरीर का संतुलन बनाए रखने में सहायक होते हैं।

दिनेश गुलाटी ने ताली आसन का अभ्यास करवाते हुए कहा कि यह एक मानसिक और शारीरिक उत्तेजक है, क्योंकि यह आपके सारे ऊर्जा चक्रों को सक्रिय करता है और शरीर के रक्त संचार में सुधार लाता है। उसके बाद प्राणायाम के अभ्यास द्वारा श्वासो को नियंत्रित करना बताया। धीमी लंबी गहरी श्वास लेने से शरीर डिटॉक्सिफाई होता है, रोगों से लडने की क्षमता बेहतर होती हैं, विषैले तत्व शरीर से बाहर निकल जाते हैं।

## भगवान शिव की मस्ती में भजनों पर झूमे श्रद्धालु

**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** शिव प्रभातफेरी की ओर से महाशिवरात्रि पर्व को लेकर निकाली जा रही प्रभातफेरी में आज श्रद्धालु भगवान शिव की मस्ती में भजनों पर जमकर झूमे। प्रभातफेरी सेक्टर-8 पार्ट पार्ट 2 में अशोक खरबंदा के नवास स्थान से प्रारम्भ होकर मुख्य गलियों से होते हुए पुष्पा गोयल के निवास पर



विश्राम लिया। प्रभातफेरी में श्रद्धालुओं ने भगवान भोलेनाथ के भजनों का गुणगान किया। श्रद्धालुओं ने मेरे भोले की पक गई हैं भांग, बूंदियां पडने.लगी हैं पर झूम उठे। मंच के प्रधान सतपाल मनोचा बताया कि प्रतिवर्ष महाशिवरात्रि को लेकर प्रभातफेरी निकाली जाती हैं। उन्होंने कहा कि पर्व को लेकर कई श्रद्धालु हरिद्वार से पैदल गंगा जल लाकर भगवान भोलेनाथ का जल अभिषेक करते हैं। 8 मार्च को महाशिवरात्रि पर्व को लेकर शिव भक्तों का भारी उत्साह है। इस अवसर पर यतिन खरबंदा, पर्व खरबंदा, मोहन, राज बाला, अंजली भुटानी, राम लाल सहित भारी संख्या में श्रद्धालओं ने भोले बाबा का आशीर्वाद लिया।

## मतदान में बढ़-चढ़ कर भाग लें और अपने मताधिकार का प्रयोग करें : द ग्रेट खली

**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** भारतीय चुनाव आयोग के निदेर्शानुसार प्रदेश में मतदान के प्रति जागरूकता लाने के उद्देश्य से जिला निर्वाचन कार्यालय द्वारा स्वीप कार्यक्रम चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में नीलोखेड़ी विधानसभा क्षेत्र में स्वीप कार्यक्रम के दौरान रेसलर द ग्रेट खली ने आह्वान किया कि सभी मतदाता मतदान में बढ़-चढकर भाग लें और अपने मताधिकार का प्रयोग करें। आने वाले लोकसभा और विधानसभा के चुनावों में मतदान अवश्य करें तथा अपनी मनचाही सरकार को चुनें। उन्होंने कहा कि लोकतांत्रिक प्रणाली के अंतर्गत चुनाव के दौरान वोट का बड़ा महत्व होता है।

द ग्रेट खली ने नीलोखेड़ी हलके के नागरिकों से वोट डालने की अपील की और कहा कि आप सब लोग वोट डालिए और अपना फर्ज निभाइए।

# हरियाणा वासियों के जीवन स्तर को बेहतर बनाने वाला है बजट : विज

## विधानसभा में विधायक प्रमोद विज ने मुख्यमंत्री मनोहर लाल का जताया आभार

**कमाल हुसैन**

**पानीपतः हरियाणा** विधानसभा के बजट सत्र के दौरान पानीपत शहरी विधायक प्रमोद कुमार विज ने मुख्यमंत्री मनोहर लाल द्वारा पेश किए गए बजट पर विधानसभा में धन्यवाद अभिभाषण के दौरान मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह बजट हरियाणा वासियों के जीवन स्तर को बेहतर बनाने वाला बजट है कबजट सर्व समाज को उन्नती देने वाला एवं गरीब, युवा, अन्नदाता किसान और नारी उत्थान पर आधारित बजट है कइस बजट में अंत्योदय के उत्थान हेतु कई सौगातें दी गई है



**पानीपत में कॉमन बॉयलर लगाने की माँगः-** विधानसभा सत्र के दौरान विधायक ने प्रश्न रखते हुए कहा कि पानीपत के उद्योगों को अक्टूबर - नवंबर के महीने में
एनजीटी के आदेश अनुसार उद्योग बंद करने पड़ते है, जिसका प्रभाव

**उपलब्धि**

8 पानीपत के उद्योगों को अक्टूबर - नवंबर के महीने में एनजीटी के आदेश अनुसार उद्योग बंद करने पड़ते है

उद्योगों की आर्थिक स्थिति पर पड़ता है कइस हेतु जल्द से जल्द कॉमन बॉयलर बनाया जाए क जिसपर उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने जवाब देते हुए कहा कि बायलर बनाने हेतु प्रक्रिया चल रही हैं शीघ्र ही निर्माण प्रारंभ किया जाएगा।

# 'छूट का लाभ लेने में 2 दिन शेष, बकायादार शीघ्र जमा करवाएं सम्पत्ति कर'

**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** बकाया सम्पत्ति कर भरने में मिल रही छूट को केवल 2 दिन शेष हैं। इसे देखते हुए नगर निगम आयुक्त अभिषेक मीणा ने सभी बकायादारों से अपील करते कहा है कि वे शीघ्र अति शीघ्र नगर निगम के कोष में अपना सम्पत्ति कर जमा करवा दें।

मार्किटिंग बोर्ड ने भरा टैक्स- उन्होंने बताया कि सरकार की ओर से दी जा रही छूट का अच्छा-खासा लाभ उठाते हुए मंगलवार को हरियाणा राज्य कृषि विपणन बोर्ड ने करीब 55 लाख रुपये सम्पत्ति कर जमा करवाया है। इसके अतिरिक्त खेल एवं युवा मामले विभाग कार्यालय, जिला परिषद, जन स्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी विभाग, हरियाणा रोजवेज करनाल तथा क्षेत्रीय परिवहन जैसे कार्यालय भी अपना सम्पत्ति कर पहले ही जमा करवा चुके हैं। उन्होंने राज्य व केन्द्र सरकार के अन्य विभागों से भी पुनः अपील करते कहा है कि वह भी छूट का फायदा उठाते हुए नगर निगम के कोष में सम्पत्ति कर जमा करवा दें।

छूट की दी जानकारी- छूट की जानकारी देते उन्होंने बताया कि 29 फरवरी तक जो बकायादार नगर निगम के खजाने में एकमुश्त राशि जमा करवाएगा, उसे समस्त ब्याज माफी की छूट का लाभ मिलेगा। यही नहीं बकाया मूल राशि व चालू वित्त वर्ष के बिलों पर भी 15 प्रतिशत की अतिरिक्त छूट मिलेगी। लेकिन इसके लिए सम्बंधित व्यक्ति को अपनी प्रॉपर्टी आई.डी. को सेल्फ सर्टिफाई यानि स्व-प्रमाणित



करना होगा।

15 करोड़ रुपये सम्पत्ति कर हुआ जमा- उन्होंने बताया कि नगर निगम के खजाने में अब तक 15 करोड़ रुपये प्रॉपर्टी टैक्स के रूप में जमा हो गए हैं। बकायादारों को कर से मुक्त करने के लिए सरकार की ओर से जारी छूट को

**संपत्ति कर**

8 सरकार की ओर से दी जा रही छूट का अच्छा-खासा लाभ उठाते हुए करीब 55 लाख रुपये सम्पत्ति कर जमा करवाया

देखते बकायादारों को चाहिए कि वे इस सुनहरी मौके का फायदा उठाएं और निगम के खजाने में प्रॉपर्टी टैक्स जमा करवाकर चिंता मुक्त हो जाएं।

ऑनलाईन भी भर सकते हैं प्रॉपर्टी टैक्स- उन्होंने बताया कि जो व्यक्ति प्रॉपर्टी टैक्स भरने के लिए किसी कारण से निगम कार्यालय में नहीं आ सकते, उनके लिए ऑनलाईन टैक्स भरने की बहुत ही आसान प्रक्रिया है। इसके लिए ऑनलाईन पोर्टल, (प्रॉपर्टी डॉट यूएलबी हरियाणा डॉट जीओवी डॉट इन) पर जाकर टैक्स भर सकते हैं। इसके अतिरिक्त प्रॉपर्टी टैक्स बिल पर छपे बार कोड को स्कैन करके साईट ओपन हो जाती है, उसमें भी व्यक्ति केडिट व डेबिट कार्ड या पे.टी.एम. से ऑनलाईन पेमेंट कर सकते हैं। इसमें समय की बचत भी होगी। उन्होंने बताया कि अगर कोई व्यक्ति अपनी प्रॉपर्टी आई.डी. में आपत्ति दर्ज कर उसे दुरूस्त करवाना चाहता है। तो वह भी उपरोक्त पोर्टल के माध्यम से ऑनलाईन आपत्ति दर्ज करवा सकता है। निगमायुक्त ने कहा कि हरियाणा सरकार की ओर से बकायादारों को लगातार छूट दी जा रही है।

## आजाद की सोच भी आजाद थी: दिनेश बख्शी

**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। लक्ष्य** जनहित सोसाइटी के फाउंडर दिनेश बक्शी ने कहा कि आजाद की सोच भी आजाद थी। उनका कहना था कि दुश्मनों की गोलियों का सामना करेंगे, आजाद हैं, आजाद रहेंगे। भारत की धरती ने अनेकों ऐसे वीरों को पैदा किया है, जिन्होंने देश की आजादी को साकार करने के लिए अपने प्राणों की परवाह नहीं की और अंग्रेजों के नाक में दम कर दिया। ऐसे ही वीर चंद्रशेखर, जो कि आगे चलकर आजाद नाम से प्रसिद्ध हुए।

उन्होंने कहा कि चंद्रशेखर आजाद मध्य प्रदेश के भाबरा गांव में पैदा हुए थे। बचपन की एक घटना जलियां वाला बाग ने आजाद को अंग्रेजी शासन के खिलाफ इस कद्र कर दिया और उन्होंने उसी समय प्रतिज्ञा ली कि जब तक जिंदा रहूंगा, अंग्रेजी शासन को चैन की सांस नहीं लेने दूंगा, आजाद हूं, आजाद रहूंगा। अपनी प्रतिज्ञा के अनुरूप कभी अंग्रेजी सरकार के हाथ नहीं लगे।

उन्होंने कहा कि आजाद शरीर से इतने बलशाली थे कि उनके अंतिम समय में अंग्रेजों के लिए मुखबिरी करने वालों के कारण, जब वह एलफ्रेंट पार्क में अंग्रेजों द्वारा घिर जाने पर मुकाबला हुआ और आखिर में खुद को गोली मार कर अंग्रेजों के हाथ न आने की अपनी प्रतिज्ञा को पूरा किया।

आज कर्ण पार्क में लक्ष्य जनहित सोसाइटी और सामाजिक राष्ट्रीय संगठन द्वारा सामूहिक रूप से ऐसे वीर स्वतंत्रता सेनानी शहीद चंद्रशेखर को याद कर उनकी प्रतिमा पर पुष्पमाला पहनकर श्रद्धांजलि, भावांजलि एवं पुष्पांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर सतीश पांचाल, गुलाब सिंह पोसवाल, भूषण कुमार, मुकेश कुमार, नारी शक्ति पूजा, सावी चौधरी और कृष्णा मौजूद रहे।

# कमाई करते हुए पढ़ाई करने का अवसर देती है इग्नूः डा. धर्मपाल

**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** इग्नू क्षेत्रीय केंद्र करनाल के क्षेत्रीय निदेशक प्रभारी डॉ.धर्म पाल ने जानकारी देते हुए बताया की यदि कोई विद्यार्थी नौकरी करते हुए या अपना काम करते हुए उच्च शिक्षा हासिल करना चाहता है तो इग्नू की दूरस्थ शिक्षा प्रणाली ऐसे विद्यार्थियों के लिए एक अवसर की तरह है। इग्नू में जनवरी 2024 सेशन के लिए एडमिशन अभी चल रहे है। इग्नू के विभिन्न सर्टिफिकेट, डिप्लोमा, पीजी डिप्लोमा ग्रेजुएशन और पोस्ट ग्रेजुएशन में 300 से अधिक पाठ्यक्रमों में एडमिशन ले सकते हैं।

उन्होंने कहा कि आज का युवा अपने पैरों पर खड़ा होकर आत्मनिर्भर बनना चाहता और इग्नू ऐसे सभी युवाओं को मौका देती है, कि वह अपने काम काज करते करते इग्नू से उच्च शिक्षा भी ले सकते हैं आज अनेकों ऐसे विद्यार्थी हैं, जो इग्नू के माध्यम से उच्च शिक्षा हासिल कर रहे हैं। साथ में अपना काम काज या कॉम्पिटिशन परीक्षाओं की तयारी कर रहे हैं।

उन्होंने ने बताया कि ऐसे एससी-एसटी विद्यार्थी, जिन्होंने अभी 10 जमा 2 की परीक्षा पास की है, वे सभी इग्नू तीन ग्रेजुएशन पाठ्यक्रमों बीएजी, बीएससीजी और बीकॉमजी कोर्स में फ्री एडमिशन ले सकते हैं। फ्री एडमिशन के लिए स्टूडेंट्स के माता पिता की इनकम ढाई लाख रुपये सालाना से अधिक नहीं होनी चाहिए। उन्हें सिर्फ 300 रुपये रजिस्ट्रेशन फीस और 500 रुपये डेवलपमेंट फीस देनी होगी।

# 'प्रधानमंत्री मोदी के कार्यकाल की उपलब्धियां गिनवाई'

**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्रः लोकसभा** चुनाव कार्यलय में भाजपा के शक्ति वंदन कार्यक्रम को लेकर एक बैठक हुई। इस कार्यक्रम की संयोजक अनु माल्यान व अध्यक्षता जिला अध्यक्ष रवि बतान ने की। जिसमें महिला स्वयं सहायता समूह, गोमाता मंदिर कमेटियां, एनजीओ व सामाजिक कार्य में अपना विशेष स्थान रखने वाली संस्थाओं ने भाग लिया। इस अवसर पर चाय पर चर्चा कार्यक्रम के अंतर्गत उपस्थित सभी सामाजिक संगठनों से सामाजिक कार्य पर



चर्चा की गई। बैठक में मुख्य रूप से प्रदेश भाजपा की तरफ से भाजपा प्रदेश प्रवक्ता कृष्ण बेदी मुख्य वक्ता के तौर पर उपस्थित रहे।इस अवसर पर पूर्व मंत्री कृष्ण बेदी ने में मोदी सरकार में स्वास्थ्य के क्षेत्र कोविड महामारी बारे जिक्र करते हुए कहा कि यह एक जानलेवा बिमारी थी जिसमें आदमी आदमी को छू नहीं सकता था। उस स्थिति में भाजपा के कार्यकताओं, एनजीओ और धार्मिक संस्थाओं ने अंतिम छोर तक सहायता पहुंचाने का कार्य किया। भाजपा के वरिष्ठ नेता व महामंत्री तेजिन्द्र गोल्डी ने सभी धार्मिक, सामाजिक संस्थाओं व एनजीओ के साथ चाय पर चर्चा करते हुए कहा कि हमने 500 साल राम मंदिर के लिए संघर्ष किया। जिसमें संत, पुजारी व एक लाख 34 हजार लोगों ने राम मंदिर के लिए कुर्बानिया दी। और माननीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भव्य राम मन्दिर का निर्माण करवाके इन कुर्बानियों को सार्थक किया।जिला अध्यक्ष रवि बतान ने कहा कि भाजपा सभी वर्गों को साथ लेकर चलने वाली पार्टी है।

# रक्त नालियों में नहीं नाड़ियों में बहना चाहिए : डा. अशोक वर्मा

## स्वतंत्रता संग्राम के महानायक एवं शहीद चंद्रशेखर आजाद के बलिदान दिवस पर राजीवपुरम में 488वां स्वैच्छिक रक्तदान शिविर आयोजित किया गया

**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। स्वतंत्रता** संग्राम के महानायक एवं शहीद चंद्रशेखर आजाद के बलिदान दिवस पर राजीवपुरम में 488वां स्वैच्छिक रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। शिविर में भारतीय रेडक्रॉस सोसाइटी सचिव कुलबीर सिंह मलिक ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की, जबकि स्टार रक्तदाता नरेश खिप्पल ने शिविर की अध्यक्षता की। डॉ. शशी शर्मा के निर्देशन में शिविर पूर्ण हुआ।

कुलबीर सिंह मलिक ने रक्तदाताओं को बैज लगाकर प्रोत्साहित करते हुए कहा कि रक्तदान अति पुण्य का



कार्य है। प्रत्येक स्वस्थ व्यक्ति को तीन माह के अंतराल में रक्तदान करना चाहिए। 167 बार रक्तदान के साथ 81 बार प्लेटलेट्स दान कर चुके एवं राष्ट्रपति पुलिस पदक से सम्मानित पुलिस उप निरीक्षक डॉ. अशोक कुमार वर्मा ने कहा कि मनुष्य का रक्त सडकों पर नालियों में नहीं अपितु जरूरतमंद की सहायता के साथ नाडि?ों में बहना चाहिए।

उन्होंने कहा कि आज का युवा अपनी सकारात्मक ऊर्जा का प्रयोग समाज और राष्ट्र के कल्याण में करें, न कि नशों आदि में करके जीवन को नष्ट कर ले। उन्होंने युवाओं से नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि युवा नशे के टीके लगाकर अपने जीवन को मृत्यु के समीप ले जा रहे हैं। उन्हें चाहिए कि सुई नशे की न लगाकर

**अपील**

8 उन्हें चाहिए कि सुई नशे की न लगाकर रक्तदान की लगवाएं और अमूल्य जीवन बचाकर पुण्य कमाएं

रक्तदान की लगवाएं और अमूल्य जीवन बचाकर पुण्य कमाएं।

डा. अशोक वर्मा ने कहा कि स्वतंत्रता संग्राम के महानायक चंद्रशेखर आजाद ने अपने वचन को निभाया था। उन्होंने कहा था कि मैं आजाद था आजाद हूँ और आजाद ही रहूंगा।

# वृद्धाश्रम में मनाई गई चंद्रशेखर आजाद की पुण्यतिथि

**अर्पित**

8 वृद्धाश्रम में रहने वाले सभी बुजुर्गों एवं प्रेरणा संस्था के पदाधिकारियों ने अपने श्रद्धा सुमन अर्पित किए

**टीम एक्शन इंडिया**

**कुरुक्षेत्र : प्रेरणा** वृद्धाश्रम में बुजुर्गों एवं संस्था के पदाधिकारियों द्वारा चंद्रशेखर आजाद की पुण्यतिथि बड़े श्रद्धा भाव के साथ मनाई गई। वृद्धाश्रम में रहने वाले सभी बुजुर्गों एवं प्रेरणा संस्था के पदाधिकारियों ने अपने श्रद्धा सुमन अर्पित किए। प्रेरणा वृद्धाश्रम के संस्थापक डा. जय भगवान सिंगला ने कहा कि चंद्रशेखर



आजाद ऐसे महान क्रांतिकारी थे, जिन्होंने अंग्रेजी साम्राज्य की चूलें हिला कर रख दी। अंग्रेजों की शक्तिशाली फौज पूरा प्रयास करने के बाद भी उनको पकड़ नहीं पाई। उनका कथन था कि मैं आजाद था आजाद हूँ और आजाद ही रहूंगा। कार्यक्रम में मंच संचालन संस्था के सक्रिय सदस्य हरकेश पपोसा ने करते हुए कहा कि ऐसे महान क्रांतिकारी देशभक्त को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए हमें गर्व का अनुभव हो रहा है। कवि डा. अशोक बत्रा भी विशेष तौर पर सोनीपत से पहुंचे और उन्होंने अपनी कविताओं के माध्यम से देशभक्तों को श्रद्धांजलि अर्पित की। वृद्धाश्रम की बुजुर्ग महिलाओं ने भी श्रद्धा भाव को कविताओं के माध्यम से रखा। इस मौके पर रामलाल सिंगला, डा. विजय दत्त शर्मा, बलविंदर कौर, शकुंतला देवी, क्षमा मल्होत्रा, मधु शर्मा, जोगिंदर सिंह, चंद्रकांत ठक्कर, इंद्रप्रीत सिंह बिंद्रा, कश्मीरी लाल जैन, विजय कुमार अग्रवाल, बी.श्रीवास्तव, सुशील कुमार गर्ग इत्यादि मौजूद रहे।

## संपादकीय

# दाल-रोटी के नेपथ्य में जाने के खतरे

**नेशनल** सैंपल सर्वे ऑफिस की हालिया रिपोर्ट में रहन-सहन और खान-पान के प्रति देशवासियों में जबरदस्त बदलाव सामने आया है। जहां एक ओर 1999-00 से 2022-23 के दौरान खाने-पीने की वस्तुओं पर खर्च में तेजी से कमी देखी जा रही है, वहीं खाने-पीने से इतर अन्य पर खर्च में बड़ा उछाल सामने आ रहा है। मजे की बात यह है कि यह बदलाव केवल शहरी क्षेत्रों में हो, ऐसा नहीं हैं अपितु ग्रामीण क्षेत्रों में बदलाव की बयार लगभग समान ही नहीं अपितु शहरी क्षेत्र से अधिक ही है। ऐसा नहीं है कि इस दौरान प्रति व्यक्ति व्यय में कमी आई हो अपितु प्रति व्यक्ति व्यय में लगातार बढ़ोतरी ही देखने को मिल रही है। यह रुझान तेजी से बदलती प्राथमिकताओं को भी स्पष्ट करता है। मजे की बात यह है कि खाद्यान्न (सिरियल्स) के उपयोग में कमी आई हैं वहीं अखाद्य सामग्री की खरीद में बढ़ोतरी देखने को मिल रही है।

दरअसल यह बदलाव बदलते परिदृश्य को भी स्पष्ट करता है। इस रिपोर्ट का विश्लेषण किया जाए तो खाने-पीने की वस्तुओं में चाहे शहरी क्षेत्र हो या ग्रामीण दोनों ही जगह ब्रेवरेज यानी की पेय पदार्थों और प्रोसेस्ड फूड यानी की डिब्बा बंद खाद्य पदार्थों का उपयोग बढ़ा है। इन्हें भी शामिल कर लिया जाए तो भी खान-पान पर होने वाला व्यय 1999-00 की तुलना में 2022-23 आते-आते बहुत कम हो गया है वहीं अखाद्य वस्तुओं पर शहरी और ग्रामीण क्षेत्र के लोगों द्वारा दिल खोलकर पैसा खर्च किया जा रहा है। लगता है जैसे अब लोगों की समान रूप से प्राथमिकताएं बदल गई हैं। बल्कि यह कहना अधिक युक्तिसंगत होगा कि अब रहन-सहन और सुख-सुविधाओं के उपयोग में गांव किसी तरह से भी शहरों से पीछे नहीं रह रहे है। बल्कि रिपोर्ट से तो यही उभर कर आता है कि मॉल संस्कृति के बावजूद अब उत्पादकों को ग्रामीण क्षेत्र में अच्छा बाजार मिलने लगा है। इसे अर्थव्यवस्था के लिए शुभ संकेत भी माना जा सकता है। सर्वे से स्पष्ट हो रहा है कि अब गांव, गांव नहीं रहे। वह शहरों से कहीं पीछे नहीं रहना चाहते। यही कारण है कि उत्पादकों द्वारा अब ग्रामीण क्षेत्र को भी टारगेट बनाकर रणनीति तैयार की जाने लगी है। देश में दो दशक में ही आए इस बदलाव को आंकड़ों की भाषा में समझें तो ग्रामीण क्षेत्र में 1999-00 में खाद्य सामग्री पर 59.40 प्रतिशत राशि व्यय की जा रही थी, वहीं 2022-23 आते-आते यह घटकर 46.38 प्रतिशत ही रह गई। खास बात यह कि इसमें तेजी से बदलाव खासतौर से पिछले एक दशक में देखा गया है। इसी तरह से शहरी क्षेत्र की बात की जाए तो 1999-00 में खाद्यान्न पर 48.06 प्रतिशत राशि खर्च की जाती थी जो 2022-23 में 39.17 प्रतिशत रह गई। सबसे खास बात यह कि सिरियल्स में जो कमी आई है भले ही उसके पीछे विशेषज्ञ एक कारण सरकार द्वारा खाद्य सामग्री का निःशुल्क व कम कीमत पर वितरण मान रहे हैं पर यह गले उतरने वाली बात इसलिए नहीं है कि खाद्य सुरक्षा के तहत एक सीमा तक ही निःशुल्क खाद्य सामग्री का वितरण हो रहा है। हां, कुछ हद तक खाने-पीने के बदलाव की बात कही जाती है पर यह भी सही नहीं मानी जा सकती क्योंकि डिब्बाबंद खाद्य पदार्थों के उपयोग में उतनी बढ़ोतरी नहीं दिख रही जितनी सिरियल्स के उपयोग में कमी आई है।

# किसान आंदोलन दोनों पक्ष दिखाएं समझदारी

राजेश माहेश्वरी

> "सड़क और बिजली पहुंचने के कारण ग्रामीण भारत की तस्वीर काफी हद तक बदल चुकी है। ऐसे में किसान समुदाय में खेती के प्रति लगाव बनाए रखने के लिए आवश्यक है उसका आर्थिक पक्ष सुदृढ़ हो। लेकिन यह एक क्रमिक प्रक्रिया है जो दबाव बनाकर पूरी करवाना संभव नहीं लगता। भारत की आजादी के समय 70 फीसदी लोग खेती से जुड़े कामों में जुड़े थे। देश की राष्ट्रीय आय का 54 फीसदी हिस्सा भी इसी सेक्टर से आता था। लेकिन साल दर साल राष्ट्रीय उत्पाद में खेती का हिस्सा घटता चला गया। साल 2019-20 के आंकड़ों पर नजर डालें तो राष्ट्रीय उत्पाद में खेती का हिस्सा 17 फीसदी से भी कम रह गया। इसके साथ ही खेती से जुड़े लोगों की हिस्सेदारी में भी गिरावट आई है। आजादी के समय 70 फीसदी लोग खेती से जुड़े थे जो अब घटकर 54 फीसदी पर आ गई है"

**न्यूनतम** समर्थन मूल्य के लिए कानून बनाने और स्वामीनाथन आयोग की सभी सिफारिशों को लागू करने की मांग को लेकर किसान आंदोलनरत हैं। नवंबर 2021 में किसानों ने आंदोलन खत्म किया था, लेकिन दो साल बाद वह फिर सड़कों पर हैं। संयुक्त किसान मोर्चा ने 13 फरवरी को दिल्ली कूच का ऐलान किया था। किसान यूनियनों ने दिल्ली चलो का नारा दिया है। पुलिस की सख्ती के चलते किसान अपने स्थान से आगे नहीं बढ़ पाये हैं। किसानों नेताओं और सरकार के प्रतिनिधियों के मध्य तीन दौर की वार्ता के बाद भी समस्या का कोई हल निकल नहीं पाया है। किसानों ने आगामी 29 फरवरी तक दिल्ली कूच का कार्यक्रम टाल दिया है। अब तक किसान आंदोलन के दौरान सात मौतें हो चुकी है। इन में चार किसान और तीन पुलिस कर्मचारी शामिल है। ये पहली बार नहीं है जब किसान आंदोलन कर रहे हैं। दो साल पहले दिल्ली की सीमाओं पर किसानों का ऐतिहासिक आंदोलन हुआ था तब मोदी सरकार को किसानों के आगे घुटने टेकने पड़े थे और संसद से पारित तीन कृषि कानूनों को रद्द करना पड़ा था। किसानों का डर था कि ये कानून न्यूनतम समर्थन मूल्य को खत्म कर सकते हैं और खेती-किसानी कॉर्पोरेट कंपनियों के हाथों में सौंप जा सकते हैं। हालांकि, कृषि कानूनों को लेकर किसानों को बड़ी कुबार्नी देनी पड़ी। किसान करीब एक साल तक लगातार धरना प्रदर्शन करते रहे। दो साल पहले सरकार ने न सिर्फ कानूनों को रद्द कर दिया, बल्कि एमएसपी पर गारंटी देने का वादा किया। इसके बाद किसानों ने आंदोलन वापस ले लिया थां लेकिन अब किसानों का कहना है कि सरकार ने एमएसपी को लेकर अपने वादे पूरे नहीं किए। हालांकि केंद्र सरकार और किसान नेताओं के बीच वार्ता भी जारी है किंतु अभी तक समझौता नहीं हो सका। ऐसे में प्रश्न उठता है कि आखिर ये संघर्ष कब तक चलता रहेगा। असल में सरकार जो प्रस्ताव देती है उसे किसान नेता किसी न किसी बहाने से ठुकरा देते हैं। कृषक वर्ग के प्रति हर किसी की सहानुभूति होने के बावजूद इस आंदोलन के प्रति ये अवधारणा व्याप्त है कि ये पंजाब के बड़े किसानों द्वारा प्रायोजित है। जेसीबी और पोकलेन




जैसी मशीनों का साथ होना स्पष्ट करता है कि आंदोलन के पीछे कुछ ऐसी शक्तियां छिपी हैं जिनका उद्देश्य शांति-व्यवस्था को खतरे में डालकर अपना स्वार्थ सिद्ध करना है। यही वजह है कि पंजाब से ही आंदोलन के विरुद्ध आवाजें उठने लगी हैं। जिस अकाली दल ने कृषि कानूनों के विरोध में मोदी सरकार से नाता तोड़ लिया वह भी खुलकर कह रहा है कि किसान पहले पंजाब सरकार के विरुद्ध आंदोलन करें जिसने उनके साथ किए वायदों पर अमल नहीं किया। जहां तक एमएसपी का प्रश्न है तो उससे किसी को एतराज नहीं है। लेकिन सभी कृषि उत्पादों के लिए उसका तय किया जाना अव्यवहारिक लगता है। इसी तरह की कुछ और मांगें हैं जिनको सैद्धांतिक सहमति के बावजूद स्वीकार करना मौजूदा स्थितियों में असंभव है । सबसे बड़ी बात ये है कि यह आंदोलन पूरे देश के किसानों की भावनाओं का प्रतिनिधित्व नहीं करता। पिछली बार दिल्ली में चले लंबे किसान आंदोलन को ज्यादातर राजनीतिक दलों का समर्थन मिलने के बाद भी वह दिल्ली के निकटवर्ती कुछ राज्यों के किसानों तक सीमित होकर रह गया था। ये बात भी देखने मिल रही है कि आंदोलनकारी जिस अंदाज में दिल्ली आना चाहते हैं वह किसी हमले की तैयारी जैसा लगता है। पुलिस द्वारा लगाए गए अवरोधों को तोड़ने के लिए जेसीबी और पोकलेन मशीन जैसे उपकरण साथ लाना उनकी मंशा को स्पष्ट करता है। जिस तरह से पुलिस के साथ उनका मुकाबला हो रहा है। उससे इस संदेह की पुष्टि होती है कि किसानों के कंधे पर रखकर कोई और बंदूक चला रहा है। यदि यह आंदोलन समूची किसान बिरादरी की आवाज होता तो अब तक दूसरे राज्यों से भी किसान दिल्ली आने लगते। और ऐसे समय जब रबी फसल तैयार होने को है और किसान का पूरा ध्यान कटाई के बाद अपनी फसल को सही समय पर बेचने में लगा हो तब उसका अपने खेत से दूर जाकर बैठ जाना चौंकाने वाला है। किसान की आय बढ़े और खेती लाभ का व्यवसाय बने इसमें भी किसी को ऐतराज नहीं होगा। किसान की खुशहाली से ही भारत के उपभोक्ता बाजार में रौनक आती है। सड़क और बिजली पहुंचने के कारण ग्रामीण भारत की तस्वीर काफी हद तक बदल चुकी है। ऐसे में किसान समुदाय में खेती के प्रति लगाव बनाए रखने के लिए आवश्यक है उसका आर्थिक पक्ष सुदृढ़ हो। लेकिन यह एक क्रमिक प्रक्रिया है जो दबाव बनाकर पूरी करवाना संभव नहीं लगता। भारत की आजादी के समय 70 फीसदी लोग खेती से जुड़े कामों में जुड़े थे। देश की राष्ट्रीय आय का 54 फीसदी हिस्सा भी इसी सेक्टर से आता था। लेकिन साल दर साल राष्ट्रीय उत्पाद में खेती का हिस्सा घटता चला गया। साल 2019-20 के आंकड़ों पर नजर डालें तो राष्ट्रीय उत्पाद में खेती का हिस्सा 17 फीसदी से भी कम रह गया। इसके साथ ही खेती से जुड़े लोगों की हिस्सेदारी में भी गिरावट आई है। आजादी के समय 70 फीसदी लोग खेती से जुड़े थे जो अब घटकर 54 फीसदी पर आ गई है। इसमें एक आंकड़ा और भी चैंकाने वाला है. साल 2017 में किसानों की आय दोगुनी करने के लिए बनाई गई समिति ने पाया है कि भले ही देश की जीडीपी में खेती की हिस्सेदारी घट रही हो लेकिन इस सेक्टर में काम करने वाले लोगों की संख्या बढ़ रही है। इसका मतलब साफ है कि खेती ही भले ही घाटे का सौदा बन रही है, लेकिन गांवों में बेरोजगारों को रोजी-रोटी देने में आज भी यही सेक्टर सबसे आगे है। किसान को इज्जत से जीवन जीने का अधिकार है। किसान की इनकम कैसे बढ़े असली सवाल यही है, वह एमएसपी से आए ये जरूरी नहीं है। उसके और तरीके निकाले जाने चाहिए। अमेरिका में कैसे होता है, वैल्यू एडिशन पर टैक्स लगाकर उसे सरकार सब्सिडी के तौर पर दोबारा कृषि क्षेत्र में दे देती है। यह समझना चाहिए कि हम भारत में ऐसा सिस्टम क्यों नहीं बना सकते, बिल्कुल बना सकते हैं। केरल का उदाहरण, क्या दूसरे राज्य नहीं अपना सकते। एमएसपी राज्य सरकार का विषय है, वहां सुविधा दीजिए, कोई बाहर क्यों जाएगा। आजादी होनी चाहिए। बिचौलिये खत्म होने चाहिए। जब भी कोई आंदोलन होता है और आंदोलनकारी बातचीत की मेज पर जाते हैं तो उसकी एक माँग होती है। उनका आचार व्यवहार इस तरह का नहीं हो सकता कि सब लेंगे या कुछ नहीं लेंगे। दुनिया में कोई भी आंदोलन इस तरह से नहीं होता है। आंदोलनकारी जब बातचीत की मेज पर जाते हैं तो दोनों पक्ष थोड़ा-थोड़ा अपनी पोजिशन से हटते हैं और तभी बीच का रास्ता निकलता है। आंदोलनकारियों को ये समझना होगा कि उनकी सभी बातें स्वीकार करने के बाद भी उनका क्रियान्वयन न हो तो उसका लाभ ही क्या ? इसमें कोई संदेह नहीं है कि ज्यादातर किसान अभी तक बाजारवादी अर्थव्यवस्था के साथ सामंजस्य नहीं बिठा सके। वैसे भी प्रत्येक राज्य के किसानों की समस्याएं अलग-अलग हैं। एमएसपी के बारे में भी ऐसा ही है। बेहतर हो आंदोलन कर रहे किसान इस बात को समझें, और व्यावहारिकता के धरातल पर उतरकर मांगों को मनवाने की दिशा में पहल करें।

**-लेखक राज्य मुख्यालय पर मान्यता प्राप्त स्वतंत्र पत्रकार हैं।**

## कविता

### "झूमता बसन्त है"

फूलों में, कलियों में, पत्तो में, फलियों में,
गाँव की गलियों में, प्यार के छलियों में,
झूमता बसन्त है।

रंगों में, अंगों में, प्रेम के प्रसंगों में,
बागों में, बहारों में, गांवों में, बाजारों में,
झूमता बसन्त है।

बच्चों में, जवानों में, बूढ़ो में, सयानो में,
दीवानों परवानों में, मेरे-तेरे अरमानों में,
झूमता बसन्त है।

एक में, लाखों में, प्यार भरी आंखों में,
सरसों के फूलों में, प्रीत के झूलों में,
झूमता बसन्त है।

गेंदा में, गुलाब में, आफताब मेहताब में,
फितरत में, कुदरत में, मोहब्बत में, नफरत में,
झूमता बसन्त है।

हंसने में, मुस्काने में, अदा में इतराने में,
प्यार में, जलन में, विरह में, मिलन में,
झूमता बसन्त है।

नदियों में, पहाड़ों में, गर्मी में, जाड़ो में,
दिन में रात में, बातों ही बात में,
झूमता बसन्त है।

संजीव

# सनातन संस्कृति को उपहार है - सुदर्शन सेतु

मृत्युंजय दीक्षित

**प्रधानमंत्री न**रेंद्र मोदी के कार्यकाल में आरम्भ सनातन हिन्दू संस्कृति का अमृतकाल प्रतिदिन नई आभा प्राप्त कर रहा है। 22 जनवरी 2024 को अयोध्या में दिव्य, भव्य एवं नव्य राम मंदिर के उद्घाटन से अबू धाबी के मंदिर और उसके उपरांत उत्तर प्रदेश के संभल जिले में कल्कि धाम का शिलान्यास अमृत काल के महत्वपूर्ण ऐतिहासिक बिंदु हैं । अयोध्या में राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के बाद जिस प्रकार प्रधानमंत्री मोदी के आह्वान से संपूर्ण विश्व के सनातन हिंदू समाज ने दीपावली मनाई वह अद्भुत और ऐतिहासिक है। अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा के पूर्व प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 11 दिन तक कठोरता से यम नियम का पालन किया और उन सभी मंदिरों में गये जिनका रामायण काल से किसी न किसी प्रकार से संबंध रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी जिस भी मंदिर में जाते हैं उसके विस्तार तथा आसपास के क्षेत्रों के विकास का वृहद चित्र खींकर आते है। यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रयासों का ही परिणाम है कि आज भारत प्रत्येक तीर्थ में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ रही है। सनातन की प्राचीनता से वर्तमान को परिचित कराते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुजरात यात्रा के दौरान यहाँ के पंचकुई समुद्र तट पर स्कूबा ड्राइविंग करके भगवान श्रीकृष्ण की जलमग्न प्राचीन द्वारका नगरी के दर्शन करते हुए जल के अंदर पूजा की और इतिहास में एक अमर क्षण जोड़ दिया। स्वाभाविक रूप से अब प्रत्येक सनातनी हिंदू जलमग्न द्वारका के दर्शन कर स्वयं को धन्य करना चाहेगा और जलमग्न द्वारका तीर्थ भी श्रद्धालुओं की यात्रा सूची में आ जाएगा। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने द्वारका शारदापीठ में शंकराचार्य स्वामी सदानंद जी महाराज का आसहीर्वाद लिया। प्रधानमंत्री ने बताया कि जलमग्न द्वारका के विषय में पुरातत्व वेत्ताओं द्वारा और पुराणों में बहुत कुछ लिखा गया है। हमारे शास्त्रों के अनुसार द्वारका सुंदर द्वारों और ऊंचे भवनों वाली ये पुरी पृथ्वी पर शिखर के सामान होगी, मान्यता है कि स्वयं भगवान विश्वकर्मा ने ही द्वारका नगरी का निर्माण किया था। नौसेना के गोताखोरों की सहायता से प्रधानमंत्री ने प्रार्थना की, हाथ जोड़े और भगवान श्रीकृष्ण को मोरपंख अर्पित किया। बाहर आने पर प्रधानमंत्री ने कहा कि द्वारका जी में मैं पुरातन भव्यता और दिव्यता का अनुभव कर रहा था। इस यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री ने द्वारका में देश के सबसे लंबे पुल का लोकार्पण किया जिससे इस क्षेत्र में विकास और पर्यटन के एक नये महायुग का प्रारम्भ होगा, इस पुल का नामकरण सुदर्शन सेतु किया गया है। सुदर्शन सेतु की विशेषताएं - यह एक ऐतिहासिक सिग्नेचर ब्रिज है जिसकी प्रेरणा गीता है और स्रोत सूर्य की उर्जा। 7 अक्टूबर 2017 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस पुल की आधारशिला रखी थी । पूर्व में इस पुल का नाम सिग्नेचर ब्रिज था जिसे अब सुदर्शन सेतु कर दिया गया है। यह ओखा को समुद्र के बीच टापू जैसे रूप से उभरे बेट द्वारका से जोड़ता है।

## विचार

# क्यों यूपी लोकसभा चुनाव में भरेगा भाजपा की झोली

आर.के. सिन्हा

**अब** कुछ हफ्तों के बाद ही देश में लोकसभा चुनावों की घोषणा हो जाएगी। पर उत्तर प्रदेश (यूपी) को छोड़कर देश के लगभग सभी राज्यों की लोकसभा सीटों के लिए कांटे की टक्कर होने की संभावना है । लेकिन, उत्तर प्रदेश की सभी 80 सीटों पर नतीजे कुल मिलाकर लगभग तय हैं। यह बात उत्तर प्रदेश के शिखर सियासी नेताओं से लेकर आम इंसान तक को भलीभांति यह पता हैं। कभी जंगलराज, भाई भतीजावाद, भ्रष्टाचार से जूझने वाला यूपी अब भारी-भरकम मोटा निवेश भी खींच रहा है। सात साल पहले तक तो यूपी की गिनती बीमारु राज्यों में होती थी, लोग मजाक में यू.पी. को उल्टा प्रदेश भी कहते थे कलेकिन, आज यूपी की पहचान देश के खेलों में बेहतर प्रदर्शन करने वाले राज्य के रूप में भी होने लगी है। यूपी आज विकास की असीमित संभावनाओं के प्रदेश के रूप में स्थापित हो चुका है। यूपी देश की जीडीपी में हिस्सेदारी के मामले में महाराष्ट्र के बाद उत्तर प्रदेश दूसरे अब नंबर पर है। देश में सर्वाधिक जीएसटी पंजीकृत व्यापारियों की संख्या के मामले में भी आज यूपी अव्वल है। राज्य में डिजिटल लेनदेन में एक साल में तीन गुना की बढ़ोत्तरी हुई है। यही नहीं राज्य में डीमैट खातों की संख्या में भी सकारात्मक बढ़ोत्तरी हुई है।

आज अगर यूपी में चौतरफा विकास हो रहा है, तो इसका मुख्य श्रेय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को ही जाता है। देश की यूपी की सियासी अहमियत निर्विवाद है। यहां पर भाजपा का प्रदर्शन लगातार सुधर ही रहा है। पिछले विधानसभा चुनाव में भाजपा ने अपनी जीत को दोहराया ही नहीं है, वह लगातार विपक्ष की राजनीतिक जमीन को कमजोर भी कर रही है। कभी मंडल औ? कमंडल की राजनीति का गढ़ रहा यह प्रदेश मंदिर का घंटा और सख्त कानून व्यवस्था का डंडा एक साथ बजा रहा है। यूपी में आगामी लोकसभा चुनाव में विपक्ष के लिए कोई बहुत अवसर नहीं हैं। योगी आदित्यनाथ की अगुवाई में यूपी भाजपा का अभेद्य किला बनकर उभरा है । 2019 में हुए पिछले लोकसभा चुनाव में भाजपा ने सूबे की 80 में से 64 सीटें अकेले दम पर जीत ली थीं। इसी तरह वर्ष 2022 में हुए विधानसभा चुनाव में भी भाजपा ने अकेले दम पर कुल उत्तर प्रदेश विधान सभा की 403 सीटों में से 225 सीटें जीत कर उत्तर प्रदेश की सत्ता में धमाकेदार वापसी की। अपने सहयोगियों के साथ भाजपा की सीटों का आंकड़ा 272 तक पहुंच गया। इस जीत ने योगी आदित्यनाथ की लोकप्रियता को एक प्रकार से प्रतिष्ठित कर दिया। बेशक अब लोकसभा चुनाव में भी यूपी भरेगा भाजपा की झोली। योगी आदित्यनाथ ने हाल ही में यूपी का नया फुल फॉर्म भी बताया। वे कहते हैं कि यूपी का मतलब है अनलिमिटेड पोटेंशियल। बीते दिनों ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट 2024 के ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी के दौरान मुख्यमंत्री योगी के अलावा पीएम मोदी भी लखनऊ में थे। इस दौरान योगी आदित्यनाथ ने कहा, देश और दुनिया के उद्योग जगत ने हम पर और हमारी नीतियों पर विश्वास जताया। उत्तर प्रदेश को अबतक लगभग 40 लाख करोड़ के निवेश प्राप्त हो चुके हैं और आते ही चले जा रहे हैं । इन्ही प्रयासों को धरातल पर उतारने का आज उत्सव है। नया उत्तर प्रदेश उत्तम प्रदेश से अब उद्यम प्रदेश बनकर भारत के ग्रोथ इंजन के रूप में विकसित उत्तर प्रदेश बनने की ओर अग्रसर है। पिछले 7 वर्षों में यूपी में निवेशकों के लिए अनुकूल वातावरण बनाने की दिशा में कई प्रयास किए गए हैं। यूपी पर नजर रखने वालों को पता है कि राज्य में निवेश तो आ ही रहा है। साथ ही सरकार की तरफ से यह भी कोशिशें हो रही हैं ताकि कभी अपनी कपड़ा मिलों और मजदूरों के लिए मशहूर रहे कानपुर को फिर से उसका पुराना गौरव मिल जाए। कानपुर में आईटी सेक्टर के अलावा इलेक्ट्रानिक सामान और आटोमोबाइल सेक्टर से जुड़े उत्पादों का उत्पादन करने की पर्याप्त संभावनाएं हैं। कानपुर से देश के उत्तर, पूर्व तथा पश्चिम राज्यों के बाजारों में पहुंचने की सुविधा है। कानपुर में आटो और आटो पार्ट्स की अनेक इकाइयां खड़ी हो सकती हैं। चूंकि राज्य सरकार अपने यहां आने वाले निवेशकों को टैक्स में भी छूट दे रही है।

**एक्शन इंडिया दैनिक**

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

**आरएनआई: HPHIN / 2012 / 48072**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक रवि भारद्वाज, एक्शन इंडिया कार्यालय कृष्णा टावर, सब्जी मंडी के सामने, ऊना हिमाचल प्रदेश-174303 ने अर्थ प्रकाश प्रैस, अर्थ प्रकाश भवन, सेक्टर-29डी, चंडीगढ़ से छपवाकर प्रकाशित किया। "एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक या प्रकाशक का उनसे सहमत होना आवश्यक नहीं है। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र हिमाचल प्रदेश ही होगा।

**समूह संपादक: रवि भारद्वाज (9999889104)**
**स्थानीय संपादक: पंकज शर्मा (7018221146)**
ई-मेल : actionindiashimla@gmail.com
actionindiauna@gmail.com

**एक्शन इंडिया शिमला कार्यालय: सचदेवा निवास, डेजी बैंक इस्टेट, नजदीक जोधा निवास, लोअर जाखू, शिमला, 171001**
**एक्शन इंडिया ऊना कार्यालय: कृष्णा टावर, सब्जी मंडी के सामने, ऊना, हिमाचल प्रदेश-174303**

**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अत: समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।

## चिंतन

# बांधा फलाने का पटका तो स्वस्थ लोकतंत्र अटका

सूर्यदीप कुशवाहा

**राजनीति** में लटके-झटके का मुफिद वक़्त चुनाव मुकर्रर है। माननीयों के इस अदा का मीडिया मुरीद है। राज्यसभा का चुनाव आया और माननीयों को ताव आया। न्यूटन का तीसरा नियम है कि "प्रत्येक क्रिया के लिए हमेशा एक समान और विपरित प्रतिक्रिया होती है। इस विपरित बल को प्रतिक्रिया बल कहा जाता है।" चुनावी फिजिक्स में भी न्यूटन का तीसरा नियम काम करता है। चुनाव में विपरीत बल बहुत लगता है। कुछ प्रतिक्रिया देकर दल -दल में पैर माननीय डालते है। फायदा -नुकसान आकलन में संकलन की रिपोर्ट हवा - हवाई है। चुनाव में वक़्त बेवक्त बन जाता है। आलाकमान को अपनी अक-ड़ पकड़ कर रखनी चाहिए। वरना पगड़ी उछल जाती है। चुनाव बीतने पर पछताए हित क्या? राज्यसभा चुनाव में क्रास वोटिंग की खबरें मीडिया में उड़ी या उड़ाई गई। सपा बस वफा पर विश्वास जमाई थी। लेकिन मोए -मोए हो गया। उनके पांच सनम वेवफा निकले। दिल की अरमा आंसुओं में बह गए... राज्यसभा जाने का सपना ढह गए। आलाकमान का अपने विधायकों के दिल पर आला लगा के भी न समझ पाए।पहले सेंटिंग फिर क्रॉस वोटिंग हो गई। ईमानदारी का बेसुरा गान सिर्फ राजनीति में गाया-बजाया जाता है।असल में यहाँ भ्रष्टाचार का बोलबाला है। बेचारा ईमानदार काला है। यहाँ सफेद झूठ का क्रय-विक्रय है।बस अपनी ढपली अपना राग हर दल -दल में सांग। राजनीति में रांग ही राइट होता है। मीडिया को मसाला चाहिए। क्रॉस वोटिंग की खबर मसालेदार है। यह टीआरपी के लिए भी जायकेदार है। जहाँ जायका है वहीं विधायकों का मायका है। इस दल से उस दल में विदाई रश्म निभाई जाती है। यह लोकतंत्र है। इसलिए हक है उन्हें विदा होकर मायका या ससुराल जाना। जिस दल से जाता है उसके लिए झटके पर झटका और बांधा फलाने का पटका। राज्यसभा चुनाव में जीत की गारंटी है। किस दल -दल के विधायकों की वारंटी है? पीडीए से उड़ी नींद तो किसी की है जिद। राजनीति में भी चुनावी वैतरणी पार करने के लिए सात खून माफ। विपक्ष का सुफड़ा साफ।राज्यसभा चुनावी खेला की शुभ बेला में क्रास वोटिंग का ढेला फेंका गया।

# मफलर, टोंटी और साड़ी लपेटी फोटोकॉपी

डॉ. सुरेश कुमार

**फेंकू जी** फेंकते हैं और लपेटू जी लपेटते हैं। फेंकू जी लच्छेदार भाषण फेंकते रहते हैं और लपेटू जी उसी भाषणों से बिजली तैयार करते हैं। दोनों में चुनावी कैंपेनिंग के समय कुर्सी को लेकर काफी कन्फ्यूजन बना रहता है। फेंकू जी फोटोजेनिक और कुसीर्जेनिक दोनों हैं, इसलिए जल्दी ही वे लपेटू का हाथ अपनी काख में दबाकर दूध में से मक्खी के माफिक दूर कर देते हैं। वे एक साथ भी चल सकते हैं लेकिन अनुशासन से बंधे हुए हैं । दोनों देशभ्रमण पर निकले हुए हैं। तुम्हें पता भी है हमें कहाँ जाना है ? अचानक लपेटू जी ने फेंकू जी से पूछा । इसमें पता करने की क्या बात है। जो हमारे खिलाफ हैं उसे धर दबोचने की जिम्मेदारी भी हमारी है। उन्हें जेल में डालना है या फिर सम्मानों के बिस्कुट रूपी टुकड़ों से भारी डिस्काउंट वाले सेल में खरीदना है!! फेंकू ने अपने फेंकाऊपन की मिसाल पेश की। मेरा मतलब है फेंकू जी कि हम लोग देशभ्रमण पर जा रहे हैं तो हमें ठीक से पता होना चाहिए कि कहाँ-कहाँ का जाना है । इस बात का भी ध्यान रखना चाहिए कि कहीं हमारा देशभ्रमण गलत न हो जाए। देशभ्रमण की चिंता छोड़ो लपेटू जी। बस इतना याद रखो कि जिनका हिसाब करना हैं, उन्हें या तो जेल में रखना है या फिर खेल से बाहर रखना है । मात्र देशभ्रमण के लिए हम अपना समय बर्बाद नहीं कर सकते हैं। मैंने तो यूँहीं पूछ लिया था। जेल या खेल के लिए बंदे को तो चुनना ही होगा न! वरना किसका हिसाब करेंगे और कैसे?

पालतू कुत्तों का इस्तेमाल करना बहुत जरूरी होता है लपेटू जी। मैं न केवल कुत्तों को दुम हिलाने के लिए बल्कि काटने के लिए भी पाल रखा है। देखा नहीं अभी तक हमारे कुत्ते कितनी बार मफलर कुमार पर भौंक चुके हैं। जरूरत पड़ी तो अबकी काटने के लिए छोड़ देंगे। हमें तो केवल कुत्तों को छू कहने की जरूरत है। यहाँ छू कहा वहाँ धर दबोचेंगे। अभी तक न जाने कितने जेल के भीतर हैं और न जाने कितने लाइन में खड़े हैं। इसलिए लपेटते रहो, लपेटते रहो। फेंकू जी ने दाढ़ी पर हाथ फेरते हुए कहा। फिर भी मैं सोचता हूँ कि एक बार सबसे पहले किसके पास जाना है, उसके बारे में विचार कर लेने में कोई हर्ज नहीं है।

## न्यूज फ्लैश

### अनुसूचित जाति के किसानों को ट्रैक्टर पर मिलेगा अनुदान : डीसी विक्रम सिंह

**फरीदाबाद(हरपाल सिंह यादव )। /टीम एक्शन इंडिया** डीसी विक्रम सिंह ने कहा कि कृषि एवं किसान कल्याण विभाग की ओर से अनुसूचित जाति के किसानों को ४५ एचपी व अधिक क्षमता के ट्रैक्टर पर १ लाख का अनुदान दिया जा रहा है, जिसके लिए किसान २६ फरवरी से ११ मार्च तक विभागीय पोर्टल डुद्दह्लद्धड्डह्4ड्ठड्ड.द्दश1.द्बठ्ठ पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। डीसी विक्रम सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि लाभार्थी का चयन गठित जिला स्तरीय कार्यकारी कमेटी (डीएलईसी) द्वारा ऑनलाइन ड्रा के माध्यम से किया जायेगा 7 चयन उपरान्त चयनित किसान को सूचीबद्ध अनुमोदित निमार्ताओं-डीलर से अपनी पसंद का ट्रेक्टर मॉडल तथा मोल भाव करके केवल बैंक के माध्यम से अपने हिस्से (अनुदान राशि को छोड़कर) की कीमत निमार्ता-अनुमोदित डिस्ट्रीब्यूटर के खाते में (पोर्टल के साथ ई-वाउचर) जमा करवानी होगी। निमार्ता डिस्ट्रीब्यूटर को किसान का विवरण, बैंक विवरण, ट्रेक्टर मॉडल, कीमत का निदेशालय के पोर्टल या ई-मेल के माध्यम अनुसार अनुदान ई-वाउचर के लिए प्रार्थना करनी होगी। पीएमयू तथा बैंक द्वारा जाँच उपरांत डिजिटल ई-वाउचर से अधिकृत निमार्ता-अनुमोदित डिस्ट्रीब्यूटर को जारी किया जाएगा 7 अनुदान ई- वाउचर के प्राप्त होने के तुरंत बाद किसान को पसंद किया हुआ ट्रैक्टर के साथ बिल, बीमा, टेम्परेरी नंबर तथा बिल, बीमा तथा आरसी के अप्लाई फीस रसीद आदि दस्तावेज विभागीय पोर्टल पर अपलोड करने होंगे। सहायक कृषि अभियंता विजय कुमार ने बताया कि जिला स्तरीय कार्यकारी कमेटी (डीएलईसी) को ट्रैक्टर सभी मूल दस्तावेज सहित भौतिक सत्यापन के लिए प्रस्तुत करना होगा। कमेटी सभी दस्तावेजों को चेक करने उपरांत भौतिक सत्यापन रिपोर्ट फॉर्म के माथ पोर्टल पर अपलोड करेगी तथा निदेशालय को सूचना देगी 7 निदेशालय स्तर पर जांच के बाद अन्दान ई-वाउचर के माध्यम से अनुदान राशि निमार्ता को जारी करेगा 7 उन्होंने बताया कि किसान अधिक जानकारी के लिए उप निदेशक जिला कृषि एवं किसान कल्याण विभाग व सहायक कृषि अभियंता के कार्यालय में सम्पर्क कर सकते है।

### भारत विकास परिषद् द्वारा लगाया गया निशुल्क चिकित्सा शिविर

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया** भारत विकास परिषद संयम शाखा मथुरा एवं प्रथम पहल धर्मार्थ क्लिनिक के संयुक्त तत्वाधान में एक निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन सौंख रोड स्थित आरोग्य हेल्थ केयर पर किया गया कैंप कि शुरूआत भारत माता व विवेकानंद जी के चित्र पर महामंडलेश्वर नवल गिरी जी महाराज ने माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित कर की गई।

इस स्वास्थ्य शिविर में जनरल फिजिशियन रोग ,हड्डी एवं जोड़ रोग, दांत एवं मुख रोग, त्वचा सौंदर्य एवं केस रोग व आदि विभागों के स्पेशलिटी डॉक्टर मौजूद रहे। जिसमे लगभग सैकड़ों स्थानीय लोगों ने भी निशुल्क चिकित्सा शिविर का लाभ उठाया।निशुल्क चिकित्सा शिविर के आयोजन पर महामंडलेश्वर नवलगिरी की महाराज ने कहा की हमारे ब्रज मंडल में जरूरतमंदों के लिए समय समय पर निशुल्क चिकित्सा शिविर लगाए जाते है वह तारीफे काबिल है और उनके द्वारा दोनों संस्थाओं के पदाधिकारियों की भूरी भूरी प्रशंशा की, वही संरक्षक श्री जयंती प्रसाद अग्रवाल ने कार्यक्रम को लेकर कहा की जिस तरह आज के जनमानस में विभिन्न तरह के रोग हो रहें है और समय रहते लोगों को इसका पता नही चलता उनके लिए निशुल्क चिकित्सा शिविर बहुत लाभदायक होता है। भारत विकास परिषद के संस्थापक सचिन अग्रवाल ने चिकित्सा शिविर के बारे में बताया की भारत विकास परिषद् का लक्ष्य और मकसद हमेशा समाज के सभी वर्गों को साथ लेकर चलना एवं समय समय पर सामाजिक कार्यों को करना की संस्था का उद्देश्य रहता है। इस दौरान महामंडलेश्वर नवल गिरी जी महाराज, जयंती प्रसाद अग्रवाल , सीए अमित अग्रवाल, भारत विकास परिषद के संस्थापक सचिन अग्रवाल, वेदप्रकाश अग्रवाल, राजेश अग्रवाल एडवोकेट, शैलू अग्रवाल, अतुल मित्तल, गिरीश अग्रवाल, गौरव गोयल एडवोकेट, उमेश मित्तल, प्रवीन मित्तल, गणेश अग्रवाल, शंकरलाल अग्रवाल, राहूल अन्नपूर्णा, पवन अग्रवाल आदि लोग मौजूद रहे।

### किसानों के ट्यूवेलों से चोरी करने वाले दो पकडे

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**

थाना गोवर्धन पुलिस व सर्विलांस टीम ने दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। इनके कब्जे से एक पिकअप गाडी एवं दो पंखा (पानी वाले), एक बैण्ड, दो इंजन (ट्राली, डुगडुगी) व एक तमंचा, दो जिन्दा कारतूस बरामद किये हैं।

प्रभारी निरीक्षक थाना गोवर्धन विनोद बाबू मिश्रा के

# लोकसभा चुनावः अंतरराज्यीय शराब की तस्करी रोकने को खडी की अभेद्य दीवार

**कार्यवाही**

**8 -लोकसभा चुनावों की सुचिता सुनिश्चित करने के लिए कार्यवाही तेज कर दी गई है।**

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**

लोकसभा चुनाव की तैयारियां जारी हैं। चुनावों की सुचिता सुनिश्चित करने के लिए कार्यवाही तेज कर दी गई है। उत्तर प्रदेश में चुनाव के अवसर पर होने वाली मदक पदार्थों की तस्करी को रोकने के लिए पुख्ता इंतजामात किये गये हैं। खास कर हरियाणा और पंजाब से होने वाली तस्करी को रोकने



के एल इंटरस्टेट पोस्ट बनाये गये हैं। इन पोस्ट पर लगातार संदिग्ध वाहनों की चैकिंग की जा रही है। हरियाणा से लगने वाले कोटवन बार्डर पर चेकपोस्ट बनाई गई है। इसी तरह हरियाणा की ओर से चेकपोस्ट बना कर लगातार चैकिंग की जा रही है। एजेंसियां समस्य स्थापित कर काम कर रही हैं जिससे कि तस्करी की संभावनाओं को न्यनतम किया जा सके। वहीं राजस्थान की सीमा पर चेकपोस्ट नहीं बनाये गये हैं। इसके पीछे अधिकारियों का तर्क है कि राजस्थान और यूपी में शराब की कीमतें लगभग समान हैं, इस लिए तस्करी की कोशिश नहीं होती है। पकडी जाने वाली तस्करी की अधिकांश शराब हरियाणा और पंजाब से ही आती है। इसी को देखते हुए कोटवन बार्डर पर चेकपोस्ट बनाई गई है।

मथुरा में हर महीने करोडों की शराब पी रहे लोग

ड्राई ऐरिया और पवित्र तीर्थ स्थलों से आच्छादित मथुरा जनपद में बडे हिस्से में मादम पदार्थों की बिक्री पर पूर्ण प्रतिबंध है। बावजूद इसके मथुरावासी प्रति महीने करोडों की शराब पी जाते हैं। इससे सरकार को बडे राजस्व की प्राप्ति हो रही है लेकिन लोगों के घर कंगाल हो रहे हैं। जिला आबकारी अधिकारी मथुरा कुमार प्रभात चंद्र ने बताया कि दिसम्बर महीने में शराब से करीब 60 करोड का राजस्व प्राप्त हुआ। जिसमें 31 करोड अंग्रेजी, 19 करोड देशी तथा 09 करोड रोजस्व बीयर से मिला। इसी प्रकार जनवरी महीने में 88 करोड का राजस्व विभाग से सरकार को प्राप्त हुआ।

जिसमें 30.62 करोड अंग्रेजी, 17.80 करोड देशी तथा 7.57 करोड बीयर से मिला। बाकी हिस्सा इस महीने दुकानों के अवंटन और दूसरी निधियों का है।

यह हुई है कार्यवाही

जिला आबकारी अधिकारी मथुरा कुमार प्रभात चंद्र के मुताबिक जनवरी माह में तस्करी कर ले जाई जा रही कुल 831 लीटर शराब जब्त की गई और कुल 44 मामलों में विभिन्न थानों में एफआईआर दर्ज कराई गई हैं।

## पानीपत के संजय चौक पर युवाओं ने लगाया वंदेमातरम चौक का बोर्ड

**कमाल हुसैन**
**पानीपत/टीम एक्शन इंडिया**

पानीपत शहरी विधानसभा के संजय चौक का नाम बीते दिनों परिवर्तित करके वंदे मातरम चौक कर दिया गया था क लेकिन साइन बोर्ड पर अब भी संजय चौक नाम है।

मंगलवार को पानीपत के युवाओ ने साइन बोर्ड पर संजय चौक की जगह वंदे मातरम चौक का बोर्ड निजी रूप से लगा कर नाम परिवर्तित कर दिया। युवाओ का कहना है कि यह राष्ट्र भक्ति का विषय है, प्रशासनिक प्रक्रिया पूर्ण होने में समय लगता है, किंतु चौक का नाम परिवर्तित करना आवश्यक था, इसलिए स्वयं युवा बोर्ड पर नाम परिवर्तित कर रहे हैं क विधायक विज द्वारा परिवर्तित



कराया गया था नामः- संजय चौक का नाम विधायक प्रमोद विज द्वारा नगर निगम की बैठक मे परिवर्तित कराया गया था, जिसपर स्थानीय काँग्रेस के नेताओ ने आपत्ति भी जताई थी

## रंगीली गली से लाडली जी मंदिर जाने पर रहेगा प्रतिबंध

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**

बरसाना की विश्व प्रसिद्ध लड्डू होली व लठामार होली के दौरान राधाजी के दर्शनों की व्यवस्था में इस बार परिवर्तन किया गया है। दो दिन श्रद्धालु पुराने मार्ग से नहीं जायेंगे मंदिर। नए रूट प्लान के अनुसार श्रद्धालुओं को सीढ़ियों के रास्ते उतारा जाएगा। इस प्लान पर ग्रामीणों व प्रशासन ने मोहर लगा दी। बरसाना में 17 मार्च को लड्डू होली व 18 मार्च को रंगीली गली में नंदगांव के हुरियारे बरसाने की हुरियारिनों से लठमार होली खेलेंगे। इसकी व्यवस्था के लिए एडीएम नीलम श्रीवास्तव व थाना प्रभारी अरविंद निर्वाल एवं चेयरमेन प्रतिनिधि पदम फौजी ने नगर पंचायत के सभासद व मंदिर सेवायत एवं गड़मान्य नागरिकों के साथ पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस के जनता के समक्ष नए रूट प्लान का प्रस्ताव रखा जिसपर सभी ने अपनी सहमति दे दी। इस बार नए रूट प्लान के अनुसार कोसीकलां व छाता मार्ग से आने वाले श्रद्धालुओं को सीधे पुराने अड्डा, कटारा पार्क, डाक्टर सुभाष तौमर के क्लीनिक से मैन बाजार होकर जयपुर मंदिर के रास्ते लाडलीजी मंदिर में राधा रानी के दर्शनों के लिए भेजा जाएगा।वहीं मथुरा गोवर्धन की तरफ से आने वाले यात्रियों को गोवर्धन ड्रेन से सहकारी समिति, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, यादव मौहल्ला होकर थाने के पास से गाडियों के रास्ते से जयपुर मंदिर होकर यात्रियों को लाडलीजी मंदिर भेजा जाएगा। ताकि कहीं भी जाम में यात्री जाम में न फंसे न ही यात्रियों में भगदड़ की स्थिति बने। इसके अलावा जो यात्री गहवरवन की परिक्रमा लगाकर लाडलीजी मंदिर पहुंचेंगे वे भी आसानी से मंदिर में प्रवेश कर सकेंगे। पहले ये यात्री लाडलीजी मंदिर के पीछे की सीढ़ी से नीचे उतारा जाता था फिर दुबारा मंदिर के लिए सीढ़ियों के रास्ते से जाते थे। अब कोई यात्री रंगीली गली, सुदामा चौक होकर सीढ़ियों के रास्ते से लाड़लीजी मंदिर नहीं जा पायेगा। इन रास्तों से होकर यात्री मंदिर से बाहर निकल कर आयेंगे।

## दबाई गई इंच इंच जमीन की सुध ले रहा नगर निगम


**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**

नगर निगम का विस्तार होने से पहले निगम का बडा क्षेत्र ग्रामीण था और ग्राम पंचायतों के तहत था। नगर निगम का विस्तार होने के बाद इन बाहरी क्षेत्रों में निगम सरकारी जमीनों को लगातार अवैध कब्जे से मुक्त करा रहा है। वहीं नगर निगम के पुराने शहरी क्षेत्र में भी लगातार अभियान चलाया जा रहा है। निगम एक एक इंच जमीन की सुध ले रहा है जिसे पूर्व में मशीनरी की लापरवाही के चलते चिन्हित नहीं किया जा सका था अथवा कब्जा मुक्त कराने की प्रभावी कार्यवाही अमल नहीं लाई जा सकी थी। नगर आयुक्त शशांक चौधली की जा रही कार्यवाही की लगातार मानीटरिंग कर रहे हैं। नगर आयुक्त शशांक चौधरी द्वारा नगर निगम मथुरा वृंदावन क्षेत्र अंतर्गत सरकारी भूमि पर अवैध कब्जे अथवा अतिक्रमण के विरुद्ध निरंतर अभियान चलाए जाने के लिए अधीनस्थों को निर्देशित किया गया है।

## एसजेवीएन ने 100 मेगावाट राघनेस्दा सौर विदयुत स्टेशन को कमीशन किया

**शिमला**

एसजेवीएन ने आज गुजरात के बनसकंठा जिले में स्थित 100 मेगावाट के राघनेस्दा सौर विदयुत स्टेशन की कमीशनिंग की है। इस परियोजना की कमीशनिंग से, एसजेवीएन की स्थापित क्षमता अब 2377 मेगावाट हो गई है। इस वर्ष फरवरी माह में एसजेवीएन की कमीशनिंग होने वाली यह दूसरी सौर परियोजना है। एसजेवीएन लिमिटेड की नवीकरणीय अधीनस्थ कंपनी एसजेवीएन ग्रीन एनर्जी लिमिटेड ने गुजरात ऊर्जा विकास निगम लिमिटेड द्वारा आयोजित प्रतिस्पर्धी टैरिफ बोली के माध्यम से 2.64 रुपए प्रति यूनिट के टैरिफ पर 100 मेगावाट राघनेस्दा सौर



विदयुत स्टेशन हासिल किया था। परियोजना की निर्माण एवं विकास लागत 642 करोड़ रुपए है। परियोजना प्रथम वर्ष में 252 मिलियन यूनिट विदयुत का उत्पादन करेगी तथा 25 वर्षों की अवधि में अनुमानित संचयी ऊर्जा उत्पादन 5805 मिलियन यूनिट होगा। जनवरी, 2022 में हस्ताक्षरित एक दीर्घकालिक विदयुत क्रय करार के अंतर्गत 25 वर्षों के लिए राघनेस्दा सौर विदयुत स्टेशन द्वारा उत्पादित विदयुत जीयूवीएनएल द्वारा खरीदी जाएगी।

श्रीमती गीता कपूर, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, एसजेवीएन ने कहा कि कंपनी की ग्यारहवीं विदयुत परियोजना का कमीशन होना देश के ग्रीन एनर्जी लैंडस्केप की वृद्धि हमारे समर्पण को दशार्ती है और ऊर्जा क्षेत्र में एक प्रमुख पेशेवर के रूप में हमारी स्थिति को और सुदृढ़ करती है।

## वाहन चोर गिरोह का पदार्फाश करते हुए ६ आरोपियो को किया गिरफ्तार

**वारदात**

**8 आरोपी पिछले जनवरी-फरवरी माह में ३५-४० चोरी की वारदात को अनजाम दे चुके है**

**फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )।/टीम एक्शन इंडिया**

पुलिस उपयुक्त अपराध हेमेंद्र कुमार मीणा के द्वारा शहर में अपराध पर अंकुश लगाने के लिए आपराधिक मामलों में संलिप्त चल रहे आरोपियों की धर-पकड़ के दिए गए दिशा निर्देश के तहत कार्रवाई करते हुए अपराध शाखा एनआईटी प्रभारी नरेश कुमार के नेतृत्व में अपराध





शाखा टीम व थाना सेन्ट्रल प्रभारी रनवीर मलिक की टीम ने संयुक्त रुप से कार्रवाई करते हुए वाहन चोरी करने वाले गिरोह का पदार्फाश करते हुए कबाडी और चोरी के वाहन खरीदने वाले आरोपी सहित, वाहन चोरी करने वाले ६ आरोपियों को गिरफ्तार किया है। एसीपी अपराध अमन यादव ने प्रेस वार्ता के दौरान बताया कि गिरफ्तार आरोपियों में बबलू, संदीप, दिनेश उर्फ गंजा, आरिफ, मुस्तफा और सोनू का नाम शामिल है। आरोपी बबलू और आरोपी दिनेश उर्फ गंजा संजय कॉलोनी फरीदाबाद, आरोपी संदीप गांव महेशपुर पलवल, आरोपी आरिफ गांव मामलिका नहूं, आरोपी मुस्तफा गांव जमालगढ़ नहूं तथा आरोपी सोनू गांव मंडावर सोहना का रहने वाला है। अपराध शाखा टीम ने अपने गुप्त सूत्रों से प्राप्त सूचना से आरोपी बबलू,संदीप और दिनेश को थाना सेंटर की टीम की मदद से सेंट्रल थाना के चोरी के मुकदमे में सेक्टर १२ फरीदाबाद से गिरफ्तार किया है तथा आरोपी सोनू को गुरुग्राम जेल से प्रोडक्शन वारंट पर लेकर गिरफ्तार किया है। आरोपियों द्वारा पूछताछ के दौरान फरीदाबाद की सेक्टर १२ मॉल, टाउन पार्क, वर्ल्ड स्टील मॉल, बीके हॉस्पिटल, जाजरू वाटिका, सेक्टर ५८,एनआईटी मॉल, रोज गार्डन, कोतवाली तथा पलवल व गुड़गांव से जनवरी- फरवरी माह में करीब ३५-४० मोटरसाइकिल चोरी करने की वारदातों का खुलसा हुआ है। आरोपियो से पूछताछ में सामने आया कि आरोपी चोरी की मोटरसाइकिलों को आरोपी आरिफ कबाडी तथा अन्य एक आरोपी कबाडी को बेच देते हैं। एक चोरी की मोटरसाइकिल क्र१५ आरोपियों ने जमालगढ़ के मुस्तफा को बेची थी। आरोपी मुस्तफा को राजस्थान से गिरफ्तार कर चोरी की मोटरसाइकिल बरामद की गई है।

## ट्रेन से कटकर महिला हेड कॉन्स्टेबल की मौत



**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल**

करनाल रेलवे स्टेशन पर लाइन क्रॉस करते वक्त वंदे भारत ट्रेन की चपेट में आने से एक महिला हेड कॉन्स्टेबल की मौत हो गई। महिला पुलिसकर्मी रामनगर की तरफ दवाई लेने के लिए जा रही थी। मृतका की पहचान नीलम के रूप में हुई है। वह जीआरपी करनाल में अपनी सेवाएं दे रही थी, लेकिन टेंपरेरी तौर पर उनकी पोस्टिंग नेवल में थी, जहां पर वह ट्रेनिंग सेशन दे रही थी। 14 साल पहले ही महिला पुलिस में भर्ती हुई थी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के बाद शव परिजनों के हवाले कर दिया है। 38 वर्षीय नीलम की मौत से परिजनों पर दुखों का पहाड़ टूटा है। परिजनों की माने तो नीलम कैथल के पाई गांव की रहने वाली थी और 17 साल पहले उसकी शादी शेरगढ़ टापू निवासी जितेंद्र के साथ हुई थी। शादी के 3 साल बाद ही नीलम पुलिस में भर्ती हो गई थी। नीलम के पास एक लडका है, जो 12वीं में पढ़ता है और 12वीं के एग्जाम देने के लिए गया हुआ था।

परिजनों के मुताबिक नीलम सहित वे तीन बहने हैं। नीलम की दूसरी बहन की भी शादी शेरगढ़ टापू में ही हुई है। नीलम का एक भाई भी था, जिसकी कुछ साल पहले मौत हो चुकी है और तीन साल पहले नीलम की माता की भी मौत हो गई थी।

## युवा पर्यटन क्लब के बच्चों ने देखा सूर स्मारक, बनाईं पैटिंग

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**

पर्यटन विभाग के युवा पर्यटन क्लब से जुड़े स्कूली छात्र छात्राओं को सूरदास जी की तपोस्थली परासौली (गोवर्धन) का भ्रमण कराया गया। बच्चों ने भ्रमण के दौरान अलग अलग पेटिंग भी तैयार कीं। उनको ब्रज के पर्यटन स्थलों की जानकारी दी गयी। यह भ्रमण कार्यक्रम उप्र ब्रज तीर्थ विकास परिषद के सहयोग से हुआ। रविवार को पर्यटन विभाग मथुरा द्वारा उच्चतर माध्यमिक राजकीय विद्यालय लोहवन के 25 छात्र व छात्राओं और सात शिक्षिकाओं ने युवा पर्यटन क्लब के बैनर तले गोवर्धन सौंख रोड स्थित गांव परासौली ले जाकर सूरदास की तपोस्थली, चंद्र सरोवर, निमार्णाधीन सूरदास ब्रजभाषा अकादमी भवन को देखा। यहां बच्चों ने अपनी तूलिका से पेपर सीट पर सूरदास, मीराबाई आदि के बहुत सुंदर चित्र बनाए।

## सुप्रीम कोर्ट के आदेशों की अवहेलना करने पर सीएम फ्लाइंग की रेड

**खरखौदा/सोनीपत/सोमपाल सैनी /टीम एक्शन इंडिया**

खरखौदाः सीएम फ्लाइंग की टीम ने खांडा गांव के दो ईंट भट्?ठों पर मंगलवार को छापा मारा। इस दौरान 2 ईट भट्?ठे चलते हुए मिले। जिस पर टीम ने कार्रवाई करते हुए भट्ठा मालिको को नोटिस थमा दिया और जवाब देने को कहा।

सीएम फ्लाइंग की टीम में इंस्पेक्टर सुनील कुमार, प्रदूषण कंट्रोल बोर्ड से एसडीओ अमित व फूड एंड सप्लाई से इंस्पेक्टर प्रवेश व खरखौदा पुलिस अपनी अपनी टीम के साथ मौजूद रहे।



खाद्य आपूर्ति विभाग खरखौदा इंस्पेक्टर प्रवेश कुमार का कहना कि सीएम फ्लाइंग को गुप्त सूचना मिली थी कि खरखौदा क्षेत्र में प्रतिबंध के बाद भी ईंट भट्?ठे चलाए जा रहे है। सूचना पाकर टीम मंगलवार को गाँव खांडा में पहुँची और जाँच की। जांच में टीम ने पाया कि खांडा में दो ईट भट्ठे सुप्रीम कोर्ट में एनजीटी के आदेशों के बाद भी अवैध रूप से चलाएं जा रहे हैं। जबकि नियम के तहत एक मार्च से पहले उन्हें चलाया नहीं जा सकता है। जिस पर टीम की तरफ से मौके से सबूत एकत्रित करते हुए अपनी कार्रवाई को अंजाम दिया। टीम ने कार्रवाई करते हुए मान ईट भट्ठा दो व बी एस ईट भट्ठा मालिकों को नोटिस जारी कर दिया और उसका जवाब देने को कहा। इस दौरान सीएम फलाइंग टीम से इंसपेक्टर सुनील कुमार के साथ पॉल्यूशन विभाग के एसडीओ अमित, खरखौदा खाद्य एवं आपूर्ति विभाग के इंस्पेक्टर प्रवेश कुमार के साथ साथ राजेश, जसमेर, सुनील मोर, कुलदीप अन्य आदि मौजूद रहे।

## तीन युवकों पर हुआ जानलेवा हमला, कोर्ट से लौट रहे थे

**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**

करनाल कोर्ट में तारीख लगाकर लौट रहे तीन युवकों पर जानलेवा हमले की कोशिश की गई है। घटना को फिल्मी स्टाइल में अंजाम देने का प्रयास किया गया है। सफेद व काले रंग की स्कॉर्पियो गाड़ी में हथियारों से लैस बदमाशों ने युवकों की गाड़ी को पीछे से और आगे से जबरदस्त टक्कर मारी। बदमाशों ने उनकी गाड़ी पर भी लाठी डंडे बरसाए। होटल ज्वेलर्स के सामने डीडब्ल्यूआर में घुसकर कार सवार युवकों ने अपनी जान बचाई और पूरे मामले की सूचना पुलिस को दी। इसके बाद पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस को आते देख बदमाश



गाडि?ों को लेकर मौके से फरार हो गए। वहीं पुलिस ने क्षतिग्रस्त गाड़ी को कब्जे में लेकर मामले की जांच शुरू कर दी।

करनाल के न्यू रमेश नगर व सदर बाजार के रहने वाले सन्नी, विकास और नीरज आज करनाल कोर्ट में लड़ाई झगड़े के मामले में तारीख लगाने के लिए गए हुए थे। वे अपनी गाड़ी में घर की तरफ लौट रहे थे। कोर्ट के बाहर से ही रास्ते में उनके पीछे दो स्कॉर्पियो गाड़ी लग गईं, जिसमें एक सफेद रंग की थी तो एक काले रंग की थी। एक गाड़ी में करीब 8 और दूसरी में करीब 5 लडके थे। उन लोगों के पास लाठी-डंडे, तेजधार हथियार और असलाह भी था।

पीड़ित सन्नी ने बताया कि मॉडल टाउन में स्कॉर्पियो में सवार हमलावरों ने हमला किया और गाड़ी के साथ तोडफोड़ की। हमलावरों ने असलाह निकाला तो मैंने अपनी गाड़ी दौड़ानी शुरू कर दी। हमारे पीछे पीछे गाडि?ां चल रही थीं। जो हमलावर पार्टी है, उनसे हमारा कोई झगड़ा नहीं है। इस हमलावर पार्टी का किसी और के साथ झगड़ा है, लेकिन वे हमला हमारे ऊपर कर रहे हैं।

सन्नी ने बताया कि मैं उन हमलावरों में से तीन-चार लोगों को जानता हूं। हमलावर हमें जान से मारने के लिए आए थे, लेकिन हमने ज्वेलर्स होटल रोड पर डीडब्लयूआर संस्थान में घुसकर अपनी जान बचाई और पुलिस को सूचित किया। इसके बाद पुलिस पहुंची और हम पुलिस चौकी में आए।पीडितों की गाड़ी बहुत बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हुई है। गाड़ी के अंदर भी तलवार और डंडे मिले हैं। जिस हिसाब से तलवार व डंडे मिले हैं, उससे लगता है कि युवक भी तैयारी में थे, लेकिन जब युवकों से तलवार के बारे में पूछा गया तो उन्होंने बताया कि यह तलवार शादी में दूल्हे को देने के लिए दी है। वहीं पुलिस ने भी तलवार को अपने कब्जे में ले लिया है।

मॉडल टाउन चौकी के जांच अधिकारी संदीप ने बताया कि युवकों पर हमले की सूचना मिली है। गाड़ी क्षतिग्रस्त हुई है।

## करनाल के वाटर पार्क मालिक को धमकी

**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**

करनाल के वाटर पार्क मालिक और उसके परिवार को गैंगस्टरों ने राजस्थान की जमीन खाली न करने पर जान से मारने की धमकी दी है। उसके पास पुर्तगाल के नंबर से फोन आया। कॉलर ने उसे कहा कि मैं राजस्थान का गोदारा गैंगस्टर बात कर रहूं। अगर उसे अपनी जान प्यारी है तो राजस्थान वाली जमीन को जल्द से जल्द खाली कर दो या सस्ते दामों पर बेचकर चुपचाप निकल जाओ।

करीब 20 दिन पहले नकाबपोश बदमाशों ने राजस्थान में जमीन की देखरेख करने वाले पीड़ित के भांजे को गनपॉइंट पर लिया और घर में रखे 3.20 लाख रुपए लूट लिए। रात को ही बदमाशों ने भांजे को अगवा कर



लिया और तीन घंटे तक गाड़ी में बैठाकर जंगलों में घुमाते रहे। बाद में उसे सुनसान इलाके में छोडकर धमकी दे गए कि अगर तू खेत की तरफ गया तो जान से मार देंगे। पीड़ित ने मामले की शिकायत पुलिस को की है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

करनाल के सेक्टर-6 निवासी 78 वर्षीय हुकमचंद देसवाल एमआइटीसी विभाग में चीफ इंजीनियर की पद से रिटायर्ड हैं। पुलिस को दी शिकायत में उन्होंने बताया कि उसकी करीब 82 बीघा जमीन गांव पीह जिला डीडवाना तहसील पुष्कर राजस्थान में है, जहां पर वह खेती करता है, जिसकी देखरेख कान्हा राम करता है। हुकमचंद ने बताया कि उसने अपने भांजे समुंदर सिंह को राजस्थान में खेतों की देखरेख के लिए भेजा था।शिकायतकर्ता ने बताया है कि बीती 7 फरवरी की रात को राजस्थान में उसकी जमीन की देखरेख करने वाले रिश्तेदार के मकान में 15 से 20 नकाबपोश लोग खतरनाक हथियारों के साथ घुस गए।

ACTION INDIA

# एक्शन इंडिया

Front Page - 2

एक्शन इंडिया ▸ ऊना ▸ 28 फरवरी 2024 ▸ पृष्ठ 12 ▸ आरएनआई: HPHIN / 2012 / 48072

RKB GROUP
Rakesh Bhardwaj Group

## फास्ट न्यूज

### अनिल अंबानी की रिलायंस कैपिटल को खरीदेगा हिंदुजा ग्रुप

**नई दिल्ली:** अनिल अंबानी की दिवालिया कंपनी रिलायंस कैपिटल को हिंदुजा समूह की कंपनी खरीदेगी। राष्ट्रीय कंपनी कानून न्यायाधिकरण (एनसीएलटी) ने मंगलवार को हिंदुजा समूह की कंपनी इंडसइंड इंटरनेशनल होल्डिंग्स की रिलायंस कैपिटल के लिए 9,650 करोड़ रुपये की समाधान योजना को मंजूरी दे दी। अनिल अंबानी की कंपनी ने शेयर बाजार को रेगुलेटरी फाइलिंग में ये जानकारी है। हालांकि, कंपनी की ओर से फाइनेंशियल डीटेल के बारे में कोई जानकारी नहीं दी गई है। ट्रिब्यूनल ने 11 जनवरी को इस मामले पर अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था। रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया ने नवंबर 2021 में अनिल धीरूभाई अंबानी समूह की कंपनी रिलायंस कैपिटल के बोर्ड को शासन से जुड़े मुद्दों और भुगतान में चूक के कारण निलंबित कर दिया था। आरबीआई ने नागेश्वर राव वाई को प्रशासक नियुक्त किया था, जिन्होंने कंपनी को संभालने के लिए फरवरी 2022 में बोलियां आमंत्रित की थीं। उल्लेखनीय है कि रिलायंस कैपिटल पर 40 हजार करोड़ रुपये से अधिक का कर्ज है। पहले चार आवेदकों ने समाधान योजना के साथ बोली लगाई थी। हालांकि, लेनदारों की समिति ने कम बोली मूल्यों के लिए सभी चार योजनाओं को खारिज कर दिया था। इसके बाद एक नई प्रक्रिया के तहत जून 2023 में हिंदुजा समूह के फर्म को समिति की ओर से 9,661 करोड़ रुपये की अग्रिम नकदी की बोली के लिए चुना गया था।

### गृह मंत्रालय ने जमात-ए-इस्लामी पर प्रतिबंध पांच साल बढ़ाया

**नई दिल्ली:** केन्द्रीय गृह मंत्रालय ने जमात-ए-इस्लामी, जम्मू-कश्मीर पर अगले पांच सालों के लिए प्रतिबंध बढ़ा दिया है। गैर कानूनी गतिविधि निरोधक कानून (यूएपीए) के तहत ऐसा किया गया है। सरकार का कहना है कि संगठन अलगाववाद और आतंकवाद का समर्थक है और भारत विरोधी प्रचार कर रहा है। केंद्रीय गृह मंत्री ने ट्वीट कर कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की आतंकवाद और अलगाववाद के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति के तहत सरकार ने जमात-ए-इस्लामी, जम्मू कश्मीर पर प्रतिबंध पांच साल के लिए बढ़ा दिया है। गृह मंत्रालय की अधिसूचना के अनुसार संगठन को राष्ट्र की सुरक्षा, अखंडता और संप्रभुता के खिलाफ अपनी गतिविधियां जारी रखते हुए पाया गया है। संगठन को पहली बार 28 फरवरी 2019 को 'गैरकानूनी संघ' घोषित किया गया था।

### रेत खनन घोटाला: तमिलनाडु सरकार को सुप्रीम झटका

नई दिल्ली: कथित रेत-खनन घोटाला मामले में तमिलनाडु सरकार को बड़ा झटका लगा है। सुप्रीम कोर्ट ने रेत-खनन घोटाला मामले में ईडी की कार्रवाई को हरी झंडी दे दी है।

# 'योगीराज' में उद्योग धंधे से बन रही चंदौली की नई पहचान

**जुलाई तक बनकर तैयार हो जाएगी देश की सबसे बड़ी 'स्टेट ऑफ आर्ट होलसेल फिश मार्केट' , डबल इंजन की सरकार चंदौली में करा रही मछली के आकार का देश की सबसे बड़ी अल्ट्रा मॉडल मत्स्य मंडी का निर्माण, 61.86 करोड़ रुपये की लागत से दस हजार वर्गमीटर में हो रहा तीन मंजिला इमारत का निर्माण**

**टीम एक्शन इंडिया**

**लखनऊ:** उत्तर प्रदेश में ग्रास रूट लेवल पर खेलों को बढ़ावा दे रही योगी सरकार अब महाविद्यालयों में खेलों का इंफ्रास्ट्रक्चर तैयार कर वहां भी खिलाड़ियों को तैयार करने में जुट गई है। इसके लिए सरकार ने मेजर ध्यानचंद मिशन के तहत राजकीय महाविद्यायलों में खेलकूद इंफ्रास्ट्रक्चर के लिए 1.71 करोड़ रुपए की राशि स्वीकृत की है। इस राशि को 31 मार्च 2024 तक किया जाना अनिवार्य होगा। इस राशि से खेलकूद से संबंधित विभिन्न निर्माण कार्य कराए जाएंगे, ताकि महाविद्यालयों में आने वाले खिलाड़ियों को प्रशिक्षण और विभिन्न प्रतियोगिताओं की तैयारियों के लिए कहीं अन्य जगह भटकना न पड़े।

**प्रत्येक महाविद्यालय को मिलेंगे एक लाख रुपए:** प्रदेश सरकार में उच्च शिक्षा मंत्री योगेंद्र उपाध्याय ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी की मंशा के अनुरूप प्रदेश भर के राजकीय महाविद्यालयों में खिलाड़ियों को तैयार किए जाने की योजना है। साथ ही, पहले से जो खिलाड़ी महाविद्यालयों में अध्ययनरत हैं उन्हें खेल का इंफ्रास्ट्रक्चर उपलब्ध कराना हमारी प्राथमिकता है। इसी क्रम में शासन स्तर पर कुल 171 राजकीय महाविद्यालयों में खेल इंफ्रास्ट्रक्चर तैयार करने के लिए प्राविधानित बजट 1.72 करोड़ के सापेक्ष 1.71 करोड़ की राशि जारी की जा रही है। इसके तहत प्रत्येक राजकीय महाविद्यालय को एक लाख रुपए मुहैया कराए जाएंगे, ताकि वो अपने यहां आवश्यक इंफ्रास्ट्रक्चर तैयार कर सकें। इसके माध्यम से खिलाड़ी महाविद्यालय में अध्ययन के साथ-साथ अपने पसंदीदा खेलों में करियर बनाने की संभावनाओं को भी मूर्त रूप दे सकेंगे।



**गुणवत्ता से नहीं होगा समझौता:** मालूम हो कि महाविद्यालय इस राशि से खेल से संबंधित नए इंफ्रास्ट्रक्चर तैयार कर सकेंगे। इसमें विभिन्न खेलों से संबंधित कोर्ट, टर्फ आदि शामिल हैं। उन्होंने बताया कि स्वीकृत की जा रही धनराशि निदेशक, उच्च शिक्षा उत्तर प्रदेश प्रयागराज द्वारा आरटीजीएस के माध्यम से निर्माण एजेंसी लोक निर्माण विभाग को उपलब्ध कराने में वित्त विभाग के द्वारा निर्धारित शर्तों का अनुपालन सुनिश्चित किया जाएगा। इस राशि का उपयोग हर हाल में 31 मार्च 2024 तक किया जाना है।

**गुणवत्ता**

राजकीय महाविद्यालयों में खेलकूद इंफ्रास्ट्रक्चर के लिए 1.71 करोड़ रुपए की राशि स्वीकृत की

स्वीकृत राशि बैंक खाते में नहीं रखी जाएगी एवं इसका व्यय वित्तीय हस्तपुस्तिका के सुसंगत प्राविधानें एवं समय-समय पर शासन द्वारा निर्गत शासनादेशों के अनुरूप किया जाएगा। कार्यों का सम्यक परीक्षण नियमानुसार किया जाए एवं कार्य की गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाए, इसके संबंध में सभी राजकीय महाविद्यालयों को निर्देशित किया गया है।



राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने राष्ट्रपति भवन सांस्कृतिक केंद्र में कला प्रदर्शनी को देखती हुई।

## 'विपक्षी पार्टियों ने कोर्ट के पिछले आदेशों का फायदा उठाया'

**टीम एक्शन इंडिया**

**कोलकाता:** तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के वरिष्ठ नेता अभिषेक बनर्जी ने मंगलवार को कलकत्ता हाई कोर्ट का धन्यवाद किया।

दरअसल, अदालत ने यह स्पष्ट किया कि फरार टीएमसी नेता शाहजहां शेख की गिरफ्तारी पर कोई रोक नहीं है। हाई कोर्ट ने सोमवार को संदेशखाली की महिलाओं के साथ दुष्कर्म करने और जमीन पर कब्जा करने वाले आरोपी नेता शाहजहां शेख को गिरफ्तार करने का निर्देश दिया है। राज्य की सत्तारूढ़ पार्टी ने कहा कि वे दोषियों को नहीं बचाएंगे और सात दिनों के भीतर आरोपी को गिरफ्तार किया जाएगा। वकील ने बताया कि यह गलत धारणा बनाई गई है कि अदालत ने शाहजहां शेख की गिरफ्तारी पर रोक लगा दी है। पीठ ने बताया कि उनके पास ऐसा कोई रिकॉर्ड नहीं है। अदालत ने बताया कि एकल पीठ के आदेश के अनुसार ईडी अधिकारियों पर हमले की जांच के लिए संयुक्त विशेष जांच दल के गठन के संबंध में सात फरवरी को रोक जारी की गई थी।

## राज्यसभा सांसद राठवा अपने बेटे संग बीजेपी में हुए शामिल

**टीम एक्शन इंडिया**

**अहमदाबाद :** भारत में इस साल लोकसभा चुनाव होने हैं। चुनाव में जीत पाने और पार्टी को मजबूत करने के लिए कांग्रेस नेता राहुल गांधी इन दिनों भारत जोड़ो न्याय यात्रा कर रहे हैं। हालांकि, ऐसा लगता है कि उनकी यात्रा असरदार साबित होने की बजाय पार्टी के लिए नुकसानदायक साबित हो रही है। एक के बाद एक नेता पार्टी का साथ छोड़ते जा रहे हैं। अब राज्यसभा सदस्य और पूर्व केंद्रीय मंत्री नारण राठवा ने भी कांग्रेस का दामन छोड़ भाजपा का हाथ पकड़ लिया है। नारण राठवा का राज्यसभा का कार्यकाल पूरा होने में अभी कुछ दिन बाकी है। राठवा ने अपने बेटे संग्राम सिंह के साथ गांधीनगर स्थित भाजपा के प्रदेश कार्यालय कमलम में सदस्यता ग्रहण की। आदिवासी समुदाय से आने वाले कांग्रेस के कद्दावर नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री नारण राठवा का राज्यसभा सदस्य के रूप में कार्यकाल इस साल अप्रैल में समाप्त होने वाला है। उन्होंने राजनीति की शुरूआत कांग्रेस से की। वह पांच बार लोकसभा के लिए चुने गए - पहली बार 1989 में, फिर 1991, 1996, 1998 और 2004 में। वह 2004 से 2009 तक यूपीए-1 में रेल राज्य मंत्री रहे। 2009 के लोकसभा चुनाव में वह भाजपा के रामसिंह राठवा से हार गए। फिर वह कांग्रेस से राज्यसभा सांसद बने।

### दिल्ली पुलिस ने चाइल्ड ट्रैफिकिंग गिरोह के आठ सदस्यों को किया गिरफ्तार

**नई दिल्ली:** दिल्ली पुलिस ने चाइल्ड ट्रैफिकिंग गिरोह का खुलासा कर आठ सदस्यों को गिरफ्तार किया है। गिरोह में पांच महिलाएं भी शामिल हैं। पकड़े गए आरोपित दिल्ली और पंजाब मूल के रहने वाले हैं। आरोपित विभिन्न राज्यों में नवजात बच्चों की तस्करी कर उनकी खरीद-फरोख्त करते थे। पुलिस ने इनके कब्जे से एक नवजात बच्ची को भी सुरक्षित रेस्क्यू किया है। डीसीपी डॉ गुरइकबाल सिंह सिद्धू ने जानकारी देते हुए बताया कि बेगमपुर थाना पुलिस को चाइल्ड ट्रैफिकिंग गैंग के बारे में एक सूचना मिली थी।

## 'नागरिक का जीवन और उसकी व्यक्तिगत आजादी की सुरक्षा सर्वोपरि'

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** एक नागरिक की आजादी सर्वोपरि है और उससे जुड़े मामले में तेजी से फैसला न करना व्यक्ति को संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत मिले बहुमूल्य अधिकार से वंचित करेगा। शीर्ष अदालत ने हाल ही में एक मामले में सुनवाई करते हुए यह टिप्पणी की। शीर्ष अदालत ने अनुच्छेद 21 को जीवन और व्यक्तिगत आजादी की सुरक्षा से जुड़े अनुच्छेद 21 को संविधान की आत्मा बताया। अदालत ने कहा कि बंबई उच्च न्यायालय से ऐसे कई मामले सामने आए हैं, जहां जमानत या अग्रिम जमानत के आवेदनों पर तेजी से फैसला नहीं किया जा रहा है। न्यायमूर्ति बीआर गवई और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ सुनवाई कर रही थी। पीठ ने अपने 16 फरवरी के आदेश में कहा, हमारे सामने ऐसे कई मामले आए हैं जिनमें न्यायाधीश गुण-दोष के आधार पर मामले पर फैसला नहीं कर रहे हैं। लेकिन कई आधारों पर मामलों को दबाने के लिए बहाने ढूंढ रहे हैं। इसलिए, हम बंबई उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश से अनुरोध करते हैं कि वह आपराधिक अधिकार क्षेत्र का इस्तेमाल करने वाले सभी न्यायाधीशों से जल्द से जल्द जमानत से जुड़े मामले पर फैसला करने का अनुरोध करें।



पीठ ने कहा, यह कहने की जरूरत नहीं होनी चाहिए कि भारत के संविधान का अनुच्छेद 21 संविधान की आत्मा है। नागरिकों की आजादी सर्वोपरि है। इसमें कहा गया, किसी नागरिक की आजादी से जुड़े मामले में तेजी से फैसला न करना और किसी न किसी आधार पर मामले को दबाना भारत के संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत गारंटीकृत उनके बहुमूल्य अधिकार से वंचित करेगा। पीठ ने सर्वोच्च न्यायालय के रजिस्ट्रार (न्यायिक) से कहा कि वह उच्च न्यायालय के रजिस्ट्रार (न्यायिक) को अपने आदेश से अवगत कराए। शीर्ष अदालत एक आरोपी की ओर से दायर याचिका पर सुनवाई कर रही थी। आरोपी ने बंबई उच्च न्यायालय के 31 मार्च 2023 के फैसले को चुनौती थी। उच्च न्यायालय ने उसकी जमानत याचिका का निपटारा करते हुए उसे निचली अदालत के सामने ऐसी याचिका दायर करने की अनुमति दी थी। आरोपी करीबी सात साल से जेल में थे। उच्च न्यायालय इस बात पर गौरत करते हुए कहा था कि ऐसा लगता है कि जमानत याचिका दायर करने से पहले आरोपी ने इसी तरह की याचिका दायर की थी, जिसमें अप्रैल 2022 में वापस ले लिया गया था।

**निर्देश**

यह कहने की जरूरत नहीं होनी चाहिए कि भारत के संविधान का अनुच्छेद 21 संविधान की आत्मा है

## मध्यप्रदेश में 'मिशन 29' में जुटी भाजपा

### कार्यकर्ताओं की क्लास लेंगे योगी, भजनलाल और फडणवीस

**बैठकों का दौर**

लोकसभा चुनाव 2024 की तैयारियां शुरू कर दी हैं। हाईकमान ने राज्यवार बैठकों को दौर शुरू कर दिया है

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** भारतीय जनता पार्टी ने लोकसभा चुनाव 2024 की तैयारियां शुरू कर दी हैं। भाजपा हाईकमान ने राज्यवार बैठकों को दौर शुरू कर दिया है। राज्यों में कार्यकर्ताओं में जोश भरने और तैयारियों में जुट जाने के लिए भाजपा ने अपने कद्दावर नेताओं को जमीन पर उतारने जा रही है। इसी के तहत राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल मध्यप्रदेश मुरैना लोकसभा में पहुंचकर पार्टी कार्यकर्ताओं की बैठक लेंगे। मार्च के दूसरे सप्ताह में आचार संहिता लगने की संभावना है। इससे पहले क्लस्टर मुख्यालयों में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा पहुंचेंगे। इसके बाद हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर भिंड, ग्वालियर या गुना में से किसी एक लोकसभा क्षेत्र में पहुंचेंगे। यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य विंध्य और बुंदेलखंड क्षेत्र के लोकसभा क्षेत्रों में पहुंचने का कार्यक्रम तैयार किया जा रहा है। इसके अलावा महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम देवेंद्र फडणवीस, छत्तीसगढ़ के सीएम विष्णुदेव साय, गुजरात के सीएम भूपेंद्र भाई पटेल, असम के सीएम हिमंता बिस्वा सरमा, उत्तराखंड के सीएम पुष्कर सिंह धामी, गोवा के सीएम प्रमोद सावंत समेत एक दर्जन से अधिक केंद्रीय मंत्रियों के लगातार मध्यप्रदेश में दौरे होंगे। प्रदेश की सभी 230 विधानसभा क्षेत्रों में मध्यप्रदेश समेत पड़ोसी राज्यों के दिग्गज नेता और मंत्री पार्टी कार्यकर्ताओं की बैठक लेने पहुंचेंगे।



## सीबीआई ने रूद्रपुर के सीजीएसटी अधीक्षक को रिश्वत लेते रंगे हाथों पकड़ा

**नई दिल्ली:** केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने मंगलवार को रूद्रपुर के केंद्रीय वस्तु एवं सेवा कर (सीजीएसटी) अधीक्षक योगेश अग्रवाल को रिश्वत के तौर पर 10 हजार रुपये लेते हुए गिरफ्तार कर लिया। रुद्रपुर (जिला उधम सिंह नगर, उत्तराखंड) और अंबाला (हरियाणा) में आरोपियों के परिसरों की तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान आरोपित के घर से दो लॉकर, बैंक खाते और कुछ आपत्तिजनक दस्तावेज आदि बरामद हुए। सीबीआई ने आरोपित अधीक्षक के खिलाफ एक शिकायत पर मामला दर्ज किया था। आरोपित पर आरोप था कि उसने शिकायतकर्ता की पत्नी की फर्म के निलंबित जीएसटीआईएन को सक्रिय करने के लिए 15 हजार रुपये रिश्वत के तौर पर मांग की थी।

## जरांगे की फडणवीस के खिलाफ की गई बयानबाजी की होगी एसआईटी जांच

**आदेश**

सामाजिक कार्यकर्ता मनोज जरांगे पाटिल मराठाओं के हक के लिए लगातार सरकार को निशाना बना रहे हैं



**टीम एक्शन इंडिया**

**मुंबई: मराठा** आरक्षण को लेकर महाराष्ट्र में लगातार आंदोलन किए जा रहे हैं। सामाजिक कार्यकर्ता मनोज जरांगे पाटिल मराठाओं के हक के लिए लगातार सरकार को निशाना बना रहे हैं। उन्होंने हाल ही में उप मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के खिलाफ तीखे बयान दिए। इस पर विधानसभा अध्यक्ष राहुल नार्वेकर ने संज्ञान ले लिया है। उन्होंने पाटिल द्वारा उप मुख्यमंत्री के खिलाफ दिए बयान पर एसआईटी जांच करने का आदेश दिया है। इधर आंदोलन पर बैठे मराठा आरक्षण कार्यकर्ता मनोज जरांगे पाटिल ने कहा, 'मेरा स्वास्थ्य ठीक है। सभी को गांव-गांव विरोध आंदोलन जारी रखना चाहिए। मैं देख रहा हूं कि मुख्यमंत्री क्या कुछ कह रहे हैं। उनके पास प्रणाली है और वे वही करेंगे जो वे करना चाहते हैं। मैं समाज के लिए लड़ता रहूंगा। मराठाओं के खिलाफ यह हत्या सही नहीं है। देवेंद्र फडणवीस मराठा समुदाय के खिलाफ काम करेंगे। हम शांतिपूर्ण तरीके से प्रदर्शन कर रहे हैं। अगर लोगों पर हमला होता तो पूरा राज्य बर्बाद हो जाता।' भाजपा नेता प्रवीण दरेकर ने मंगलवार को महाराष्ट्र विधान परिषद में जरांगे की उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के खिलाफ आक्रामक टिप्पणियों पर नाराजगी जताई।

## असम: आर्थिक सर्वेक्षण में चौंकाने वाला खुलासा

**टीम एक्शन इंडिया**

**गुवाहटी:** भारत जैसे विकासशील देशों के सामने आबादी और बेरोजगारी बड़ी चुनौती है। कोरोना महामारी जैसी समस्याओं के चलते देश में बेरोजगारों की संख्या काफी बढ़ गई है। इस बीच एक नया आर्थिक सर्वे सामने आया है, जिसके आंकड़े बेहद हैरान करने वाले हैं। इसमें बताया गया है कि साल 2022 में असम में रोजगार कार्यालयों में करीब 10 लाख पढ़े-लिखे युवाओं ने पंजीकरण कराया है। जबकि पिछले वर्ष में यह संख्या महज 1.4 लाख थी। आप इस बात से अंदाजा लगा सकते हैं कि स्थिती कितनी बदतर हो गई है।

**पंजीकरण**

2022 में असम में रोजगार कार्यालयों में करीब 10 लाख पढ़े-लिखे युवाओं ने पंजीकरण कराया

2023-2024 के लिए जारी आर्थिक सर्वे में राज्य के सामने एक बड़ी चुनौती बताते हुए कहा गया है कि नौकरी चाहने वालों में सबसे अधिक संख्या पढ़े-लिखे युवाओं की है। केवल एक साल के अंदर सात गुना से भी अधिक नए पंजीकरण हुए हैं।

**नुकसान** फसलों को नुकसान, दो दिन बदला रहेगा मौसम, हरियाणा में बूंदाबांदी

## मध्यप्रदेश, यूपी और राजस्थान में बारिश, ओले भी गिरे, किसान चिंतित


**टीम एक्शन इंडिया**

**बुर हानपुर/शिवपुरी:** मध्य प्रदेश के बुरहानपुर जिले में मौसम विभाग की यलो अलर्ट की पूर्व चेतावनी के चलते सोमवार दोपहर से ही मौसम में अचानक तब्दीली आ गई थी। सोमवार की शाम करीब एक घंटा तेज बारिश हुई। फिर बारिश थमने के बाद माहौल में ठंडक आ गई। रात भर बिजलियां चमकती रहीं और तीसरे पहर में एक बार फिर झमाझम बारिश हुई। बारिश इतनी तेज थी कि जिले के कई इलाकों में बिजली आपूर्ति बंद रही, सुबह होते ही जिले भर में हुई यह बारिश किसानों के लिए आफत की बारिश साबित हुई।

**आफत की बारिश**

बिजली आपूर्ति बंद रही, सुबह होते ही जिले भर में हुई यह बारिश किसानों के लिए आफत की बारिश साबित हुई

**किसानों ने किया ओलावृष्टि का दावा:** शाहपुर क्षेत्र के बंभाडा निवासी किसान गणेश महाजन ने बताया कि देर रात हुई बारिश के साथ ओले भी गिरे। इस वजह से किसानों की गेहूं, मक्का, चना, और केली की खड़ी फसलों को काफी नुकसान हुआ है। किसानों ने शासन प्रशासन से बेमौसम बारिश से किसानों की जिन-जिन फसलों का नुकसान हुआ है, उसका सर्वे कराकर पीड़ित किसानों को उचित मुआवजा देने की मांग की।



**जिले में ओलवृष्टि नहीं अतिवृष्टि हुई:** इस मामले में बुरहानपुर कलेक्टर भव्या मित्तल ने मीडिया को बताया कि किसानों और कोटवारों से मिली जानकारी के अनुसार बुरहानपुर जिले में कहीं भी ओलवृष्टि नहीं हुई, लेकिन अतिवृष्टि जरूर हुई है। कलेक्टर ने बताया कि किसानों और कोटवारों से मिल रही जानकारी के अनुसार और राजस्व विभाग की पूरी टीम फील्ड पर है। अतिवृष्टि से कुछ फसलों में नुकसान की जानकारी मिली है। किसानों की सूचना पर पटवारियों व राजस्व विभाग की टीमों को फील्ड में भेजा गया है। प्रारंभिक रूप से नेपानगर और नावरा क्षेत्र में नेपानगर तहसील में ही गेहूं और मक्का में नुकसान की जानकारी मिली है।

### किसान संगठनों की मुआवजा देने की मांग

**मप्र** प्रगतिशील किसान संगठन के अध्यक्ष रघुनाथ पाटील ने बताया कि किसानों से जानकारी ली जा रही है कि कहां-कहां अतिवृष्टि और कहां-कहां पर ओलावृष्टि हुई है। हमने कलेक्टर साहब से बेमौसम बरसात से जिन-जिन किसानों की गेहूं चना, मक्का और तरबूज की फसल को नुकसान पहुंचा है। उनका सर्वे कराकर उचित मुआवजा देने की मांग की है। साथ ही किसान नेता रघुनाथ पाटील ने दोहराया कि इस बारिश में जिन-जिन किसानों का चना और गेहूं की फसल प्रभावित हुई है। उनकी उपज को भी समर्थन मूल्य पर लेने का आग्रह शासन प्रशासन से किया गया है। शिवपुरी जिले में अचानक मौसम में आए बदलाव के बीच बारिश और ओलावृष्टि से फसलों को नुकसान पहुंचा है।